THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-28 अंक : 207 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) आश्विन अमावस्या 2080 शनिवार, 14 अक्टूबर-2023

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

Depreciation Free Diwali
मोबाइल, इलेक्ट्रोनिक गेजेट्स या कार नहीं

खरीदो कोठी
10 लाख
Appreciation वाली

FIXED PRICE

KEDIA
सेजस्थान
KOTHI & WALK-UP APARTMENT
अजमेर रोड़, जयपुर

NO MIDDLE-MEN
DIRECT TO CUSTOMER

PROPOSED FIXED RATE & RENTAL

बड़ी-बड़ी कोठी बड़े-बड़े फ्लैट		आज की रेट	दिवाली बाद की रेट	पजेशन की रेट	पजेशन के बाद रेंटल
युनिट टाइप	साइज				POSSESSION DEC. 2025
2 BHK (GF) अपार्टमेंट	1350 Sq Ft	49.50 LACS	54 LACS	67.50 LACS	22,000
3 BHK (SF) अपार्टमेंट	1900 Sq Ft	55 LACS	60 LACS	75 LACS	25,000
3 BHK (FF) अपार्टमेंट	1900 Sq Ft	60.50 LACS	66 LACS	82.50 LACS	28,000
3 BHK BIG कोठी	2000 Sq Ft	66 LACS	72 LACS	90 LACS	30,000
4 BHK BIGGER कोठी	2325 Sq Ft	77 LACS	84 LACS	105 LACS	40,000
4 BHK BIGGEST कोठी	3200 Sq Ft	110 LACS	120 LACS	150 LACS	50,000

KEDIA®
1800-120-2323
info@kedia.com www.kedia.com
www.rera.rajasthan.gov.in | RERA No. RAJ/P/2023/2387

WALKTHROUGH QR CODE | DOWNLOAD BROCHURE | LOCATION QR CODE | ROUTE MAP | SITE TOUR 360 DEGREE

*T&C Apply

एलओसी के पास स्थापित होगी शिवाजी की प्रतिमा

पाकिस्तान की ओर होगा मुंह

मुंबई, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज पूरे देश का गौरव हैं। इन्हें देखकर न जाने कितने वीर-योद्धाओं ने प्रेरणा ली है। इसी को देखते हुए एक एनजीओ आम्ही पुणेकर (वी पुणेकर) ने भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा के पास शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करने का फैसला किया है। इसके पीछे मकसद यह सुनिश्चित करना है कि दुश्मनों से लड़ने वाले सैनिक छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा को देखकर उनके आदर्श और नैतिक मूल्यों से प्रेरित हों। एनजीओ की इस पहल के साथ अब महाराष्ट्र सरकार भी आ गई है। एनजीओ के साथ मिलकर महाराष्ट्र सरकार इस प्रतिमा की स्थापना करेगी। तलवार एवं प्रतिमा का मुख पाकिस्तान की तरफ रहेगा। जानकारी के मुताबिक, कश्मीर की किरेण और तंगधार-टिटवाल घाटियों में दो स्थानों पर नियंत्रण रेखा के पास छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। फिलहाल एनजीओ को कश्मीर के कुपवाड़ा में प्रतिमा स्थापित करने की अनुमति मिल गई है। प्रतिमा स्थापना कार्य के लिए भूमि पूजन मार्च के अंत तक होगा।

शिवाजी के पदचिह्नों से पवित्र हुए रायगढ़, तोराना, शिवनेरी, राजगढ़ और प्रतापगढ़ किलों की मिट्टी और पानी को भूमि पूजन के लिए कश्मीर ले जाया जाएगा। वहीं, छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रसिद्ध 'वाघ नख' के भी भारत आने का रास्ता साफ हो गया है। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री सुधीर मुनगंटीवार और उदय सामंत ने लंदन में स्थित विक्टोरिया और अल्बर्ट संग्रहालय के साथ वाघ नख को भारत लाने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर कर दिया है।

वायु सेना में जल्द शामिल होगी

स्वदेशी एयर टू एयर एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। वायु सेना के हथियार खजाने में इस साल के अंत तक स्वदेशी एयर टू एयर एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल शामिल हो जाएगी। इन मिसाइलों के थोक उत्पादन के लिए भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) को मंजूरी भी मिल गई है। हाल ही में तेजस विमान से भी इसका सफल परीक्षण किया गया था। भारतीय वायु सेना और नौसेना पहले से एस्ट्रा मिसाइल का इस्तेमाल कर रही हैं, लेकिन अब एस्ट्रा एमके-1 मिसाइलों को भारतीय वायु सेना के मिग-29, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट 'तेजस' और भारतीय नौसेना के मिग-29ए विमानों के साथ लैस किये जाने की योजना है। वायु सेना ने पहले ही इन मिसाइलों के लिए भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के साथ 2 अनुबंध कर रखे हैं। अब स्वदेशी एस्ट्रा एमके-1 बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल की क्षमता 100 किमी। से बढ़ा कर 160 किमी। कर दी गई है। साथ ही दोहरे पल्स रॉकेट मोटर की सहायता से 160 किमी। की विस्तारित सीमा के साथ एस्ट्रा एमके-2 को विकसित किया जाना है। भारतीय वायु सेना और नौसेना पहले से एस्ट्रा मिसाइल का इस्तेमाल कर रही हैं, लेकिन अब एस्ट्रा एमके-1 मिसाइलों को भारतीय वायु सेना के मिग-29, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट 'तेजस' और भारतीय नौसेना के मिग-29ए विमानों के साथ लैस किया जा रहा है। बीडीएल को स्वदेशी एयर टू एयर एस्ट्रा एमके-1 मिसाइलों के थोक उत्पादन की मंजूरी भी मिल गई है। हाल ही में तेजस विमान से भी इसका सफल परीक्षण किया गया था। वायु सेना के हथियार खजाने में इस साल के अंत तक स्वदेशी एयर टू एयर एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल शामिल हो जाएगी। वायु सेना एस्ट्रा एमके-2 का स्टेटिक फायर करके परीक्षण कर चुकी है। आने वाले वर्षों में एस्ट्रा एमके-1 और एमके-2 एयर टू एयर क्षेत्र में भारतीय वायु सेना का मुख्य हथियार होंगे। भारतीय वायु सेना के सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान पहले ही एस्ट्रा मिसाइलों के साथ एकीकृत है और इसका उत्पादन भारत डायनामिक्स लिमिटेड कर रही है। लद्दाख सीमा पर तनाव बढ़ने के बाद दोनों सेनाओं के लिए 248 स्वदेशी एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल खरीदने का ऑर्डर किया गया था। इसमें 200 मिसाइलें वायु सेना के लिए और 50 नौसेना के लिए थीं। बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर 50 मिसाइलों की पहली खेप भारतीय वायु सेना को अक्टूबर, 2020 में मिली थी।

यह मिसाइल इलेक्ट्रॉनिक काउंटर-काउंटरमेशर्स से लैस है, इसलिए दुश्मन के प्रयासों को नाकाम करके अपने ऑपरेशन को अंजाम देती है। एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल 3।6 मीटर (12 फीट) लंबी है और 4।5 मैक की गति तक अधिकतम 20 किमी। (66 हजार फीट) की ऊंचाई से संचालित हो सकती है। इसकी अधिकतम सीमा हेड-ऑन चेस मोड में 110 किमी। (68 मील) और टेल चेस मोड में 20 किमी। (12 मील) है।

प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को हाईकोर्ट से राहत नहीं

गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका खारिज

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने न्यूज़क्लिक के संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और इसके एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती द्वारा दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा द्वारा दर्ज यूएपीए मामले में उनकी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। जानकारी के लिए बता दें कि न्यूज क्लिक एक डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म है। जिसके ऊपर विदेशी फंडिंग का मामला दर्ज हुआ है। भारतीय जनता पार्टी ने चीन का साथ देकर भारत में माहौल खराब करने का आरोप लगाया था। स्पेशल सेल से पहले ईडी भी छापेमारी की कार्रवाई कर चुकी है। ईडी ने जानकारी दी थी कि न्यूज क्लिक को विदेशों से लगभग 38 करोड़ रुपये की फंडिंग हुई थी। जिसके बाद भाजपा ने आरोप लगाया था कि साल 2005 से 2014 के बीच कांग्रेस को भी चीन से बहुत सारा पैसा मिला। इतना ही नहीं द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में भी बताया गया था कि न्यूज क्लिक को विदेशी फंडिंग से 38 करोड़ मिले थे। यह पैसा कुछ जर्नलिस्ट में शेयर हुआ था।

इससे पहले बीती 22 अगस्त को दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की ओर से दायर की गई एक याचिका पर न्यूज क्लिक के सीईओ प्रबीर पुरकायस्थ को नोटिस जारी किया था। जिसमें अपने अंतरिम आदेश को हटाने का निर्देश देने की मांग की गई थी। जिसमें जांच एजेंसी को कोई भी जबरदस्ती न करने के लिए कहा गया था। इस मीडिया पोर्टल के खिलाफ कार्रवाई होईकोर्ट ने 7 जुलाई 2021 को एक आदेश पारित कर कहा था कि प्रबीर पुरकायस्थ को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। हालांकि, यह भी कहा कि जांच अधिकारी द्वारा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें जांच में सहयोग करना होगा।

शरद पवार की अजित पवार को लेकर की गई भविष्यवाणी से एनसीपी के दोनों गुट आमने-सामने

मुंबई, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। एनसीपी प्रमुख शरद पवार की ओर से अजित पवार को लेकर की गई भविष्यवाणी ने एनसीपी के दोनों गुटों को आमने-सामने खड़ा कर दिया है। एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने पुणे में अपने बयान में कहा था कि अजित पवार अगर सीएम बने तो उनके गले में पहला हार मैं खुद डालूंगी। सुप्रिया के बयान पर अकोला में जब शरद पवार से उनकी प्रतिक्रिया पत्रकारों ने जानी तो सीनियर पवार ने कहा अजित पवार का सीएम बनने का सपना, सपना ही रहेगा, पूरा नहीं होगा। पवार के बयान के बाद अजित पवार समर्थक की ओर से भी जवाब देने में देरी नहीं की गई। अजित पवार समर्थक विधायक अमोल मिटकारी ने कहा, शरद पवार को लेकर राजनीतिक विश्लेषक कहते हैं कि पवार साहब जो बोलते हैं उसका बिलकुल उल्टा होता है।उसी तर्ज पर ये बयान हम ले रहे हैं। अजित पवार गुट की महिला विंग की अध्यक्ष रूपाली चाकनकार ने सुप्रिया सुले के बयान पर कहा कि सुप्रिया सुले आशावादी हैं, इसलिए उन्होंने ये बात कही है।

क्या अजीत पवार बनेंगे सीएम ?

एकनाथ शिंदे सरकार का हिस्सा बनाने के बाद से ही महाराष्ट्र के सियासी गलियारों में इस बात की हवा उड़ती रही है कि अगर शिंदे सहित 16 विधायक अयोग्य करार दिए जाते हैं तो अजित पवार को मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। हालांकि आधिकारिक तौर पर शिंदे सरकार में उपमुख्यमंत्री और बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस कई बार सार्वजनिक मंच से कह चुके हैं कि 2024 तक एकनाथ शिंदे ही महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। अजित पवार के मुख्यमंत्री बनने के संबंध में कोई चर्चा बीजेपी ने नहीं की है। आपको बता दें कि शिंदे सरकार में 106 विधायकों के साथ बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी है। जबकि शिंदे के साथ 50 विधायक और अजित पवार के साथ 43 विधायक हैं।

'इसकी वजह से आगे और समस्याएं पैदा होंगी'

देशभर में शराब की बिक्री पर लगे रोक वाली याचिका पर जानें सुप्रीम कोर्ट ने ये क्यों कहा

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। देशभर में शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली बेंच ने सुनवाई से इंकार करते हुए कहा कि शराब बिक्री पर रोक का आदेश देना लोगों पर राज्य का अधिक नियंत्रण देना होगा। इसकी वजह से आगे और समस्याएं पैदा होंगी। वहीं याचिकाकर्ता डॉक्टर की ओर से कहा गया कि युवा बहुत अधिक शराब पी रहे हैं। एक अध्ययन के मुताबिक, शराब की खपत लगातार बड़ी है। जस्टिस कौल ने कहा कि आपके मुताबिक बहुत ज्यादा शराब पी रहा है जबकि लोगों की तरफ से यही दलील होगी कि यह बहुत ज्यादा नहीं है। उन्होंने कहा आप चाहते हैं कि लोग शराब एक लिमिट में पिए और राज्य इसे नियंत्रित करें, ये सब नियंत्रित करना राज्य का काम नहीं है। आपको बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल भी उस जनहित याचिका पर विचार करने से इंकार कर दिया था, जिसमें शराब की रोकथाम के लिए एक राष्ट्रीय नीति की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता ने कहा था कि जहां कुछ राज्यों ने शराब पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है, वहीं अन्य ने इसकी बिक्री को प्रोत्साहित किया है।

पश्चिमी दिल्ली की प्लास्टिक फैक्टरी में आग कोई हताहत नहीं

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। पश्चिमी दिल्ली के उद्योग नगर इलाके में शुक्रवार को सुबह प्लास्टिक की एक फैक्टरी में मामूली आग लग गई। दमकल अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आग से किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। दिल्ली दमकल सेवा के अधिकारियों ने बताया कि उद्योग नगर मेट्रो स्टेशन के निकट स्थित फैक्टरी में सुबह छह बजे आग लगी। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर दमकल के कम से कम 26 वाहनों को आग बुझाने के लिए रवाना किया गया और उन्होंने चार घंटों में आग पर काबू पाया। अधिकारियों के मुताबिक, "इमारत की पहली मंजिल पर आग लगी और जल्द ही दूसरी मंजिल पर भी फैल गई। मजदूर और अन्य कर्मचारी समय पर इमारत से बाहर निकल गए।" पुलिस को संदेह है कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है।

यहूदी वर्षों से भारत में रहते हैं

उनके साथ भारत का भाईचारा का व्यवहार है: दत्तात्रेय होसबले

वडोदरा, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले ने मांजलपुर में कहा कि भारत में यहूदी वर्षों से रहते हैं, उनके साथ भारत के लोगों का भाईचारा का व्यवहार है। भारत ने सिर्फ बातों से नहीं, सही मायने में वसुधैव कुटुंबकम को व्यवहार से साबित किया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले की मौजूदगी में गुरुवार को मांजलपुर के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में महानगर वस्ती संगम का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आरएसएस के सरकार्यवाह ने जी-20 सम्मेलन की चर्चा कर कहा कि भारत ने विश्व मंच पर वसुधैव कुटुंबकम का ही संदेश दिया है। भारत सिर्फ भारत के लिए जीना नहीं जानता है, भारत एक नियति है, जो वैश्विक भूमिका है। हाल दिल्ली में जी-20 का सम्मेलन आयोजित हुआ है, जिसमें विश्व के देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इसमें भी भारत ने वसुधैव कुटुंबकम का संदेश दिया है। होसबले ने सवालिया लहजे में कहा कि क्या संदेश देना ही भारत का काम है? नहीं, भारत ने विश्व मंगल के लिए, मानवता की सेवा करने का प्रयत्न भी किया है।

सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत बढ़ी

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत के समक्ष पेश हुए

चेन्नई, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। चेन्नई की सत्र न्यायालय ने गिरफ्तार तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत 20 अक्तूबर तक बढ़ा दी है। बालाजी पुझल जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत के समझ पेश हुए। तमिलनाडु मंत्री सेंथिल बालाजी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नौकरी के बदले नकदी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 14 जून को गिरफ्तारी किया था। गिरफ्तारी के तुरंत बाद एक निजी अस्पताल में उनकी बाईपास सर्जरी की गई। इलाज के बाद ईडी ने उन्हें हिरासत में ले लिया था और पूछताछ पूरी होने तक स्थानीय अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। ईडी ने बालाजी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

कैब चालक की घसीटकर हत्या का मामला

कोर्ट ने दोनों आरोपियों को पांच दिन की रिमांड पर भेजा, पुलिस करेगी पूछताछ

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। पटियाला हाउस कोर्ट ने वसंत कुंज नॉर्थ थाना पुलिस को महिपालपुर इलाके में कैब चालक की हत्या करने वाले दोनो आरोपियों को पांच दिन की रिमांड दी है। अब वसंत कुंज थाना पुलिस आरोपियों से मामले को लेकर पूछताछ करेगी।

दाऊद इब्राहिम के भाई संग थी सौरभ चंद्राकर की पार्टनरशिप

पाक में लॉन्च करने वाला था सट्टेबाजी ऐप

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले में एक बड़ा खुलासा सामने आया है। इस मामले का प्रमुख आरोपी सौरभ चंद्राकर अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के भाई मुस्तकीम इब्राहिम के साथ मिलकर पाकिस्तान में एक सट्टेबाजी ऐप खोलने की तैयारी में था। सौरभ चंद्राकर का कनेक्शन सीधे अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के साथ पाया गया है। दुबई में अभी भी सौरभ की मदद दाऊद का अंडरवर्ल्ड गैंग कर रहा है। इसी वजह से जब गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने पैसे की उगाही करने की कोशिश की थी, तो सौरभ ने उसे धमकाया था। जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच से पता चला है कि महादेव सट्टेबाजी ऐप के सरगनाओं सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल की गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के भाई मुश्तकीम इब्राहिम कास्कर से गहरी सांठगांठ है। इब्राहिम कास्कर के संरक्षण में ही पाकिस्तान में 'खेलोयार' नाम का एक और ऐप चलाया जा रहा है। सूत्रों ने कहा कि कास्कर ने चंद्राकर को अपने निजी रूप से भरोसेमंद सुरक्षा गार्ड और 20 से 30 बाउंसर दिए थे। बताया गया कि चंद्राकर के पास चार से पांच लक्जरी कारों और एसयूवी का बेड़ा है और वह संयुक्त अरब अमीरात और अन्य स्थानों पर कड़ी सुरक्षा के बीच घूम रहा है। चंद्राकर को खुद बुलेटप्रूफ रोल्स रॉयस कार उपलब्ध कराई गई है। भारतीय एजेंसियों की जांच के डर से चंद्राकर जिन जगहों पर पार्टी या मीटिंग के लिए जाता है, उनके आने से पहले ही उन जगहों की स्कैनिंग और सैनिटाइजेशन किया जा रहा है। सूत्रों ने कहा कि चूंकि चंद्राकर महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले में ईडी की जांच के दायरे में हैं, इसलिए वह सार्वजनिक रूप से कम ही नजर आ रहा है। उसकी ज्यादातर बैठकें चुनिंदा सुइट्स, निजी आवासों या रिसॉर्ट्स में निजी तौर पर होती हैं। पाकिस्तान में 'खेलॉयर' महादेव ऐप की तरह ही एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है। जिसमें कई गेम हैं। जिन पर पाकिस्तानी रुपये में दांव लगाकर जीता जा सकता है। खेलोयार ऐप इब्राहिम कास्कर के सहयोगी द्वारा चलाया जाता है, जो पाकिस्तान के सिंध प्रांत से है। इसके संचालन में चंद्राकर और उप्पल शामिल हैं।

ईडी की नजर दाऊद गैंग पर

ईडी की जांच में पता चला कि महादेव सट्टेबाजी ऐप अवैध रूप से 60 से अधिक सट्टेबाजी गेमिंग ऐप और साइटें चलाता है। सूत्रों के मुताबिक इब्राहिम कास्कर के पास दुबई का रेजिडेंट वीजा है। जिसके बारे में कहा जाता है कि उसने 1997 में पाकिस्तान द्वारा जारी पासपोर्ट का उपयोग करके इसे हासिल किया था। कास्कर 1986 में अपने भाई दाऊद इब्राहिम और अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भारत से भाग गया था। तब से वह संयुक्त अरब अमीरात, पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच घूमता रहा है। दाऊद इब्राहिम के छह भाई हैं, जिनमें से तीन नूरा, हुमायूं और साबिर की मौत हो चुकी है। बाकी तीन भाई- अनीस, इकबाल और इब्राहिम कास्कर-जीवित हैं। इकबाल भारत में रहता है, वहीं अनीस और कास्कर दाऊद इब्राहिम के साथ कराची में रहते हैं।

बारामुला-हंदवाड़ा राजमार्ग पर संदिग्ध वस्तु बरामद

यातायात रोका, बम निरोधक दस्ता मौके पर

जम्मू, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। कश्मीरउत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में बारामुला-हंदवाड़ा राजमार्ग पर सेना की रोड ओपनिंग पार्टी (आरओपी) को संदिग्ध वस्तु बरामद हुई है। इसके चलते मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात रोक दिया गया है। इसके बाद तत्काल बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया गया है। दस्ता वस्तु की जांच में जुटा हुआ है। बारामुला में लश्कर का आतंकी मददगार, -दो हथगोले और 40 हजार नकद बरामद इससे पहले मंगलवार को उत्तरी कश्मीर के बारामुला में सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-ताइबा के आतंकी मददगार को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से दो हथगोले और गोला-बारूद बरामद किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बारामुला के उशकारा क्षेत्र में मंगलवार की रात आतंकी गतिविधियों की सूचना पर संयुक्त नाका लगाया गया था। चेकिंग के दौरान नाका की ओर पैदल आ रहे एक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधि देखी गई। पुलिस पार्टी और सुरक्षाबलों को देखकर संदिग्ध व्यक्ति ने मौके से भागने की कोशिश की लेकिन सतर्क नाका पार्टी ने उसे पकड़ लिया। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान उसकी पहचान मुदस्सिर अहमद भट निवासी उशकारा बारामुला के रूप में हुई। प्रवक्ता ने बताया कि उसकी तलाशी के दौरान 2 हथगोले और 40 हज़ार रुपये की नकदी भी उसके कब्जे से बरामद हुई। गौरतलब है कि इस संबंध में पीएस बारामुला में यूए(पी) और आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवा के लिए पंजाब सरकार का बड़ा फैसला

पटियाला, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। पंजाब में भगवंत मान सरकार लगातार हर क्षेत्र में बड़े कदम उठा रही है। शिक्षा, रोजगार, ऊर्जा, स्वास्थ्य हर क्षेत्र को बेहतर करने के लिए आम आदमी पार्टी की सरकार बड़े कदम उठा रही है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भगवंत मान सरकार ऐसा कदम उठाने जा रही है जिससे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके। प्रदेश की सरकार मां और बच्चों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के लिए मिडवाइफरी केयर यूनिट की स्थापना करने जा रही है। पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉक्टर बलबीर सिंह ने कहा कि सामान्य प्रसव को बढ़ावा देने के लिए इस एमएलसीयू की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सिजेरियन के लिए 10-15 फीसदी आदर्श प्रसव बताया है। जोकि फिलहाल अच्छी दर है। पटियाला के कौशल्या अस्पताल में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर इसकी शुरुआत होगी।

कर्नाटक: कांग्रेस के पूर्व नेता के घर

मिलीं नोटों की इतनी गड्डियां कि आयकर विभाग के अधिकारी भी चौंक गए

बेंगलुरु, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में आयकर विभाग ने गुरुवार देर रात एक पूर्व कांग्रेसी नेता के घर छापा मारा। इस छापे में आईटी विभाग की टीम को जो कुछ मिला, उसे देखकर वह खुद भी चौंक गए। जानकारी के अनुसार, बेंगलुरु के आरटी नगर इलाके में गुरुवार देर रात रेड हुई। यह छापा कांग्रेस की पूर्व कॉरपोरेटर अश्वतम्मा और उनके एक रिश्तेदार के घर पर पड़ा। यहां जब टीम पहुंची तो रिश्तेदार के घर से कार्टन बॉक्स के अंदर नोटों के कई बंडल रखे हुए मिले। इन्हें देखकर आयकर विभाग के अधिकारियों के भी होश उड़ गए। फ़िलहाल रेड अभी भी जारी है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को आयकर विभाग ने कर चोरी को लेकर बेंगलुरु में कई जगहों पर छापेमारी की थी। इसी दौरान उन्हें यह रकम बरामद हुई।

14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे 32 आरोपी दो को पुलिस रिमांड

कुल्लू, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। कुल्लू जिले की पार्वती घाटी में नशे के किले पर हुई पुलिस की चढ़ाई में पकड़े 34 लोगों को मनाली कोर्ट में पेश किया गया। जहां 32 आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत और दो को पुलिस रिमांड में भेजा गया है। नशे का असली सौदागर कौन है, पुलिस अब इसका भी पता लगाने में जुट गई है। पार्वती घाटी में नशे के खिलाफ हुई कुल्लू पुलिस की सर्जिकल स्ट्राइक में छह मामले दर्ज किए गए हैं। इनमे पांच किलो 719 ग्राम चरस और 110 किलो से अधिक भांग का बीज पकड़ा गया है।

राज्यपाल ने कुलपतियों की नियुक्ति पर बातचीत के लिए ममता बनर्जी को आमंत्रित किया

कोलकाता, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखकर राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति पर बातचीत के लिए उन्हें राजभवन आमंत्रित किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उच्चतम न्यायालय द्वारा पश्चिम बंगाल में राज्य संचालित विश्वविद्यालयों के नव नियुक्त अंतरिम कुलपतियों के भत्तों पर रोक लगाने और राज्यपाल को मुख्यमंत्री के साथ बातचीत करने के लिए कहने के बाद बोस ने कुलपतियों की नियुक्ति पर गतिरोध दूर करने के लिए ममता बनर्जी को यह पत्र लिखा है। अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, "राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर, राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति पर एक बैठक के लिए उन्हें राजभवन आमंत्रित किया है।" उन्होंने कहा कि राज्यपाल का कार्यालय "मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जल्द जवाब मिलने की उम्मीद कर रहा है।" उच्चतम न्यायालय ने छह अक्टूबर को पश्चिम बंगाल में सरकारी विश्वविद्यालयों के नवनियुक्त अंतरिम कुलपतियों के भत्तों पर रोक लगा दी और राज्यपाल सी वी आनंद बोस से कहा था कि वह कुलपतियों की नियुक्ति से संबंधित गतिरोध को हल करने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ कॉफी पीते हुए चर्चा करें। शीर्ष अदालत ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों और लाखों छात्रों के भविष्य के हित में राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच सुलह की आवश्यकता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा था कि अगस्त में नियुक्त अंतरिम कुलपतियों के भत्तों पर रोक उनकी नियुक्ति की राज्यपाल की कार्रवाई के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका लंबित होने तक जारी रहेगी। राज्यपाल राज्य विश्वविद्यालयों के पदेन कुलाधिपति होते हैं। शीर्ष अदालत कलकत्ता उच्च न्यायालय के 28 जून के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की अपील पर सुनवाई कर रही थी। राज्य के विश्वविद्यालयों को कैसे चलाया जाए, इसे लेकर ममता बनर्जी सरकार और राज्यपाल के बीच खींचतान चल रही है।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-28 अंक : 207 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) आश्विन अमावस्या 2080 शनिवार, 14 अक्टूबर-2023

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

पी-20 समिट संसदीय प्रथाओं का महाकुंभ : मोदी

> आतंकवाद की परिभाषा को लेकर सहमति न बन पाना दुखद > कनाडा की स्पीकर नहीं आईं

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली में 9वें जी-20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन (पी-20) का उद्घाटन किया। इसकी थीम 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसद' रखी गई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, पी-20 समिट, उस भारत-भूमि पर हो रही है, जो मदर ऑफ डेमोक्रेसी है।

यह समिट एक प्रकार से दुनिया भर की संसदीय प्रथाओं का महाकुंभ है। कार्यक्रम में 25 देशों के प्रिजाइडिंग ऑफिसर और जी-20 सदस्य देशों के 10 डिप्टी स्पीकर शामिल हुए। हालांकि, खालिस्तान विवाद के बीच कनाडा की स्पीकर रेमोंडे गैग्रे कार्यक्रम में नहीं आईं। प्रधानमंत्री ने कहा, आतंकवाद को लेकर हम सभी को सख्ती बरतनी होगी। आतंकवाद की परिभाषा को लेकर आम सहमति ना बन पाना बहुत दुखद है। आज भी यूएन इसका इंतजार कर रहा है। दुनिया के इसी रवैया का फायदा मानवता के दुश्मन उठा रहे हैं। दुनिया भर के प्रतिनिधियों को सोचना होगा की आतंकवाद के खिलाफ हम कैसे काम कर सकते हैं।

मोदी ने भारत की संसद पर हमले का जिक्र किया :

मोदी ने कहा, करीब 20 साल पहले आतंकवादियों ने हमारी संसद को निशाना बनाया था। उस समय संसद का सत्र चल रहा था और आतंकवादियों की मंशा सांसदों को खत्म करने की थी। दुनिया को भी एहसास हो रहा है कि

आतंकवाद दुनिया के लिए कितनी बड़ी चुनौती है। आतंकवाद जहां भी होता, किसी भी कारण, किसी भी रूप में होता वह मानवता के विरूद्ध होता है।

समिट शक्ति के जश्न मनाने का माध्यम :

प्रधानमंत्री ने कहा, भारत चंद्रमा पर उतरा। भारत ने जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलतापूर्वक मेजबानी की। आज हम पी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे हैं। यह शिखर सम्मेलन शक्ति का जश्न मनाने का भी एक माध्यम है। भारत आज हर सेक्टर में विमेन पार्टिसिपेशन को बढ़ावा दे रहा है। हमारी संसद द्वारा लिया गया हाल का फैसला, हमारी संसदीय परंपरा को और समृद्ध करेगा।

भारत में चुनाव सबसे बड़ा पर्व :

प्रधानमंत्री ने कहा, भारत में हम लोग आम चुनाव को सबसे बड़ा पर्व मानते हैं। 1947 में आजादी मिलने के बाद से अब तक भारत में 17 आम चुनाव और 300 से अधिक विधानसभा चुनाव हो चुके हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव ही नहीं कराता, बल्कि इसमें लोगों की भागीदारी भी बढ़ रही है। देशवासियों ने मेरी पार्टी को लगातार दूसरी बार विजयी बनाया है।

हमारा संसदीय प्रक्रियाओं में अटूट भरोसा :

मोदी ने कहा, 2019 का आम चुनाव मानव इतिहास की सबसे बड़ी कसरत थी। इसमें 60 करोड़ वोटर्स ने हिस्सा लिया। तब भारत में 91 करोड़ पंजीकृत मतदाता थे, जो पूरे यूरोप की कुल आबादी से अधिक है। यह दिखाता है कि भारत में लोगों का संसदीय प्रक्रियाओं में कितना भरोसा है।

समिट में आए प्रतिनिधि भारत का चुनाव देखें :

पीएम मोदी ने कहा, अगले साल भारत में फिर एक बार आम चुनाव होने जा रहा है। मैं पी-20 शिखर सम्मेलन में आए आप सभी प्रतिनिधियों को अगले साल होने वाले आम चुनाव को देखने के लिए अग्रिम निमंत्रण देता हूं। भारत को आपकी फिर से मेजबानी करने में बहुत खुशी होगी।

आंध्र पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट को दी जानकारी

चंद्रबाबू की 18 अक्टूबर तक नहीं होगी गिरफ्तारी

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश पुलिस ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि वह फाइबरनेट मामले में तेदेपा प्रमुख एन चंद्रबाबू नायुडू को 18 अक्टूबर तक गिरफ्तार नहीं करेगी, क्योंकि कौशल विकास निगम घोटाले से संबंधित मामला शीर्ष अदालत में लंबित है।

आंध्र प्रदेश सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी पेश हुए। उन्होंने न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ को बताया कि राज्य निचली अदालत से मामले में स्टे का अनुरोध करेगा, जहां नायुडू को 16 अक्टूबर को पेश किया जाना है। निचली अदालत ने पेशी वारंट जारी किया है और राज्य पुलिस से नायुडू को 16 अक्टूबर को पेश करने को कहा है। पीठ ने नायुडू की उस नई याचिका पर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया, जिसमें आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने उच्च न्यायालय के नौ अक्टूबर के आदेश को चुनौती दी है। उच्च न्यायालय ने फाइबरनेट मामले में उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। नायुडू ने अपनी याचिका में कहा है कि उन्हें 16 अक्टूबर को अदालत में पेश किए जाने के बाद गिरफ्तारी की संभावना है। फाइबरनेट मामला एपी फाइबरनेट परियोजना के पहले चरण के तहत एक पसंदीदा कंपनी को 330 करोड़ रुपये का वर्क ऑर्डर आवंटित करने में कथित टेंडर हेरफेर से जुड़ा है।

विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को झटका पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पोन्नाला ने पार्टी छोड़ी

हैदराबाद, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। तेलंगाना में 30 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। ऐसे समय जब चुनाव की तैयारी आखिरी चरण में है, तेलंगाना कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। दरअसल तेलंगाना कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पोन्नाला लक्ष्मैया ने पार्टी छोड़ने का एलान कर दिया है। लक्ष्मैया ने ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अपना इस्तीफा भेजा है, जिसमें पार्टी नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पोन्नाला ने अपने इस्तीफे में लिखा कि वह अन्यायपूर्ण माहौल में काम नहीं कर पाएंगे। पोन्नाला लक्ष्मैया ने अपने इस्तीफे में लिखा कि जब राज्य के अन्य पिछड़ा वर्ग के 50 नेता दिल्ली में पार्टी नेतृत्व से मुलाकात करने गए थे तो पार्टी के शीर्ष नेता उनसे मिले ही नहीं। यह उस राज्य के लिए अपमान की बात है जो अपने आत्मसम्मान पर गर्व करता है।

सांसद संजय सिंह की ज्यूडिशियल कस्टडी 27 अक्टूबर तक बढ़ी

कोर्ट से निकलते ही कहा-मोदी इंडिया नहीं अडाणी के पीएम, उनकी जांच कब होगी

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली शराब नीति केस में आप सांसद संजय सिंह की न्यायिक हिरासत राउज एवेन्यू कोर्ट ने 14 दिन के लिए बढ़ा दी है। अब वे 27 अक्टूबर तक ज्यूडिशियल कस्टडी में रहेंगे। जज एम के नागपाल ने शुक्रवार को सिंह से कहा, कोर्ट परिसर में ऐसे मामलों का जिक्र न करें, जो केस से जुड़े न हों।

सुनवाई खत्म होते ही संजय सिंह जैसे ही कोर्ट से बाहर आए मीडिया से कहा, मोदी जी इंडिया के नहीं, अडाणी के प्रधानमंत्री हैं। अडाणी के घोटालों की जांच कब होगी। इससे पहले 10 अक्टूबर को हुई सुनवाई के दौरान भी कोर्ट ने संजय सिंह से मीडिया से बातचीत न करने की नसीहत दी थी। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में 4 अक्टूबर को करीब 10 घंटे की छापेमारी के बाद संजय सिंह को गिरफ्तार किया था। 5 अक्टूबर को उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से कोर्ट ने उन्हें 10 अक्टूबर तक की रिमांड पर भेज दिया था। बाद में तीन दिन और रिमांड बढ़ा दी गई। संजय सिंह ने दिल्ली शराब घोटाला मामले में अपनी गिरफ्तारी और ट्रायल कोर्ट द्वारा दी गई रिमांड को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

जांच एजेंसी ने कोर्ट को बताया कि संजय सिंह के खिलाफ घूस मांगने के सबूत हैं। वे हिरासत में सवालों के सही जवाब नहीं दे रहे। जांच में भी सहयोग नहीं कर रहे। जब उनसे फोन के डेटा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसके बाद कोर्ट ने ईडी की मांग पर संजय सिंह की रिमांड अवधि 13 अक्टूबर तक बढ़ा दी। रिमांड बढ़ाते हुए कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि, ईडी अदालत को बिना बताए संजय सिंह को कहीं नहीं ले जा सकती। दरअसल आप का आरोप था जांच एजेंसी संजय को दो बार किसी अनजान जगह ले गई थी। तब संजय ने सवाल किया था कि, उनका एनकाउंटर हो गया तो कौन जिम्मेदार होगा।

नारा लोकेश ने जेल में बंद पिता की जान को बताया खतरा

अमरावती, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के महासचिव नारा लोकेश ने अपने पिता की जान को खतरा बताया है। उन्होंने आंध्र प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया है कि अगर भ्रष्टाचार मामले में जेल में बंद आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायुडू को कुछ भी होता है तो उसके जिम्मेदार सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी होंगे। नारा लोकेश ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा, पूर्व सीएम और टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायुडू के जीवन को खतरा है।

उन्हें जानबूझकर नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उनकी सुरक्षा निस्संदेह खतरे में है। वह बहुत बुरे हालातों में रह रहे हैं। उनका वजन लगातार कम हो रहा है। दूषित पानी, मच्छरों, वजन घटने, संक्रमण और एलर्जी से निपटने के लिए उन्हें चिकित्सा सहायता नहीं दी जा रही है। लोकेश ने वर्तमान मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी से अपने पिता को खतरा बताया।

26 वीक प्रेग्नेंसी टर्मिनेशन केस

सुप्रीम कोर्ट बोला-एम्स भ्रूण को बचाने का तरीका बताए

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। 26 हफ्ते की प्रेग्नेंसी को मेडिकली अबॉर्ट करने के केस में शुक्रवार 13 अक्टूबर को लगातार 5वें दिन सुनवाई हुई। दलीलें सुनने के बाद चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने निर्देश दिया कि एम्स के डॉक्टर्स का बोर्ड महिला की मानसिक और शारीरिक जांच करके उसकी मनोविकृत्ति का पता लगाए।

सीजेआई ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता महिला को दोपहर 2 बजे बोर्ड के सामने पेश होना होगा। इसके बाद बोर्ड रिपोर्ट बनाए कि महिला को दी जा रही डिप्रेशन की दवाओं से भ्रूण को कैसे बचाया जा सकता है। मामले की अगली सुनवाई 16 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे होगी। इसी दिन एम्स बोर्ड को यह रिपोर्ट सीजेआई की बेंच में रखनी होगी।

12 अक्टूबर को सीजेआई की बेंच ने याचिकाकर्ता महिला के वकील से पूछा था कि 26 सप्ताह तक इंतजार करने के बाद, क्या वह कुछ दिन और इंतजार नहीं कर सकती। साथ ही एएसजी ऐश्वर्या भाटी और महिला की वकील को इस संबंध में उससे बात करने भी कहा था।

संसद ने एक कानून बनाया है, जो प्रो लाइफ और प्रो चॉइस को बैलेंस करता है। इसे ध्यान में रखते हुए 24 वीक का कट ऑफ लगाया है। लेकिन हमारा कानून प्रो चॉइस है। अगर आपको किसी महिला की जान बचानी है तो आप प्रेग्नेंसी खत्म कर सकते हैं। हमारा कानून में महिला के जीवन को सर्वोपरि रखा है। जैसा कि आयरलैंड में हुआ था जब एक महिला की मौत सिर्फ इसलिए हुई थी क्योंकि वह गर्भपात नहीं करा सकी और फिर आयरिश कानून में संशोधन किया गया।



20 पुलिसवालों समेत 24 को 10-10 साल की सजा

रामपुर कोर्ट ने नक्सलियों को सरकारी हथियार सप्लाई करने के मामले में दिया फैसला

रामपुर, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। यूपी के बहुचर्चित कारतूस कांड में रामपुर कोर्ट ने 20 पुलिसवालों समेत 24 दोषियों को 10-10 साल की सजा सुनाई है। शुक्रवार को सजा सुनाते वक्त रामपुर कोर्ट के स्पेशल जज विजय कुमार ने सभी दोषियों पर 10-10 हजार का जुर्माना भी लगाया है। 2010 यानी 13 साल पुराने इस मामले में गुरुवार को कोर्ट ने 24 को दोषी ठहराया था।

शुक्रवार सुबह सभी दोषियों को कड़ी सुरक्षा में कोर्ट लाया गया था। इस दौरान कोई बैग से तो कोई रुमाल से मुंह छिपाए था। हाथ में हथकड़ी लगी थी। कारतूस कांड में पुलिस ने 25 पुलिसवालों को आरोपी बनाया था। इनमें एक आरोपी पीएसी के रिटायर्ड दरोगा यशोदानंदन की मौत हो चुकी है। यह पूरा मामला सरकारी हथियारों की सप्लाई नक्सलियों को करने से जुड़ा हुआ था।

कारतूस कांड 2010 का है। एसटीएफ को प्रदेश के कई जिलों से सरकारी ऑर्म्स के सौदे का इनपुट मिला। इसके बाद 26 अप्रैल 2010 को सटीक सूचना के बाद एसटीएफ ने रामपुर के ज्वालानगर में रेलवे क्रासिंग के पास से मुख्य आरोपी पीएसी के रिटायर्ड दरोगा यशोदानंदन को अरेस्ट किया। इसके साथ ही सीआरपीएफ के विनोद पासवान और विनेश कुमार को भी पकड़ा। एसटीएफ ने इन तीनों के पास से ढाई क्विंटल खोखा कारतूस और 1.76 लाख रुपए बरामद किया। साथ ही 12 बोरों में हथियारों के साथ ही इम्यूनिशन जब्त किया। इनमें इंसास राइफल भी शामिल थी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (एडीसी) क्रिमिनल प्रताप कुमार मौर्य के मुताबिक, छापेमारी के दौरान यशोदानंदन के पास से एक डायरी मिली। इनमें पुलिस और पीएसी के आर्मरर के नाम और नंबर लिखे थे। आर्मरर का काम फोर्स में हथियारों का हिसाब-किताब और देखरेख करना होता है।

एसटीएफ ने तीनों से सख्ती से पूछताछ की तो जांच में कई और जिलों में तैनात आर्मरर के नाम सामने आए। वह यशोदानंदन को इम्यूनिशन की सप्लाई करते थे। इसके अलावा, यशोदानंदन के पास से मिली एक डायरी की भी मदद ली गई। फिर तीनों आरोपियों की निशानदेही पर बस्ती, गोंडा और वाराणसी समेत कई जिलों से पुलिस और पीएसी के आर्मोरर को गिरफ्तार किया।

2010 में दाखिल हुई थी चार्जशीट

इसके बाद इन सभी को बी-वारंट पर रामपुर लाया गया। पूरे मामले की तफ्तीश के बाद पुलिस ने 27 जुलाई 2010 को मामले की चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। इसके मुताबिक, मास्टरमाइंड यशोदानंद पुलिस-पीएसी और सीआरपीएफ में फायरिंग अभ्यास के बाद निकलने वाले खोखा कारतूस को खरीदता था। इसके लिए वह फोर्स के आर्मरर के साथ कनेक्ट रहता था। आर्मरर से खोखा खरीदकर यशोदानंदन के नक्सलियों तक सप्लाई की बात सामने आई थी। सिर्फ यही नहीं, बिहार के मुंगेर में भी खाली खोखो की सप्लाई की जाती रही है। पुलिस जांच में पता चला कि यह पूरा गैंग की तरह काम होता था। इसमें सरकारी हथियारों को नक्सलियों से लेकर अवैध असलहे बनाने वालों तक पहुंचाया जाता था।

रामपुर जिले के तब के SP रमित शर्मा थे, जो इस समय प्रयागराज में कमिश्नर हैं। जांच के बाद यूपी और बिहार से गिरफ्तारियां की गईं। चार्जशीट दाखिल होने के तीन साल बाद 31 मई 2013 को कोर्ट ने सभी 25 आरोपियों पर आरोप तय कर दिए। मामले में इसी 4 अक्टूबर को बहस पूरी हो गई थी।

बताया जाता है कि छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में सीआरपीएफ कर्मियों पर नक्सलियों पर हमला हुआ था। इसके बाद लखनऊ एसटीएफ को इनपुट मिला था कि पुलिस और सीआरपीएफ को दिए जाने वाले कारतूसों को बेचा जा रहा है। इसके बाद ही यूपी एसटीएफ ने इस मामले में जांच शुरू की थी, जो कि कारतूस कांड तक पहुंची। यह पूरा मामला उस वक्त मीडिया में कारतूस कांड के नाम से सुर्खियों में रहा है। एडीसी प्रताप सिंह मौर्य ने बताया कि मामले में 25 लोगों पर आरोप पत्र दाखिल हुआ था। मुख्य आरोपी की मौत हो चुकी है। जिन 20 पुलिस वालों को सजा सुनाई गई है। उनमें 6 लोग रिटायर हो चुके हैं। 14 लोग अभी भी नौकरी पर थे।

सरकारी शस्त्रागारों से निकले कारतूस कहां जाते हैं, कैसे जाते हैं। पुलिस ने इसकी जांच की। इस दौरान यशोदानंद की डायरी, उसके बैंक ट्रांजेक्शन की जांच की गई। इसके बाद कड़ी से कड़ी मिली और बड़ी संख्या में पुलिस वाले गिरफ्तार हुए।

इलाहाबाद हाई कोर्ट की टिप्पणी

बालिग जोड़े को साथ रहने का अधिकार; नहीं कर सकता है कोई हस्तक्षेप

प्रयागराज, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि बालिग जोड़े को अपनी मर्जी से एक साथ रहने का अधिकार है। किसी को भी उनके शांतिपूर्ण जीवन में हस्तक्षेप करने या उन्हें धमकाने का अधिकार नहीं है। यदि कोई हस्तक्षेप करता है तो सुप्रीम कोर्ट द्वारा लता सिंह केस के निर्देशानुसार एसएसपी/एसपी शिकायत करने पर जोड़े को तत्काल सुरक्षा देंगे। वैसे कोर्ट ने साफ कर दिया कि उसने लिव इन रिलेशनशिप की वैधता पर अपनी कोई राय नहीं दी है। यदि प्राथमिकी या शिकायत है तो याचियों को इस आदेश का फायदा नहीं मिलेगा। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार ने मऊ निवासी सपना चौहान व सुधाकर चौहान की याचिका निस्तारित करते हुए दिया है। याची की तरफ से अधिवक्ता सुधीर कुमार सिंह ने बहस की। कहा कि याची बालिग है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार पुलिस को कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

मुख्तार अंसारी की जमानत याचिका उचित अदालत में पेश करने का निर्देश

इलाहाबाद, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। उच्च न्यायालय ने पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की जमानत की अर्जी मुख्य न्यायाधीश के समक्ष पेश करने का बृहस्पतिवार को निर्देश दिया जिससे मुख्य न्यायाधीश एमपी-एमएलए के आपराधिक मामले देखने वाली उचित अदालत के समक्ष नामित कर सकें। यह जमानत याचिका मऊ जिले के राम सिंह नाम के एक व्यक्ति की हत्या के मामले में दायर की गई है। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ ने यह आदेश उस समय पारित किया जब प्रदेश के अपर महाधिवक्ता की ओर से इस मामले के न्यायिक क्षेत्र के पहलू को लेकर यह कहते हुए आपत्ति की गई कि चूंकि यह मामला एक पूर्व विधायक से जुड़ा है, इस पर सांसद-विधायक के मामले देखने वाली अदालत द्वारा सुनवाई की जानी चाहिए। मुख्तार के वकील के मुताबिक, वर्ष 2009 में मऊ जिले में मुन्ना सिंह नाम के एक ठेकेदार को मार दिया गया था और हत्या के इस मामले में राम सिंह नाम का एक व्यक्ति गवाह था। वर्ष 2010 में राम सिंह की भी हत्या कर दी गई। इसके बाद, मऊ जिले के दक्षिण टोला पुलिस थाना में एक प्राथमिकी में आरोप लगाया गया कि हत्या के इस मामले में मुख्तार साजिशकर्ता था। मौजूदा जमानत याचिका में याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि हत्या के इस मामले में मुख्य आरोपी को पहली ही जमानत मिल चुकी है। इसलिए कथित तौर पर साजिशकर्ता की भूमिका निभाने वाले मुख्तार भी जमानत पाने के पात्र हैं। दूसरी बात, वह इस मामले में करीब 14 साल से न्यायिक हिरासत में हैं। इसलिए उच्चतम न्यायालय के निर्णय के मुताबिक, वह भी जमानत पाने के हकदार हैं।

किसान की जमीन पर रिलायंस गैस पाइप लाइन कंपनी का नाम गलती से दर्ज

प्रयागराज, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। रिलायंस गैस पाइप लाइन लिमिटेड कंपनी ने कहा है कि मेजा प्रयागराज के किसान की जमीन में पाइप लाइन डालने के लिए केवल इस्तेमाल करने का अधिकार लिया गया है। जमीन का अधिग्रहण नहीं किया गया है। गलती से खतौनी में कंपनी का नाम दर्ज करने पर तहसीलदार से गलती दुरूस्त करने के लिए आग्रह किया गया है। जमीन के इस्तेमाल करने का अवार्ड दिया गया है। याची मुआवजा पाने का हकदार नहीं हैं। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने यह स्पष्टीकरण मिलने के बाद याचिका यह कहते हुए निस्तारित कर दी कि जमीन पर याची का नाम राजस्व पत्रावली में दर्ज करने की कार्रवाई की गई है और जमीन का अधिग्रहण नहीं किया गया है इसलिए वह मुआवजे का हकदार नहीं हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति अजित कुमार ने मेजा निवासी हरिश्चंद्र शुक्ल की याचिका निस्तारित करते हुए दिया है। याची की तरफ से अधिवक्ता अनुराग शुक्ल ने बहस की।

इजराइल पर हमले को लेकर प्रयागराज में अलर्ट

मस्जिदों के बाहर फोर्स तैनात

प्रयागराज, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। इस्राइल हमले के मामले में प्रयागराज में अलर्ट घोषित कर दिया गया है। कुछ संगठनों की ओर से शुक्रवार को हमले के विरोध में प्रदर्शन और सभा करने की खुफिया सूचना के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। शहर सहित जिले की प्रमुख मस्जिदों पर शुक्रवार को जुमा की नमाज के दौरान बड़ी संख्या में फोर्स तैनात कर दी गई है। साथ ही संगठनों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। सोशल मीडिया की निगरानी के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। किसी भी भड़काऊ पोस्ट पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

इजराइल-फिलिस्तीन मामले में बयान से उन्माद फैलाने वालों के खिलाफ करें कठोर कार्रवाई - सीएम योगी

लखनऊ, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन दिनों वैश्विक स्तर पर चल रहे इजरायल-फिलिस्तीन विवाद का जिक्र करते हुए पुलिस अधिकारियों से कहा कि सभी पुलिस कप्तान अपने क्षेत्र में धर्मगुरुओं से तत्काल संवाद करें। इस प्रकरण में भारत सरकार के विचारों के विपरीत किसी तरह की गतिविधि स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों/पुलिस कप्तानों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सोशल मीडिया हो या धर्मस्थल, कहीं से भी किसी भी प्रकार का उन्मादी बयान/वक्तव्य जारी न हो। यदि किसी के द्वारा ऐसा करने का कुत्सित प्रयास हो, तो तत्परता के साथ उसके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री ने नामांतरण, वरासत, पारिवारिक बंटवारे, पैमाइश जैसे आमजन से जुड़े राजस्व वादों के निस्तारण में अनावश्यक लेटलतीफी पर कड़ी नाराजगी जताई है। इस संबंध में तहसीलवार प्रदर्शन रिपोर्ट जारी करते हुए उन्होंने कहा है कि राजस्व वादों में 'तारीख पर तारीख' की प्रवृत्ति कतई स्वीकार नहीं की जा सकती। ऐसा करने वाले लेखपाल, राजस्व निरीक्षक आदि राजस्व कर्मियों के विरुद्ध तो कार्रवाई होगी ही, आवश्यकतानुसार मंडलायुक्त और जिलाधिकारी की भी जवाबदेही तय होगी। योगी ने कहा कि फील्ड में तैनाती जनसेवा का सबसे अच्छा अवसर होता है। यहां हर एक तैनाती मेरिट के आधार पर ही होनी चाहिए। यदि कहीं भी सिफारिश या किसी के दबाव में किसी की फील्ड पोस्टिंग की गई है तो ऐसा करना संबंधित अधिकारी के लिए अपने कॅरियर से खिलवाड़ करने जैसा है। ऐसे हर प्रकरण को गंभीरता से लिया जाएगा। हाल के दिनों में जनता दर्शन में प्राप्त आवेदकों के बारे में जानकारी देते हुए और आइजीआरएस में प्रदर्शन की रिपोर्ट जारी करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जनता के लिए तैनात हैं, जनता से मिलना और उनकी समस्याओं का निस्तारण शीर्ष प्राथमिकता होनी चाहिए।

फील्ड में तैनात जो अधिकारी-कर्मचारी ऐसा कर पाने में सक्षम न हो उसे तत्काल फील्ड की तैनाती छोड़ देनी चाहिए। योगी ने कहा कि आगामी दिनों में शारदीय नवरात्र, दुर्गा पूजा, विजयादशमी, दशहरा, दीपावली, छठ आदि पर्व त्योहारों को हर्ष, उल्लास और सौहार्द के साथ मनाए जाने के लिए सभी पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बीट सिपाही से लेकर हल्का इंचार्ज और पुलिस कप्तान सहित हर अधिकारी सड़क पर उतरे। त्योहार के दिनों में कुछ अराजक तत्व माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर सकते हैं। ऐसे में पुलिस को अलर्ट रहना होगा। आम आदमी को उसकी सुनिश्चित सुरक्षा के लिए पूरा भरोसा दिलाना होगा।

गाजियाबाद में आठ हजार लोगों के बनाए गए आयुष्मान कार्ड

65 हजार परिवार के साढ़े 4 लाख लोगों को मिलेगा लाभ

गाजियाबाद, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। राशन लेने से पहले आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए गुरुवार सुबह आठ बजे से ही राशन की दुकानों पर लाभार्थियों की कतार लग गई। देर शाम तक आठ हजार लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। योजना के नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ डॉ।चरन सिंह ने बताया कि सबसे अधिक लाभार्थियों वाली 80 राशन की दुकानों पर चिकित्सकों की उपस्थिति में आयुष्मान कार्ड बनाए गए। सीएमओ डॉ। भवतोष शंखधर ने भी कई राशन की दुकानों का निरीक्षण किया। एक ही राशन कार्ड पर छह या उससे अधिक सदस्यों वाले 65 हजार परिवारों के साढ़े चार लाख नए लाभार्थियों को आयुष्मान भारत योजना में शामिल किया गया है।

अब तक इनमें से 2,12,584 आयुष्मान कार्ड बने हैं। यह अभियान जिले की 550 राशन की दुकानों पर जारी रहेगा। इनमें 359 शहरी क्षेत्र में और 191 ग्रामीण क्षेत्र में हैं।

बारिश की वजह से गिरेगा पारा

कड़ाके की ठंड के लिए हो जाएं तैयार

लखनऊ, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। अक्टूबर का दूसरा सप्ताह लगभग खत्म होने को है लेकिन लोग अभी भी गर्मी से परेशान हैं। जबकि अक्टूबर में आमतौर पर हर साल मौसम का पारा गिरता रहा है। इसी बीच मौसम विभाग के अनुसार एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ अगले 24 घंटे के लिए एक्टिव होने वाला है। यूपी के साथ-साथ दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश समेत देश के बाकी हिस्सों का भी लगभग यही हाल है। आइए जानते हैं कि ऐसे में मौसम विभाग का क्या कहना है

24 घंटे बाद सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ

पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त होने के बाद हवा का रुख उत्तरी या उत्तर-पश्चिमी होगा। इससे न्यूनतम तापमान में तेजी से गिरावट होगी और वातावरण में ठंडक घुलने लगेगी। यूपी मौसम विभाग के मुताबिक, यूपी में जल्द ही ठंड दस्तक देने वाली है। इसका सिलसिला आज यानी शुक्रवार से शुरू हो सकता है। 15-20 अक्टूबर के बीच पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की वजह से हल्की-फुल्की बारिश हो सकती और ठंड का असर तेज हो सकता है।

इन जगहों पर होगी बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक, 15 अक्टूबर को पश्चिमी यूपी में एक दो स्थान पर गरज चमक के साथ बारिश हो सकती है। । वहीं 16 और 17 अक्टूबर की बात करें तो पश्चिमी और पूर्वी यूपी में कुछ जगहों पर बारिश होने की उम्मीद जताई गई है।

ज्वेलर के बेटे को अगवा कर मार डाला

नौंवी के छात्र को स्कूल से किसी ने बुलाया, 20 लाख की फिरौती मांगी

बेतिया, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। बेतिया में ज्वेलरी शॉप के मालिक के बेटे आशीष कुमार (14) की हत्या कर दी गई। अपराधियों ने पहले उसका अपहरण किया फिर ज्वेलर नगर नारायण साह से 20 लाख की फिरौती मांगी थी। अपराधियों ने कैश नहीं देने पर हत्या की भी धमकी थी। इसके बाद ज्वेलर ने पुलिस से बच्चे को ढूंढ निकालने की गुहार लगाई थी। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपी को हिरासत में लिया। लेकिन, इन सब के बावजूद नौवीं कक्षा के छात्र को बचा नहीं पाई। शुक्रवार सुबह छात्र की लाश चनपटिया स्टील प्लांट के पीछे मिली तो लोग दंग रह गए।

'कर्मचारी' हुए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक

ट्विटर पर खुद के लिए लिख दिया ऐसा नाम हर कोई हो गया हैरान

लखनऊ, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के 'सर्वेंट डिप्टी सीएम' वाले बयान पर ब्रजेश पाठक ने पलटवार किया है। ब्रजेश पाठक ने एक वीडियो जारी कर अखिलेश यादव का आभार जताया है। साथ ही, सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर उन्होंने खुद को सर्वेंट ब्रजेश पाठक लिख लिया है।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने किया पलटवार

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने एक वीडियो जारी करते हुए कहा, "मैं समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव जी का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे सर्वेंट डिप्टी सीएम कहा है। यह सही है कि मैं जनता के सेवक के रूप में और नौकर के रूप में काम करता हूं। जबकि अखिलेश जी राजघरानों से आते हैं, राजा की तरह व्यवहार करते हैं। उनके पिता कई बार सीएम रहे हैं, वह खुद भी सीएम रहे हैं। मैं अखिलेश जी का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे सर्वेंट डिप्टी सीएम माना है।"

क्या है पूरा मामला?

दरअसल, ब्रजेश पाठक ने अखिलेश यादव के जेपीएनआईसी में कूदने को लेकर तंज करते हुए कहा था कि वह कूदने में इतने अच्छे हैं तो एशियन गेम्स में जाकर मेडल लेना चाहिए। इस पर अखिलेश यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि हम सर्वेंट डिप्टी सीएम की बातों का जवाब नहीं देते।

अरब जैसा डिजाइन-9000 नमाजी और नाम भी खास, ऐसी होगी अयोध्या की मस्जिद

अयोध्या, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। बाबरी मस्जिद मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण जोरों पर है। अगले साल मंदिर का उद्घाटन भी हो सकता है। इस बीच अयोध्या में बनाई जाने वाली मस्जिद का काम भी शुरू होने वाला है। इसका रंग-रूप बदल चुका है। सरकार से डिजाइन पास नहीं होने पर वक्फ बोर्ड को मस्जिद का डिजाइन बदलना पड़ा। इसकी प्लानिंग अंतिम चरण में है और निर्माण कार्य शुरू किया जाना है। मस्जिद का नाम भी तय कर लिया गया है। समझें कैसी होगी अयोध्या की मस्जिद और क्या होगी सुविधाएं। अयोध्या के धन्नीपुर गांव में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मुस्लिम पक्ष को पांच एकड़ जमीन मस्जिद निर्माण के लिए आवंटित की गई थी। इसके बाद से ही मस्जिद के निर्माण और इसके रंग रूप पर बहस चल रही थी। अब मस्जिद का डिजाइन तैयार है और मुंबई के रंगशारदा ऑडिटोरियम में इसके रंग-रूप की एक झलक दिखाई गई है। मस्जिद के अलावा धन्नीपुर में कैंसर अस्पताल, गर्भवती महिलाओं के लिए अस्पताल, शिक्षण संस्थान, लाइब्रेरी जैसी सुविधाओं

के साथ-साथ भव्य मस्जिद का निर्माण कराया जाना है।

11 एकड़ जमीन में बनेगी मस्जिद, अस्पताल, शिक्षण संस्थान

मस्जिद निर्माण के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा आवंटित पांच एकड़ जमीन के अलावा वक्फ को छह एकड़ और जमीन की जरूरत है। इसके लिए वक्फ बोर्ड और भी जमीन अधिग्रहण करने की कोशिशों में जुटा है। 11 एकड़ जमीन के साथ मस्जिद का भव्य निर्माण किया जाएगा। मस्जिद में एक साथ नौ हजार लोग नमाज अदा कर सकेंगे। देश की सबसे आकर्षक और तमाम जरूरी सुविधाएं दी जाएगी। महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग वजू खाना बनाए जाएंगे। फिश एकवारियम भी बनाया जाना है।

तीन-चार साल में पूरा होगा मस्जिद निर्माण का काम

मुंबई में बीजेपी नेता और महाराष्ट्र अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष हाजी अराफात ने अपनी तरफ से मस्जिद निर्माण कार्य के लिए पहली ईंट दी। उन्होंने कहा कि मस्जिद निर्माण के लिए फंडिंग मुस्लिम समुदाय से इकट्ठा की जाएगी। अगले तीन से चार वर्षों में इसका निर्माण कार्य भी पूरा किया जाएगा। मस्जिद निर्माण बोर्ड में शामिल लोगों का कहना है कि सरकार से जो सहूलियत चाहिए वो मिलेगी। वे सरकार से इसकी मांग भी करने वाले हैं।

पैगंबर मोहम्मद के नाम पर होगा मस्जिद का नाम

मस्जिद का नाम आखिरी पैगंबर मोहम्मद के नाम पर रखा गया है। मस्जिद का पूरा नाम 'मोहम्मद बिन अब्दुल्ला' होगा। पैगंबर मोहम्मद के पिता का नाम अब्दुल्ला था। आपको बता दें कि 'बिन' एक अरबी शब्द है और इसका मतलब बेटा होता है। सुन्नी वक्फ बोर्ड के चेयरमैन जफर फारुखी ने बताया कि ये सच है कि मंदिर की तरह तेजी से मस्जिद का निर्माण नहीं हो पा रहा है। बोर्ड के सदस्यों ने कहा कि उसकी जिम्मेदारी हमारी है। हमने एक डिजाइन बनाकर सरकार को दी थी लेकिन वो पास नहीं हुई। अब मस्जिद का दूसरा डिजाइन पेश किया गया है।

देश के 'हार्ट' में बनेगी मस्जिद

आर्किटेक्ट की मानें तो जो जगह सरकार ने मस्जिद के लिए दी है वो भारत के मैप में एक हार्ट का स्थान रखता है। भारत के नक्शे को इंसानी स्वरूप में समझें तो वो जमीन दिल की जगह आता है जो कि बेहद नेक और पवित्र है। मस्जिद के आर्किटेक्ट इमरान शेख ने बताया कि यह अपने आप में बेहद खास है।

अवैध खनन रोकने गई टीम पर खनन माफिया का हमला, चढ़ा दिया बुलडोजर तहसीलदार घायल

आगरा, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। आगरा के बाह के जैतपुर स्थित गांव नाहटौली की पुलिया पर खेत से मिट्टी का अवैध खनन रोकने गई तहसील की टीम पर खननकर्ताओं ने हमला बोल दिया। उन पर बुलडोजर चढ़ाने की कोशिश की। बुलडोजर की टक्कर में तहसीलदार घायल हो गए। गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। तहसीलदार सहित अन्य ने खेतों में भागकर खुद को बचाया। बाद में पुलिस पहुंच गई। 5 ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़ लिया। एक आरोपी को हिरासत में लिया है। घटना रात करीब 11 बजे की है। नाहटौली की पुलिया पर अवैध तरीके से मिट्टी के खनन की सूचना पर तहसीलदार प्रवेश कुमार, नायाब तहसीलदार विपिन कुमार, होमगार्ड चंद्रभान, फौरन सिंह और चालक वृंदावन बोलेरो से गांव पहुंचे थे।

बुलंदशहर: पूर्व विधायक गुड्डू पंडित को 14 महीने की सजा

धमकी देने और चौथ वसूली का मामला

बुलंदशहर, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। दो बार विधायक रहे गुड्डू पंडित को विशेष न्यायालय एससीजेएम अनूपशहर विनय कुमार सिंह चतुर्थ ने अनुचित दबाव बनाने और पुलिस से फर्जी एनकाउंटर में जान से मरवाने की धमकी देने के मामले में दोषी माना है। मामले में न्यायालय ने उन्हें 14 महीने के कारावास की सजा सुनाई है। बुलंदशहर के अनूपशहर विशेष लोक अभियोजक हितेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि 2011 में शिकारपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव हलपुरा निवासी राकेश शर्मा ने कोतवाली में तहरीर दी थी। बताया था कि उन्होंने डिबाई विधानसभा सीट से विधायक गुड्डू पंडित उर्फ श्रीभगवान शर्मा के खिलाफ प्रचार-प्रसार किया था। वह खुद भी चुनाव मैदान में उतरना चाहता थे, लेकिन गुड्डू पंडित ऐसा नहीं होने देना चाहते थे। आरोप था कि गुड्डू पंडित ने कई बार उस पर अनुचित दबाव बनाया। साथ ही गलत कार्यों में सहयोग न करने पर कई बार पुलिस एनकाउंटर में मरवाने की धमकी भी दी थी। फोन पर भी विधायक ने कई बार राकेश शर्मा से चौथ वसूली की मांग की। ऐसा न करने पर उसे धमकाया गया था। पीड़ित ने गुड्डू पंडित से हुई बातचीत की रिकॉर्डिंग की सीडी भी तैयार कर उच्चाधिकारियों को उपलब्ध कराई, लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। शिकायत करने पर उसे फिर से धमकी दी गई थी। बाद में पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुड्डू पंडित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की और चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी थी। न्यायालय ने अब दोनों पक्षों के गवाहों के बयानों और साक्ष्यों का अवलोकन कर पूर्व विधायक को दोषी मानकर 14 महीने के कारावास की सजा सुनाई है।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH
स्वतंत्र वार्ता
मेरा हैदराबाद
शनिवार, 14 अक्टूबर, 2023 5

पूर्व केंद्रीय मंत्री की बेटी शमशाबाद हवाई अड्डे से गिरफ्तार

हैदराबाद, 13 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री कावुरी सांबाशिवाराव की बेटी कावुरी श्रीवाणी को महाराष्ट्र पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस ने श्रीवानी को शमशाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से गिरफ्तार किया और उसके खिलाफ महाराष्ट्र में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है।

धोखाधड़ी के एक मामले के तहत महाराष्ट्र पुलिस ने उसके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया था। कावुरी श्रीवाणी दुबई जाने के लिए गुरुवार रात शमशाबाद एयरपोर्ट पहुंची।

हवाई अड्डे के अधिकारियों ने तुरंत महाराष्ट्र पुलिस को सूचित किया, जो शमशाबाद हवाई अड्डे पर पहुंची और उसे हिरासत में लिया। पुलिस श्रीवाणी को राजेंद्रनगर कोर्ट में पेश करने के बाद पीटी वारंट पर महाराष्ट्र ले जायेगी।

पितृमोक्ष अमावस्या

एक शाम गौ-माता के नाम
रोहन शर्मा, उमेश शर्मा, सरिता शर्मा, फाल्गुनी शर्मा, सुरभि शर्मा
श्री श्याम चकरी, हैदराबाद (6304406205)
पितृ पक्ष अमावस्या के अवसर पर लोह पुरुष सेवा समिति द्वारा भजन संध्या में सभी भक्तगण सपरिवार इष्टमित्रों सहित सादर आमंत्रित हैं।
आज शनिवार 14 अक्टूबर 2023, सायं 4 बजे से (प्रसादी : सायं 6 बजे से)
स्थान : लोह पुरुष गौ धाम, गर्ग स्टील के समीप, IDA बोलारम, हैदराबाद
संपर्क सूत्र : दर्शन अग्रवाल (7989506871)

आज शनिवार, 14-10-2023 को पितृमोक्ष अमावस्या है।
जय गौमाता
गौमाता की परिक्रमा करने मात्र से सभी ग्रहों की कृपा प्राप्त होती है, एवं व्यक्ति दीर्घायु ऐश्वर्यवान बनकर पुण्य को प्राप्त करता है।
निवेदक : कार्यसमिति
शिव मंदिर गौशाला
शमशेरगंज, हैदराबाद, फोन : 7842048773, 9959271866
ॐ शिव मंदिर गौशाला
पालमाकुल, शमशाबाद फोन : 7842048773, 9849666304
पुरानापुल, बहादुरपुरा, जू पार्क से होते हुए ताइबन चौरस्ता से बाएं और सिर्फ 5 मिनट में गौशाला पहुँच सकते है।
किसी भी पारिवारिक शुभकार्य पर गौमाता का स्मरण अवश्य करें।

।। जय गौ माता।। जय जय रघुवीर समर्थ ।। श्री श्री श्री सद्गुरु ।।
श्री समर्थ कामधेनु गौशाला
श्री सद्गुरु समर्थ नारायण आश्रम, शिवबाग, जियागुड़ा, हैदराबाद. फोन : 9296358630, 7013711317
आज शनिवार, 14-10-2023 को पितृमोक्ष अमावस्या है।
"गौ माता की सेवा से आयु, स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। पापों का नाश होता है।" गौ-ग्रास सेवा से सुख-शांति, मंगलमय जीवन, सर्व दोष निवारण का लाभ उठाएँ। गौशाला में गौ दान की सुविधा उपलब्ध है।
Online गौ सेवा के लिये
(For Income Tax Exemptions u/s 80g)
SHREE KALPAVRUKSHA KAMDHENU WELFARE TRUST
SBI Bank King koti Branch A/c No. 10015542319 IFSC: SBIN0007054
SHRI SADGURU SAMRATH NARAYAN ASHRAM
SBI PPB, Red Hills A/c No. 20100020864 IFSC: SBIN0002790
PAYTM - 9296358630/GOOGLE PAY/PHONE PAY/7013711317
सत्यनारायण गोपाल बल्दवा
GB GOPAL BALDAWA GROUP

श्री धर्मसाई गौशाला
धर्मगिरी, शमशाबाद, आरआर डिस्ट्रिक तेलंगाना-501218
सस्नेह निमंत्रण
पितृमोक्ष अमावस्या
आज अमावस्या दिनांक 14, अक्टोबर 2023
गौ माता पूजन : सभी से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर गौ सेवा, दान पुण्य के भागीधार बने
C/o Sree Dharmasai Temple, Dharmagiri, Shashabad
SRI DHARMASAI GOW RAKSHA TRUST
A/c no-922020006836112
AXIS BANK, Shamshabad branch
IFSC code-UTIB0000867
Paytm,GOOGLE PAY, Phone pe:-
9440828585
सत्यनारायण गोपाल बल्दवा
GB GOPAL BALDAWA GROUP

जय श्री राम
आज शनिवार दिनांक 14-10-2023
सर्व पित्री दर्श अमावस्या
के अवसर पर पधारे
या देवी श्री आईजी गौशाला
शुभस्थल : एन एच 44, मेडचल रोड, कल्लाकल।
गौशाला प्रांगण में मध्यान 2:00 बजे से भजनों का कार्यक्रम रहेगा।
विशेष : पधारे भगतों के लिए मध्यान 2 बजे से भोजन प्रसादी की व्यवस्था गौशाला में रहेगी।
संपर्क : नारायणलाल :8712311785, सिरवी वी ताराराम पंवार :9246368842
शुभकामनाओं सहित
CHOUDHARY BROTHERS
HNo : 1-307, NH 44, OPP BUS DEPOT, MEDCHAL
SOHANLAL : 9032160794
BEAUTIFUL HOMES

गावो विश्वस्य मातर ।। जय श्री कृष्ण ।। जय गो माता
श्री गोपाल गौशाला
संत विनोबानगर, रामदास पल्ली के पास, सागर रोड, इब्राहिमपटनम
आज शनिवार, 14-10-2023 को पितृमोक्ष अमावस्या है।
अमावस्या के उपलक्ष्य में सभी गौ प्रेमियों से विनम्र अनुरोध है कि गौसेवा कर पुण्य के भागी बने और हमें सहयोग राशी इन बैंक खाते में जमा करा सकते है।
प्रसाद की व्यवस्था श्री जगदीश प्रसादजी सर्राफ, अमीरपेट की ओर से है।
विशेष सेवा : गौभक्त अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, अपने पूज्य एवं प्रियजनों की याद में गौशाला में संपूर्ण एक दिन की सेवा हेतु 21,000/- देकर पुण्य एवं शांति का लाभ लेवे।
अन्य सेवा : एक कट्टा घास का प्रति दिन एक माह तक 500/-
SRI GOPAL GOSHALA TRUST MAHESH BANK, VANASTHLIPURAM BRANCH,
S/A NO. 025001100001224 IFSC CODE : APMC0000025
निवेदक : श्री गोपाल गौशाला ट्रस्ट (रजि.)

आज शनिवार दि.14 अक्टोबर 2023
पितृ अमावस्या के अवसर पर पधारे
श्री आईजी गौशाला
(रजिस्ट्रेशन नं. 720/2008)
118, मल्कारम, जवाहरनगर (चेनापुर-बालाजी नगर) खापरा मंडल
Donations exempted U/S 80G of Income Tax Act, 1961 ☎ 7396306337
निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर
गौशाला के बैंक एकाउंट में अपनी दान राशी जमा कराकर, पुण्य के भागीदार बने
Sri Aaiji Gowshala, SBI, Cheeryal Branch, A/c. No. 62492036580 IFSC Code : SBIN0020435
निवेदक : श्री आईजी गौशाला के पदाधिकारी व सदस्यगण
अध्यक्ष : मंगलाराम पंवार ☎ 9246108583 सचिव : हुक्माराम सानपुरा ☎ 9441118022

श्री जैन कुशल शांति गौ सेवा, हैदराबाद
30-09-2023 to 14-10-2023 पितृ पक्ष
आपने पीतरों का आशीर्वाद पाने के लिये श्राद्ध और तर्पण कर रहे है। पितृ पक्ष के दिनों में गाय को रोटी की सेवा करने से भी पितृ का मन प्रसन्न हो जाते है।
"पहली रोटी गाय की"
एक पैकेट 50 रोटी ₹ 125/-
प्रतिदिन ताजी रोटी की सेवा कि जाती है।
आप सेवा में आगये बहुत बढ़िया ना आपाये तो हम आपके नाम पर ख़ुद खिला देंगे।
1 साल की रोटी सेवा ₹ 46021/- 6 महीने की रोटी सेवा ₹ 23021/-
3 महीने की रोटी सेवा ₹ 12021 1 महीने की रोटी सेवा ₹ 4121/-
1 सप्ताह रोटी सेवा ₹ 921/-
1 दिन की गौ सेवा (41 पैकेट) ₹ 5121/- (दो दिन पहले ऑर्डर करें)
7842223545
UPI : 7842223545@centralbank
अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें : टिम अशोक रामपुरिया 9395508877

चलिए प्रशांत वातावरण में पल रहे 260 गौवंश को रोटी और हराचारा खिलाकर इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें।
Sri Jain Goshala
अहिंसा परमोधर्म, जीव दया उत्तम कार्य
आज पितृमोक्ष शनिवार, 14-10-2023 अमावस्या "गौ सेवा" कर पुण्य के भागी बनें
प्रति अमावस्या को प्रसादी की व्यवस्था रहेगी
निवेदक : श्री जैन गौशाला
6-150, यादगिरीपल्ली रोड, किसरा विलेज, मेड़चल ज़िला (तेलंगाना)
सहयोग एवं जानकारी हेतु सम्पर्क करें : अनिल गांधी, दीपक प्रजापत : 9010128515, 9030660045
BANK DETAILS BANK : Agrasen Co - operative Urban Bank Limited.
Name : Dileep Kumar Gandhi Jain Goshala Trust
BRANCH : Ranigunj, Secunderabad A/c. No. : 004400300000009 IFSC : YESB0ACUB04
ऑनलाईन गौ ग्रास सेवा के लिए गुगल पे/फोन पे करें : 9010128515
शुभकामनाओं सहित : नवकार ज्वेलर्स, जनरल बाजार, सिकन्दराबाद

विश्व मंगल गौशाला
सोमारम ग्राम, मेड्चल, हैदराबाद (तेलंगाना)
सस्नेह निमंत्रण
आज शनिवार 14 अक्टूबर 2023 प्रातः 11 बजे से
सर्वपितृ अमावस्या
शुभ स्थल : विश्व मंगल गौशाला सोमारम ग्राम, मेड्चल, हैदराबाद
गौ-माता पूजन * भजन * भोजन प्रसादी
सभी से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर गौसेवा, दान, पुण्य के भागीदार बनें।
दूरभाष : 9866405646, 9346917593
Bank Details : GOU GRAM VIKAS SEVA SAMITHI
A/c No. 50200063938688 | IFSC : HDFC0009429
HDFC Bank, Kanajiguda Branch

शारदीय नवरात्र में
शिव महापुराण कथा
15 अक्तूबर 2023 से 24 अक्तूबर 2023
स्थान : श्री वालवीर हनुमान मंदिर, प्लेट फार्म नं. 1, नामपल्ली रेल्वे स्टेशन,
कथा व्यास: आचार्य श्री सतीशचंद्र लोहनीजी महाराज
परमाचार्य भद्रकाली / पर्देश्वर शक्ति पीठ मंदिर, हल्द्वानी नैनिताल
परम गौ भक्त जसमतभाई पटेल कार्यक्रम सलाहकार
परम शिवभक्त नरेन्द्र गोयल कार्यक्रम सलाहकार
संयोजक: राजश्री जयसवाल सत्यार्थी
पूजा अनुष्ठान आचार्य : आचार्य प्रमोद कृष्ण शास्त्री जी
रविवार दि. 15 अक्टोबर को दोपहर 1 बजे से भव्य कलश शोभा यात्रा बेगमबाजार करवा चौथ महिला मंडल
विशेष निवेदन : भगवान शिव-माता शक्ति, श्रीमन नारायण, सूर्य भगवान तथा जगतजननी गौमाता के सभी उपासक सादर आमंत्रीत है।
सहसंयोजक रामदेव नागला बेगम बाजार
आयोजक : पूज्य महामंडलेश्वर प्रभु दास जी महाराज (मणिराम दास छावनी अयोध्या) एवं अयोध्या मणिरामदास छावनी स्वामी वृत्य गोपाल दास महाराज के भाग्यनगर के भक्त मंडली
सत्यनारायण गोपाल बल्दवा
ब्रिगेट रोड नं 7, बंजारा हिल्स, हैदराबाद, मोबाईल 9000366660
GB GOPAL BALDAWA GROUP

सांसद अरविंद ने रेवंत रेड्डी के खिलाफ की सनसनीखेज टिप्पणी

हैदराबाद, 13 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। निजामाबाद के भाजपा सांसद डी. अरविंद ने आज टीपीसीसी प्रमुख रेवंत रेड्डी के खिलाफ सनसनीखेज टिप्पणी की। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने रेवंत रेड्डी को पैसे भेजे. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि रेवंत रेड्डी को पहली किस्त के रूप में 50 करोड़ रुपये लॉरी में भेजे गए थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अगर पहले रेवंत रेड्डी का पैसा बैग में ले जाया जाता था, तो अब इसे लॉरियों में ले जाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर लोगों को कांग्रेस पार्टी पर भरोसा है तो उन्हें हारने के लिए तैयार रहना चाहिए। अरविंद ने लोगों से तेलंगाना में अपने बच्चों के भविष्य के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वोट देने का आह्वान किया।

आज शनि-पितृ अमावस्या है

चलिये सत्यम् शिवम् सुन्दरम् गौनिवास गगनपहाड
6000 से अधिक गौवंश एवं हजारों कबूतरों को चारा-दाना अर्पण कर अपने प्रियजनों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित कीजिये।
सत्यम् शिवम् सुंदरम् गौ निवास
SATYAM SHIVAM SUNDARAM GAUNIVAS
Estd. 2001 Regd. 664/2010
Bankers : BANK OF BARODA, Nallakunta Branch, Hyd. A/c. : 75450200001071 IFSC CODE : BARB0VJNAKU
To Avail 80G Kindly Donate : AKSHYA PASHU PAKSHI TRUST CANARA BANK - Basheerbagh Branch, Hyd. A/c : 0878132000033, IFSC CODE : CNRB0000878

स्वतंत्र वार्ता

शनिवार, 14 अक्टूबर - 2023

क्या चुनावी रेवड़ियां सत्ता में वापसी की चाबी हैं?

लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल कहे जाने वाले राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम विधानसभा चुनावों की तारीखों का एलान हो गया है। हिंदी पट्टी के राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच ही होना है। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। साढ़े नौ साल से केंद्र की सत्ता में रहने के बाद नरेंद्र मोदी के लिए यह चुनाव लिटमस टेस्ट से कम नहीं होगा। यह चुनाव इस लिहाज से भी महत्वपूर्ण है कि सभी राज्यों में सरकारों ने लोक लुभावन घोषणाएं करने के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इन चुनावों में फ्रीबीज या चुनावी रेवड़ियों की भी परीक्षा होने वाली है। विपक्ष के जातीय जनगणना के दांव पर जनता का रुख भी इन चुनावों में पता चलने वाला है। राज्यवार बात करें तो राजस्थान में कांग्रेस की सरकार है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पिछले पांच साल से अपनी कुर्सी को बचाते आ रहे हैं। पांच साल में कई ऐसे अवसर आए, जब लगा कि गहलोत की सरकार गिर जाएगी। वर्ष 2020 में ठीक कोरोना के बीच कांग्रेस में बगावत हो गई थी। राजनीति के जादूगर अशोक गहलोत की सूझबूझ से सरकार बच तो गई, लेकिन मुख्यमंत्री निर्दलीय विधायकों पर आश्रित होकर रह गए। उसी का नतीजा था कि मुख्यमंत्री गवर्नेंस से ज्यादा विधायकों को खुश करने में जुटे रहे। चुनाव से ठीक छह महीने पहले गहलोत ने लोकलुभावन घोषणाओं की झड़ी लगा दी। बिजली बिल माफी से लेकर मुफ्त मोबाइल बांटने तक शायद ही कोई सेक्टर होगा, जिसके लिए गहलोत ने घोषणा न की हो। 33 से बढ़ाकर 53 जिले तक कर दिए गए। जाति के आधार पर बोर्ड बना दिए गए। गहलोत जहां अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं के दम पर सत्ता में वापसी का दम भर रहे हैं, तो वहीं भारतीय जनता पार्टी भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था, पेपरलीक, तुष्टिकरण जैसे मुद्दों को आधार बना रही है। हालांकि, भारतीय जनता पार्टी की राज्य इकाई में आपसी प्रतिद्वंद्वता के चलते चुनाव नरेंद्र मोदी के चेहरे पर लड़ा जा रहा है।

रोचक बात यह है कि राजस्थान से कांग्रेस का गांधी परिवार नदारद है। चुनाव गहलोत बनाम मोदी का बन गया है। पिछली बार कांग्रेस को सत्ता तक लाने वाले सचिन पायलट मौन हैं तो भाजपा की स्टार नेता और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को पार्टी में दरकिनार कर दिया गया है। राजस्थान में पिछले तीन दशक से हर पांच साल पर सत्ता बदलती आ रही है। 3 दिसंबर को पता चलेगा कि रिवाज बदलेगा या नहीं।

मध्य प्रदेश में वर्ष 2018 में भारतीय जनता पार्टी की कांग्रेस से चंद सीटें कम रह गई थीं। कांग्रेस ने युवा ज्योतिरादित्य सिंधिया की जगह अनुभवी कमलनाथ को सत्ता की बागडोर सौंप दी थी, लेकिन सिंधिया की बगावत के चलते भारतीय जनता पार्टी पुनः सत्ता में आई। शिवराज सिंह चौहान फिर मुख्यमंत्री बने, लेकिन मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री बदलने के कयास चलते रहे। अभी भले चुनाव शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्री रहते हुए लड़ा जा रहा है, लेकिन यदि भारतीय जनता पार्टी सत्ता में लौटती है तो उन्हीं को कुर्सी मिलेगी, इसका कोई स्पष्ट संकेत पार्टी की ओर से नजर नहीं आ रहा है। इस बार जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी ने केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से लेकर कद्दावर कैलाश विजयवर्गीय, केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों को टिकट दिया है तो उससे भी शिवराज सिंह चौहान की बेचैनी बढ़ी है। हालांकि, चौहान भी फ्रीबीज के सहारे सत्ता वापसी की चाभी ढूंढ रहे हैं। कांग्रेस में मुख्य चेहरा कमलनाथ का ही नजर आ रहा है। वह अपने एक साल के कार्यकाल को लेकर जनता को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी मध्य प्रदेश में कांग्रेस की ओर से मोर्चा संभाला हुआ है। पिछले कुछ दिनों में प्रियंका के कई दौरे हुए हैं। सत्ता विरोधी लहर के बीच भाजपा के लिए सत्ता में वापसी उतनी आसान नहीं है, लेकिन कमजोर कांग्रेस किस तरह टक्कर दे पाएगी, यह चुनाव नतीजों से पता चलेगा। छत्तीसगढ़ में 15 साल सत्ता से बाहर रहने के बाद वर्ष 2018 में कांग्रेस को सत्ता हासिल हुई थी। भूपेश बघेल को मुख्यमंत्री बनाया गया। राजस्थान और मध्य प्रदेश के मुकाबले छत्तीसगढ़ में कांग्रेस बेहद अच्छी स्थिति में है। हालांकि, राज्य में भूपेश बघेल और टी.एस.सिंह देव में कुछ वैसी ही नोकझोंक चलती रही, जैसी राजस्थान में सचिन पायलट और अशोक गहलोत में चल रही थी। भूपेश बघेल आलाकमान को साधकर कुर्सी बचाने में सफल तो हुए। सत्ता में पुनः वापसी के लिए भूपेश बघेल ने भी चुनावी रेवड़ियों का सहारा लिया है। अब तक बघेल काफी मजबूत स्थिति में नजर आ रहे हैं, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के पास कोई मजबूत चेहरा नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह पिछले पांच साल ज्यादा सक्रिय नहीं रहे। यही कारण है कि यहां पर भी भारतीय जनता पार्टी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सहारा है। दक्षिण के राज्य तेलंगाना में के.चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति सत्ता में है। राव दो बार से सत्ता में बने हुए हैं। जिस तरह से वर्ष 2018 में उन्हें बहुमत मिला था तो कहा जा सकता है कि उनकी लोकप्रियता का ग्राफ काफी ऊंचा है। हालांकि, राव भी सरकार विरोधी लहर का सामना कर रहे हैं। उन्हें कांग्रेस के साथ भारतीय जनता पार्टी से भी चुनौती मिल रही है। उपचुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने जिस तरह से प्रदर्शन किया तो लग रहा है कि वो यहां तीसरी ताकत बन रही है। के. चंद्रशेखर राव ने भी कोई ऐसा अवसर नहीं छोड़ा, जहां उन्होंने मुफ्त की घोषणाएं न की हों। खासकर अल्पसंख्यकों को लेकर उनकी योजनाओं को भारतीय जनता पार्टी ने निशाने पर लिया। तेलंगाना में निश्चित रूप से त्रिकोणीय मुकाबला रहने वाला है। चंद्रशेखर राव की बीआरएस, कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी एक-दूसरे से मुकाबला करते नजर आएंगे। मिजोरम में मिजो नेशनल फ्रंट की सरकार है और उसने वर्ष 2018 में 40 सीटों वाली विधानसभा में 26 सीटें जीती थीं। यहां पर मुख्य रूप से मुकाबला मिजो नेशनल फ्रंट और जोरम पीपुल्स मूवमेंट के बीच है। राष्ट्रीय पार्टियों यहां अपनी जमीन नहीं तैयार कर सकी हैं। जहां तक तीसरे मोर्चे या अन्य दलों की बात है तो वो अभी कहीं नहीं नजर आ रहे हैं। राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी ने कुछ महीने पहले जोर-शोर से प्रचार किया था, लेकिन उसके प्रचार की गति धीमी पड़ चुकी है। राजस्थान में हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी कुछ सीटों को प्रभावित कर सकती है। हालांकि, वह भाजपा और कांग्रेस का मुकाबला कर पाएगी, यह मुश्किल लगता है। भारतीय ट्राइबल पार्टी राजस्थान और मध्य प्रदेश की कुछ सीटों पर प्रभाव डाल सकती है। कुछ-कुछ यही स्थिति बहुजन समाज पार्टी की भी है। राजस्थान और मध्य प्रदेश के उत्तर प्रदेश से लगते इलाकों में बहुजन समाज पार्टी का प्रभाव है। इन चुनावों में नवगठित इंडिया गठबंधन का भी टेस्ट होना बाकी है। यह देखना होगा कि लोकसभा से पांच महीने पहले हो रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में यह गठबंधन एकजुट रहता है या नहीं। यदि आपसी प्रतिद्वंद्वता को छोड़कर इंडिया गठबंधन के दल पांचों राज्यों में एकजुट हो जाएं तो भारतीय जनता पार्टी को वर्ष 2024 में बड़ी चुनौती दे सकते हैं।

कब होगी सुरक्षित रेल यात्रा

ओड़ीशा के बालासोर में हुए रेल हादसे की वीभत्स घटना को लोग भूले भी नहीं थे कि बुधवार की रात दिल्ली से कामाख्या जा रही नार्थ-ईस्ट एक्सप्रेस बिहार में बक्सर जिले के रघुनाथपुर स्टेशन के पास बेपटरी हो गई। इस दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई और अनेकों के घायल होने की पुष्टि हुई है। इस भीषण रेल दुर्घटना को लेकर रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर फिर से सवाल उठना स्वाभाविक है। खबरों के अनुसार नार्थ-ईस्ट सुपरफास्ट ट्रेन की इक्कीस बोगियां पटरी से उतर गईं। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण रेल पटरी में खराबी बताई जा रही है। मगर इससे रेलवे को अपने बचाव का आधार नहीं मिल जाता। फिरभी घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं और असल वजह तो अब जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगी। फिलहाल, गनीमत रही कि इसमें बालासोर जैसा बड़ा हादसा नहीं हुआ, जिसमें दो गाड़ियां आपस में टकरा गई थीं। जैसा होता आया है कि हर रेल हादसे के बाद मृतकों के परिजनों और घायलों को मुआवजे की घोषणा तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देकर मामले की लीपापोती की कोशिश की जाती रही है, वही इस बार भी हुआ है। सबसे बडी बात तो यह है कि हर दुर्घटना के बाद रेल सुरक्षा के संकल्प दोहराए जाते हैं लेकिन दिन बीतने के साथ ही इसे भुला दिया जाता है। ऐसे में हमेशा यही तर्क दिया जाता है कि रेल लाइनों पर गाड़ियों का दबाव लगातार बढ़ रहा है। बहुत सारी लाइनें पुरानी होने की वजह से दबाव नहीं झेल पा रही हैं, इसलिए उनमें खराबी आ जाती है। रेल प्रशासन का यह तर्क गले नहीं उतरता। कुछ वर्षों से रेलगाड़ियों को सुविधाजनक और सुरक्षित बनाने के दावे बढ़-चढ़ कर किए जा रहे हैं। अनेक तेज रफ्तार गाड़ियां भी चलाई जा रही हैं। इसके अलावा रेल किराए में भी अच्छी-खासी बढ़ोतरी हुई है। रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाने में कोई कसर नहीं छोडा जा रहा है। दावा किया जाता है कि रेलों को हवाई सुविधाओं की तरह बनाया जा रहा है। लेकिन जब रेल का सफर ही सुरक्षित नहीं होगा, उसमें चलने वालों में यह भरोसा पैदा नहीं होगा कि वे अपनी मंजिल तक सुरक्षित पहुंच जाएंगे, तब तक इन दावों का कोई औचित्य नहीं रह जाता। रेल हमारे देश की सबसे बड़ी परिवहन व्यवस्था है। आज भी सामान्य आयवर्ग के लिए इससे सस्ता और सुविधाजनक साधन देश में दूसरा कोई नहीं है। लेकिन रेल हादसों, उनमें चोरी, डकैती, महिलाओं के साथ बदसलूकी और यात्रियों के साथ लूट-खसोट जैसी घटनाओं पर अंकुश न लग पाने के कारण बहुत सारे लोग इसमें सफर करने से कतराने लगे हैं। बजट दर बजट रेल को सुरक्षित बनाने का वादा किया जाता है, मगर नतीजा सिफर ही निकलता है। आज जब हर क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है, रेलों को भी सुरक्षित बनाने के मकसद से टक्कररोधी उपकरण लगाने, पटरियों की सुरक्षा के लिए अत्याधुनिक कंप्यूटरीकृत व्यवस्था विकसित करने की परियोजना शुरू की गई थी। रेलों में आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए सुरक्षाकर्मियों की तैनाती बढ़ाने और हर बोगी को अत्याधुनिक संचार प्रणाली से जोड़ने की योजना चलाई गई थी तो उसका परिणाम क्या निकला है? इसके बाद भी यदि कुछ समय के अंतराल पर रेलें पटरी से उतर जा रही हैं, परस्पर टकरा जाती हैं, तो जाहिर है, सुरक्षा संबंधी परियोजनाओं पर गंभीरता से मूल्यांकन करने की जरूरत है। दुनिया में इतने रेल हादसे कहीं नहीं होते, जितने भारत में होते हैं, जबकि अनेक देशों में यहां से अधिक रफ्तार की गाड़ियां चलती हैं। इसके बाद भी वहां दुर्घटनाएं न के बराबर होती हैं। समझ परे है कि इतने लंबे समय से रेलों को सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के वादे किए जाने के बाद भी अन्य देशों से आधुनिक तकनीक लेने की कोशिश क्यों नहीं की जा रही है, ताकि यात्री सुरक्षित अपने गंतब्य तक की यात्रा कर सकें।

अज्ञानता के अंधेरे में ज्ञान का उजाला

संजीव ठाकुर

यह सर्वविदित है कि इतिहास का पन्ना पलटें तो हर सभ्यता ने अपने कई कई रूप बदले हैं। संस्कृति ने नए नए नए आयाम का सृजन किया है। वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप है। यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया है। जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगी। मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा,भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा है। शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती है। शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील है। शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैं। शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया है। वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती है। पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया है। यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया है। शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है। हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन ,बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी है। दूसरी ओर भारत की संस्कृति, सभ्यता और समाज में सदैव आवश्यक सुधार तथा नई नई बुद्धिमता पूर्ण युक्तियों को अपने में आत्मसात करने की एक अलग क्षमता रही है, और विकास का मूल मंत्र भी परिवर्तनशील जीवनशैली ही है। राजनीति तो सदैव परिवर्तन पर अवलंबित रहती है। स्वतंत्रता के पहले तथा बाद में राजनीतिक घटनाक्रम जिस नव परिवर्तन युग की तरफ अग्रसर हुए हैं वह अत्यंत उल्लेखनीय है। भारतीय सभ्यता समाज और संस्कृति जितनी जटिल तथा गूढ है उसको जितना समझा जाए, उसका जितना अध्ययन किया जाए तो उससे नवीन बातें समझ में आती है, और उसके नए नए अर्थ हमारे सामने आते हैं, जिसका बहु आयामी उपयोग हम अपनी जीवनशैली में परिवर्तन करने के लिए सदैव कर सकते हैं।

शादी-ब्याह: बढ़ता दिखावा-घटता अपनापन

डॉ सत्यवान सौरभ

हम बात करेंगे शादी समारोहो में होने वाली भारी-भरकम व्यवस्थाओं और उसमें खर्च होने वाले अथाह धन राशि के दुरुपयोग की। सामाजिक भवन अब उपयोग में नहीं लाए जाते हैं, शादी समारोह हेतु यह सब बेकार हो चुके हैं कुछ समय पहले तक शहर के अंदर मैरिज हॉल में शादियां होने की परंपरा चली परंतु वह दौर भी अब समाप्ति की ओर है! अब शहर से दूर महंगे रिसोर्ट में शादियां होने लगी है। शादियों के आयोजन के लिए बड़े नामी-गिरामी सैवन स्टार होटल बुक करने की भी परिपाटी बनती जा रही है। इन होटलों में लाखों रुपए खर्च कर शादी का सैट खड़ा किया जाने लगा है। शादी के 2 दिन पूर्व से ही ये रिसोर्ट बुक करा लिया जाते हैं और शादी वाला परिवार वहां शिफ्ट हो जाता ह। आगंतुक और मेहमान सीधे वही आते हैं और वहीं से विदा हो जाते हैं। इतनी दूर होने वाले समारोह में जिनके पास अपने चार पहिया वाहन होते हैं वहीं पहुंच पाते हैं और सच मानिए समारोह के मेजबान की दिली इच्छा भी यही होती है कि सिर्फ कार वाले मेहमान ही रिसेप्शन हॉल में आये। और वह निमंत्रण भी उसी श्रेणी के अनुसार देता है दो तीन तरह की श्रेणियां आजकल रखी जाने लगी है। ऐसी शादियों को देखकर मध्यम व निम्न वर्ग भी शादियों में पैसे को पानी की तरह बहाने से जरा भी नहीं हिचकिचा रहे। यहां तक कि लोग शादी में अपना स्तर, रुतबा और झूठी शानो-शौकत का प्रदर्शन करने के लिए कर्ज लेकर भी महंगी शादियां आयोजित कर रहे हैं। एक मजेदार चीज और है। जो शादी ड्रीम वैडिंग कही जाती थी, उसे टूटने में दो पल नहीं लगते। कल तक जहां तलाक इक्का-दुक्का सुनाई देते थे, वे आज सैंकड़ों गुना बढ़ गए हैं। किसको सिर्फ लेडीज संगीत में बुलाना है !किसको सिर्फ रिसेप्शन में बुलाना है। किसको कॉकटेल पार्टी में बुलाना है। और किस वीआईपी परिवार को इन सभी कार्यक्रमों में बुलाना है। इस आमंत्रण में अपनापन की भावना खत्म हो चुकी है। सिर्फ मतलब के व्यक्तियों को या परिवारों को आमंत्रित किया जाता है। भौतिकता की पराकाष्ठा के समय में जिसमें प्रत्येक कार्य व रिश्तों को धन की बुनियाद पर खड़ा किया जाने लगा है और वो सम्पूर्ण मानव जाति के लिये घातक कदम साबित हो रहा हैं सम्प्रति विवाहों में धन का प्रदर्शन किन—किन तरीकों से होने लगा है सब कल्पनातीत है, आज इंसान को अपने धन की बाहुलता को सिद्ध करने का अवसर विवाह ही नजर आता है और वो ऐसा मान बैठा की विवाह से अच्छा कोई अवसर नहीं है जहाँ धनखर्च किया जाए ? जबकि विवाह एक संस्कार है जिसमें मानवीय व सामाजिक मूल्यों की मर्यादा का पालन करते हुए सम्पन्न करना आपेक्षित होता है। इसलिए विवाह को सोलह संस्कारों में स्थान मिला है। इस संस्कार में रिश्तेदारों का मिलना जुलना शुभ माना जाता है मगर आजकल की शादियों में प्रत्येक परिवार अलग-अलग कमरे में ठहरते हैं जिसके कारण दूरदराज से आए बरसों बाद रिश्तेदारों से मिलने की उत्सुकता कहीं खत्म सी हो गई है। क्योंकि सब अमीर हो गए हैं पैसे वाले हो गए है। मेल मिलाप और आपसी स्नेह खत्म हो चुका है। रस्म अदायगी पर मोबाइलों से बुलाये जाने पर कमरों से बाहर निकलते हैं। सब अपने को एक दूसरे से रईस समझते है। और यही अमीरीयत का दंभ उनके व्यवहार से भी झलकता है। कहने को तो रिश्तेदार की शादी में आए हुए होते हैं परंतु अहंकार उनको यहां भी नहीं छोड़ता। वे अपना अधिकांश समय करीबियों से मिलने के बजाय अपने अपने कमरो में ही गुजार देते हैं। आज सब कुछ विपरीत हो रहा है ना तो परवाह है रीति रिवाजों की ना सामाजिक मूल्यों की बस यदि है तो मीनू के कितने प्रकार के व्यंजन है, पेय पदार्थ कितने हैं, बाहरी साज सज्जा कैसी है यदि इसमें कोई कमी रह जाती है तो सगे सम्बन्धी, मित्रगण अपनी प्रतिकूल टिप्पणी करने में देरी नहीं करते जबकि विवाह सामाजिक समरसता को उर्वर बनाने का माध्यम है। और इन सबकी आलोचना से बचने के लिए इंसान जिसके पास धन की कमी है वो किसी वित्तीय संस्था या साहुकार से कर्ज लेकर उनकी आलोचना से बचने का प्रयास करता है।

इस झूठी संस्कृति ने निम्न वर्ग को उच्च वर्ग की नकल करने के लिए, अपना शोषण करवाने को मजबूर कर दिया अब विवाहों में नैसर्गिक खुशियों का स्थान कृत्रिम साधनों के द्वारा अर्जित खुशियों ने ले लिया है। जिसमें मानसिक संतुष्टी के स्थान पर मानसिक अवसाद पनपने लगता है। हमारी संस्कृति को दूषित करने का बीड़ा ऐसे ही अति संपन्न वर्ग ने अपने कंधों पर उठाए रखा है। शादीसमारोह में रस्म से ज्यादा दिखावा हो रहा है। पूजा-पाठ, मंत्रोच्चारण और सात फेरे से ज्यादा लोग नृत्य-गीत में लोग मशगूल हो रहते हैं। इससे किसी को क्या दिक्कत हो रही है, इसे कोई नहीं सोचता। अब थीम शादी का प्रचलन बढ़ा है। इससे समाज में गलत और आडंबर शुरू हो रहा है। विवाह समारोह के मुख्य स्वागत द्वार पर नव दंपत्ति के विवाह पूर्व आलिंगन वाली तस्वीरें, हमारी विकृत हो चुकी संस्कृति पर सीधा तमाचा मारते हुए दिखती हैं। अंदर एंट्री गेट पर आदम कद स्क्रीन पर नव दंपति के विवाह पूर्व आउटडोर शूटिंग के दौरान फिल्माए गए फिल्मी तर्ज पर गीत संगीत और नृत्य चल रहे होते हैं। आशीर्वाद समारोह तो कहीं से भी नहीं लगते हैं पूरा परिवार प्रसन्न होता है अपने बच्चों के इन करतूतों पर। पास में लगा मंच जहां नव दंपत्ति लाइव गल - बहियाँ करते हुए मदमस्त दोस्तों और मित्रों के साथ अपने परिवार से मिले संस्कारों का प्रदर्शन करते हुए दिखते हैं। बन्धुओं मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है । हम एक दूसरे के जीवन के सेतू बने यही मानवीय धर्म है। यदि हमारे पास धन की प्रचुरता है तो अपना प्रारब्ध समझे और साथ में इसके अविवेकपूर्ण अपव्यय पर लगाम लगाएं, और इसे साधर्मी बन्धुओं के उत्थान के कार्यों में जो आज आर्थिक विपन्नता के शिकार हैं उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़े उनका सहारा बनने का प्रयास करें। आपका पैसा है,आपने कमाया है,आपके घर खुशी का अवसर है खुशियां मनाएं,पर किसी दूसरे की देखा देखी नही। कर्ज लेकर अपने और परिवार के मान सम्मान को खत्म मत करिएगा। जितनी आप में क्षमता है उसी के अनुसार खर्चा करियेगा। 4 - 5 घंटे के रिसेप्शन में लोगों की जीवन भर की पूंजी लग जाती है।

विजन और अवसेशन

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

सेल्सबॉय सूट-बूट पहने, "आइए-आइए सर! 'महास्मार्ट शॉपिंग मॉल' में आपका स्वागत है। हमारे पास सभी सीजन की टेक्निकल चीज़ें मिलती हैं।"ग्राहक ने कहा, "यह क्या, यहाँ तो बड़ी ठंडक है। बदन जकड़ा जा रहा है। ऐसी ठिठुरती ठंडी में आदमी सामान खरीदने से ज्यादा शौचालय के चक्कर लगाएगा।"

"साहब यह सब हमारे 'महास्मार्ट एसी' का कमाल है। एकदम हाइली अडवांस टेक्निक से काम करता है। शरीर के भार और आकार के हिसाब से या यूँ कहिए कि उसके क्षेत्रफल के हिसाब से उतनी ही ठंडक देता है जितना कि सामने वाला सह जाए। मालिक को मालिक के हिसाब से, मालकिन को मालकिन के हिसाब से ठंडक देता है। एक बार यह एसी आपके दिमाग में बैठ गया तो आप दूसरे एसी के बारे में भूलकर भी नहीं सोचेंगे।""हाँ-हाँ सही कहते हो। ठंड के मारे मेरा दिमाग जकड़ा जा रहा है। सिरदर्द होने लगा है। आदमी जो लेगा सो लेगा उससे पहले वह अपना इलाज कराने अस्पताल जाएगा।""यह सब छोड़िए साहब! बताइए आपको क्या चाहिए?""मुझे कुछ नए प्रॉडक्ट्स दिखायें। एकदम हाइली अडवांस और स्मार्ट।""जरूर-जरूर! साहब यह छतरी देखिए। गर्मी में धूप से बचाता है और बरसात में पानी से।""वाह! क्या कमाल की छतरी है। इतनी कमाल की छतरी को शोरूम में क्यों, विश्व धरोहर के अंतर्गत संग्रहालय में रखवाना चाहिए।""अरे साहब! आप मजाक समझते हैं। यह कोई ऐसी-वैसी छतरी नहीं है। धूप में एसी बनकर ठंडक देता है। बरसात में पानी सोख लेता है।"

"अच्छा-अच्छा! यह सब रहने दीजिए। आपके पास सभी सीजन के लिए कोई अच्छा सा कोट है?""हाँ-हाँ क्यों नहीं! यह देखिए 'ऑल सीजनल 365' कोट। यह बड़ा कमाल का कोट है।

ठंडी में गर्मी और गर्मी में ठंडक देता है।" "अगर बरसात और गर्मी एक साथ आ जाए तो""तब तो यह कोट और भी बढ़िया काम करता है। बरसात के पानी को बर्फ बनाकर गर्मी भगा देता है।""यहाँ तो सभी आइटम ऑल सीजनल हैं। ऐसा क्यों?""साहब पहले बरसात के समय बरसात, ठंडी के समय ठंडी और गर्मी के समय गर्मी का मौसम आता था। अब सभी मौसम कॉकटेल की तरह मिलकर आते हैं।

इसलिए हमें ऐसे प्रॉडक्ट्स बनाने पड़ रहे हैं, जो सभी मौसम में काम कर सके।""तब तो वह दिन दूर नहीं कि आप लोग ऐसे भी कोट बनायेंगे जो एकदम पारदर्शी होंगे। जिसे केवल पैसे देने वाला महसूस कर सकेगा और बाकी लोग बिलकुल नहीं।"

"साहब आपको कैसे पता?""क्योंकि आप लोग व्यापार नहीं कर रहे, ग्राहक का मजाक उड़ा रहे हैं। सीजन के नाम पर ग्राहक का विजन खराब करके रख दिया है।"

युद्ध में खुद लड़ चुके हैं बेंजामिन नेतन्याहू

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास को खत्म करने की घोषणा कर दी है। ऐसा माना जा रहा है कि हालिया युद्ध से नेतन्याहू की गठबंधन की सरकार को थोड़ी स्थिरता मिलेगी। नेतन्याहू की लिकुड पार्टी ने इजरायल की अति-रूढ़िवादी पार्टियों की मदद से सरकार बनाई है। उन पर भ्रष्टाचार का मुकदमा भी चल रहा है।इजरायल के वरिष्ठ नेता बेंजामिन नेतन्याहू को 'बीबी' नाम से भी जाना जाता है। वह आखिरी बार पिछले साल (2022) में एक नवंबर को चुनाव जीते थे और 29 नवंबर को छठी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। इस सरकार को अल जज़ीरा ने इजरायल के इतिहास का सबसे धार्मिक और कट्टरपंथी सरकार बताया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नेतन्याहू की सरकार को अतिराष्ट्रवादी धार्मिक गुटों का भी समर्थन हासिल है। नेतन्याहू के नाम इजरायल का सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड है। बेंजामिन नेतन्याहू का जन्म 1949 में तेल अवीव (इजरायल का एक शहर) के जाफ़ा में हुआ था। नेतन्याहू की मां तज़िला सेगल एक इजरायली मूल की यहूदी थीं और पिता बेंज़ियन नेतन्याहू पोलैंड के यहूदी थे। वह पेशे से इतिहासकार थे और अकादमिक जगत में उनकी पहचान थी। पहले बेंजामिन नेतन्याहू के पिता का नाम बेंज़ियन मिलेकोव्स्की हुआ करता था। फिलिस्तीन में बसने के बाद उन्होंने अपना सरनेम बदल लिया। इजरायल के प्रधानमंत्री के पुरखों की जड़ें स्पेन से जुड़ी बताई जाती हैं। साल 1963 में बेंजामिन नेतन्याहू का परिवार अमेरिका चला गया, क्योंकि उनके पिता को एक बढ़िया अकादमिक पद मिल गया था। नेतन्याहू के पिता को एक 'Revisionist Zionist' माना जाता है। उनका मानना था कि इजरायल जॉर्डन नदी के दोनों किनारों पर होना चाहिए। उन्होंने पड़ोसी अरब देशों के साथ समझौते को भी मानने से इनकार कर दिया था। अमेरिका जाने से पहले बेंजामिन नेतन्याहू की शुरुआती पढ़ाई-लिखाई यरूशलेम (इजरायल की राजधानी) में हुई थी। आगे की पढ़ाई अमेरिका में हुई। बेंजामिन नेतन्याहू जब 18 साल के थे, तब उनका परिवार इजरायल लौटा। वह 1967 में इजरायल की सेना में शामिल हो गए। वह इजरायली सेना के एक विशेष कमांडो यूनिट सायरेट मटकल में कप्तान थे। सेना में रहते हुए वह फिलिस्तीनी उग्रवादियों के एक हमले में घायल हो गए थे। दरअसल 1972 में फिलिस्तीनी उग्रवादियों ने बेल्जियम के विमान को इजरायल में लैंड होने पर हाईजैक कर लिया था, उसी दौरान नेतन्याहू घायल हुए थे। नेतन्याहू 1973 के अरब-इजरायल युद्ध में भी अपने देश के लिए लड़े थे। बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू के भाई जोनाथन 1976 में युगांडा में मारे गए थे। वह एक अपहृत विमान से बंधकों को छुड़ाने के लिए किए गए ऑपरेशन का नेतृत्व कर रहे थे। नेतन्याहू ने अपने भाई की स्मृति में एक आतंकवाद विरोधी संस्थान की स्थापना की। 1982 में बेंजामिन नेतन्याहू को वाशिंगटन स्थित इजरायल दूतावास में चीफ ऑफ मिशन बनाकर भेजा गया। 1984 में उन्हें संयुक्त राष्ट्र में इज़रायल का राजदूत नियुक्त किया गया। नेतन्याहू अंग्रेजी के अच्छा वक्ता है। इसकी मदद से वह जल्द ही अमेरिकी टेलीविजन पर जाना-पहचाना चेहरा बन गए। वह अमेरिका में इजरायल का पक्ष प्रभावी तरीके से रखने के लिए जाने गए। प्रधानमंत्री यित्ज़ाक शमीर के कार्यकाल में नेतन्याहू को उप विदेश मंत्री बनाया गया था। जल्द ही पार्टी में भी उनका कद बढ़ गया। 1993 में वह इजरायल की दक्षिणपंथी लिकुड पार्टी के अध्यक्ष बन गए। 1992 के चुनाव में लिकुड पार्टी को हार मिली थी। नेतन्याहू ने जीत के लिए रणनीति बनाई। हालांकि कुछ वक्त बाद ही नेतन्याहू के हाथ से पार्टी की कमान निकलकर एरियल शेरोन के हाथों में चली गई। 2005 में शेरोन के लिकुड छोड़कर कदीमा बनाने के बाद ही नेतन्याहू को पार्टी की कमान वापस मिली।

नेतन्याहू पहली बार साल 1996 में प्रधानमंत्री बने और 1999 तक पद पर रहे। इसके बाद 2009 से 2021 तक रिकॉर्ड 12 साल का पीएम रहे। नवंबर 2022 में उन्होंने छठी बार पद संभाला।

अल जज़ीरा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू पर धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार का आरोप है। उन पर आरोप है कि उन्होंने अपने करोड़पति दोस्तों से महंगे गिफ्ट्स लिए और इसके बदले उन्हें फायदा पहुंचाया। ऐसे लोगों में ऑस्कर-नॉमिनेटेड इजरायली-अमेरिकी हॉलीवुड प्रोड्यूसर आर्नन मिलचन का भी नाम है। आरोप है कि साल 2009 में मिचलन ने नेतन्याहू को करीब एक लाख डॉलर के गिफ्ट्स दिए थे, जिसमें महंगी शराब और सिगार शामिल थे। इसके बदले प्रधानमंत्री ने उन्हें अमरीकी वीज़ा दिलाने में मदद की। साल 2019 में नेतन्याहू को पॉजिटिव कवरेज के बदले मीडिया टाइकून को फायदा पहुंचाने का आरोप लगा था। नेतन्याहू ने इजरायल के अखबार 'येदियत अहरोनात' से अपने पक्ष में खबर चलवाई थी। हालांकि नेतन्याहू ने किसी गलत काम में अपनी संलिप्तता से इनकार किया।

घटस्थापना और व्रत का महत्व

घट स्थापना के लिए जरूरी चीजें

देवी के श्रृंगार की चीजें

कल से शुरू होगी दुर्गा पूजा, 6 तरह से किया जा सकता है उपवास

कलश स्थापना के लिए शुभ मुहूर्त 15 अक्टूबर को प्रातः 11:38 से दोपहर 12:23 बजे तक है। इस समय अभिजीत मुहूर्त है, जो पूजा पाठ के लिए शुभ माना जाता है।

कल नवरात्रि का पहला दिन है। देवी पूजा का नौ दिवसीय पर्व 23 अक्टूबर तक चलेगा। पौराणिक कथाओं के मुताबिक आश्विन मास की शुक्ल प्रतिपदा से देवी दुर्गा और महिषासुर के बीच युद्ध शुरू हुआ था। नौवें दिन यानी नवमी तिथि पर देवी मां ने महिषासुर का वध कर दिया था। इसी कथा की वजह से देवी पूजा का महापर्व नौ दिनों तक चलता है। इन नौ दिनों में देवी मां के लिए व्रत-उपवास करने की परंपरा है।

अगर आप नवरात्रि में घट स्थापना और व्रत करना चाहते हैं तो इसके लिए कुछ खास तैयारियां पहले कर लें। जानिए नवरात्रि में घट स्थापना और व्रत से जुड़ी कौन-कौन सी तैयारियां करनी चाहिए, कौन सी सावधानियां रखनी चाहिए...

नवरात्रि में व्रत करने के अलग-अलग तरीके कौन से हैं?

वैसे तो व्रत और साधनाओं के लिए कई तरह की विधियां हैं लेकिन इन 6 तरीकों से सबसे ज्यादा नवरात्रि के उपवास किए जाते हैं।

नवरात्रि में अधिकतर लोग निराहार और निर्जला यानी भूखे-प्यासे रहकर व्रत करते हैं।

अन्न छोड़कर फलाहार, दूध, फलों का रस पीकर भी व्रत किया जाता है।

कुछ लोग नौ दिनों तक नमक छोड़ देते हैं, यानी बिना नमक का खाना खाते हैं।

कुछ लोग एक समय खाना खाते हैं।

नौ दिनों तक मौन रहकर भी व्रत किया जाता है।

नवरात्रि में जूते-चप्पल छोड़कर भक्ति की जाती है, व्रत करने का ये भी एक तरीका है।

किन लोगों को व्रत नहीं करना चाहिए?

जिन लोगों को बीमारियां हैं और खाने के बाद दवाइयां लेनी होती हैं, उन्हें व्रत करने से बचना चाहिए। बीमारियां जैसे- डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, थायराइड, गैस, एसिडिटी, अपच, सिरदर्द, कमजोरी, खून की कमी आदि।

जिन लोगों को रात में देर तक जागना होता है या दिनचर्या अनियमित होती है, उन्हें भी व्रत करने से बचना चाहिए।

नवरात्रि में व्रत करते हैं तो सेहत का ध्यान कैसे रखें?

जिन लोगों को कोई गंभीर बीमारी है, उन्हें व्रत-उपवास करने से बचना चाहिए। अगर कोई सामान्य बीमारी है, तब अपने डॉक्टर से पूछकर ही व्रत करें।

जो लोग स्वस्थ हैं, उन्हें भी सेहत का ध्यान रखते हुए व्रत करना चाहिए। अन्न छोड़कर व्रत करने वाले लोगों को फल, फलों के रस का सेवन करते रहना चाहिए। व्रत के दिनों में नारियल पानी पीएंगे तो बहुत अच्छा रहेगा। दिनभर में 3-4 लीटर पानी पीते रहें। इसके अलावा दूध भी लें। ग्रीन टी, लेमन टी भी ले सकते हैं। ज्यादा देर तक भूखे-प्यासे रहने से बचें। थोड़ी-थोड़ी में कुछ न कुछ खाते-पीते रहें। काजू-बादाम, अखरोट, अंजीर जैसे ड्रायफ्रूट्स थोड़े-थोड़े खा सकते हैं।

नवरात्रि कब-कब आती है?

जवाब- हिन्दी पंचांग के मुताबिक साल में कुल चार बार चैत्र, आषाढ़, आश्विन, माघ महीने में ऋतुओं के संधिकाल के समय नवरात्रि आती है। माघ और आषाढ़ मास में गुप्त नवरात्रि आती हैं। इनमें तंत्र-मंत्र से जुड़ी साधनाएं की जाती हैं। चैत्र और आश्विन मास की नवरात्रि सामान्य रहती है। इन दिनों में सभी लोग देवी पूजा करते हैं। चैत्र नवरात्रि मार्च-अप्रैल में आती है। आषाढ़ की जून-जुलाई में, आश्विन की सितंबर-अक्टूबर में और माघ की नवरात्रि दिसंबर-जनवरी में आती है। ऋतुओं का संधिकाल यानी जब एक ऋतु खत्म होती हैं और दूसरी ऋतु शुरू होती है। जैसे माघ नवरात्रि के समय शीत ऋतु खत्म होती है और बसंत ऋतु शुरू है। चैत्र नवरात्रि बसंत और ग्रीष्म ऋतु के संधिकाल में आती है। आषाढ़ में गर्मी और वर्षा का संधिकाल होता है। आश्विन नवरात्रि वर्षा और शीत ऋतु के संधिकाल में आती है।

व्रत करने से सेहत को क्या लाभ मिलता है?

नवरात्रि ऋतुओं के संधिकाल में आती है यानी एक ऋतु खत्म होती है और दूसरी ऋतु शुरू होती है। अभी वर्षा ऋतु खत्म हुई है और शीत ऋतु शुरू हो रही है। ऐसे समय में मौसमी बीमारियां होने की संभावनाएं काफी बढ़ जाती हैं। इन दिनों में खान-पान और जीवन शैली में बदलाव करने से सेहत ठीक रहती है। सीजन चेंज के दिनों में व्रत करने से खान-पान को लेकर सतर्क रहते हैं। अन्न और तेल-मसाला नहीं खाते हैं तो हमारे पाचन तंत्र को खाना पचाने में ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ती है। गैस, अपच जैसी पेट से जुड़ी बीमारियां ठीक हो सकती हैं। आयुर्वेद में बीमारियों को ठीक करने की एक विधि है लंघन। इस विधि में निराहार रहकर बीमारियां ठीक की जा सकती हैं। व्रत के दिनों में फलों का सेवन करने से जरूरी ऊर्जा मिलती है।

व्रत करने वाले भक्त कौन-कौन से काम करें

सुबह जल्दी उठें। पूजा-पाठ, मंत्र-जप करें।

फल खाएं या फलों का रस लें।

दोपहर में राजगिरे के आटे, सिंघाड़े के आटे से बनी चीजें, मीठा दही खा सकते हैं।

डायबिटीज नहीं है तो दूध से बनी मिठाई खा सकते हैं।

शाम को दूध, ग्रीन टी या लेमन टी लें।

सूर्यास्त के समय फल और फलों का रस लें।

सोने से पहले हल्का गर्म दूध पी सकते हैं।

व्रत करने वाले भक्त कौन-कौन से काम न करें

हैवी वर्कआउट न करें।

ज्यादा देर तक धूप में न रहें।

ज्यादा साइकिलिंग या ज्यादा रनिंग न करें।

नींद के समय को लेकर लापरवाही न करें।

गुस्सा न करें और धैर्य के साथ काम करें।

ज्यादा एनर्जी खर्च करने वाले कामों से बचें।

देवी पूजा के लिए मंत्र

सर्वमंगलमांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।
शरण्येत्र्यम्बके गौरी नारायणि नमोस्तु ते।।

ॐ जयन्ती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी।
दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तुते।।

ॐ दुं दुर्गायै नमः

या देवी सर्वभूतेषु विष्णुमायेति संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे।

मंत्र जप से जुड़ी खास बातें

नवरात्रि में रोज सुबह कम से कम 108 बार मंत्र जप करें।

जप संख्या ध्यान रखने के लिए रुद्राक्ष की माला का इस्तेमाल करें।

जप के लिए शाति और पवित्र जगह चुनें।

कुश के आसन पर बैठकर देवी का ध्यान करते हुए मंत्र जप करें।

सर्वपित्र अमावस्या पर करें ये शुभ काम

अमावस्या पर ग्रहण का सूतक नहीं रहेगा तो पूरे दिन सभी तरह के पूजन-पाठ किए जा सकेंगे।

ग्रहण के दिन दान-पुण्य करना चाहते हैं तो भक्त अपनी इच्छा के अनुसार दान कर सकते हैं।

अमावस्या पर पवित्र नदियों में स्नान करने की परंपरा है। इस तिथि पर गंगा, यमुना, सरस्वती, नर्मदा, शिप्रा जैसी पवित्र नदियों में स्नान के लिए काफी अधिक भक्त पहुंचते हैं। स्नान के बाद नदी किनारे पर दान-पुण्य करना चाहिए।

जो लोग नदी में स्नान नहीं कर पा रहे हैं, उन्हें घर पर ही पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान करना चाहिए। स्नान करते समय सभी तीर्थों का और नदियों का ध्यान करना चाहिए।

जरूरतमंद लोगों को धन, अनाज, जूते-चप्पल और कपड़े का दान करें। अमावस्या पर किए गए शुभ कर्मों का अक्षय पुण्य मिलता है।

सूतक के समय नहीं किए जाते हैं पूजा-पाठ

ग्रहण के सूतक के समय में पूजा-पाठ, किसी नए काम की शुरुआत, जनेऊ, मुंडन, विवाह जैसे शुभ संस्कार नहीं किए जाते हैं। इसी वजह से ग्रहण का सूतक शुरू होते ही मंदिर बंद कर दिए जाते हैं। ग्रहण खत्म होने के बाद मंदिरों की साफ-सफाई होती है, इसके बाद मंदिर भक्तों के लिए खोले जाते हैं। सूतक में दान-पुण्य, धीमी आवाज में मंत्र जप, ध्यान जैसे शुभ कर्म किए जा सकते हैं।

अमावस्या पर ऐसे कर सकते हैं धूप-ध्यान

अमावस्या की सुबह जल्दी उठें और स्नान के पूजा-पाठ करें। इसके बाद पितरों के लिए शुद्ध सात्विक खाना बनाएं। खीर-पुड़ी बना सकते हैं। जिस जगह पर धूप-ध्यान करना है, उस जगह को गोबर से लिपें।

गंगाजल का छिड़काव करें। गाय के गोबर से बने कंडे जलाएं और जब कंडे के अंगारों से धुआं निकलना बंद हो जाए, तब अंगारों पर गुड़, घी, खीर-पुड़ी अर्पित करें। पितरों का ध्यान करते रहें।

हथेली में जल लेकर अंगूठे की ओर से पितरों को चढ़ाएं।

आप चाहें तो किसी ब्राह्मण की मदद से भी धूप-ध्यान कर सकते हैं। ऐसा करने से विधिवत धूप-ध्यान कर पाएंगे। श्राद्ध कर्म के बाद ब्राह्मण को दान-दक्षिणा जरूर दें। भोजन कराएं।

तमन्ना भाटिया का 18 साल पुराना वीडियो हुआ वायरल 10वीं क्लास में भी एक्ट्रेस का था ऐसा 'चांद सा रोशन चेहरा'

मशहूर एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया का एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह खुद को 10वीं क्लास में बता रही हैं। एक्ट्रेस का ये वीडियो देख फैंस खूब रिएक्ट करने लगे। कुछ ने उनकी उम्र पर सवाल उठाया तो कुछ ने कहा कि वह आज भी बहुत यंग और खूबसूरत लगती हैं। मशहूर एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने करियर की शुरुआत साल 2005 में अभिजीत सावंत के म्यूजिक एलबम 'लफ्जो में' से की थी। लेकिन क्या आप जानते हैं एक्ट्रेस को पहली फिल्म साढ़े 13 साल की उम्र में मिल गई थी। जब उनकी पहली फिल्म पूरी हुई तो वह 10वीं क्लास में थीं। ये बात खुद तमन्ना भाटिया ने एक ऑडिशन में कही थी। एक्ट्रेस का 18 साल पुराना वीडियो वायरल हो रहा है जिसे देख फैंस शॉक्ड हो गए हैं। सोशल मीडिया पर तमन्ना भाटिया का एक थ्रोबैक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वह बता रही हैं कि वह कौन सी

क्लास में हैं और उनका डेब्यू कैसे हुआ। अब 18 साल पुराना एक्ट्रेस का लुक देख फैंस हक्का बक्का रह गए। कुछ कह रहे हैं कि तमन्ना आज भी बिल्कुल नहीं बदली तो कुछ कह रहे हैं कि वह वीडियो में बिल्कुल भी टीनएज की नहीं लग रही हैं।

तमन्ना भाटिया क्या कह रही हैं इस वीडियो में

वायरल हो रहे वीडियो में तमन्ना भाटिया कह रही हैं, 'जब मैंने पिक्चर साइन की थी तो 13.5 साल की थीं। मैं अभी स्कूल में हूं। साल 2005 में 10th स्टैंडर्ड पूरा करने वाली हूं। आजकल मैं पढ़ाई भी दे रही हूं।' तमन्ना भाटिया का 18 साल पुराना लुक देख फैंस ने खूब कमेंटबाजी करना शुरू कर दिया। एक फैन ने लिखा, 'यह मजाक कर रही हैं। लग ही नहीं रहा कि ये 10वीं क्लास में पढ़ती हैं।' वहीं एक ने लिखा, '15 साल की उम्र में इतना मिच्योर आवाज। वाह'। वहीं कुछ यूजर्स तो पूरा गणित लगाने लगे कि अगर तमन्ना भाटिया का जन्म 1989 में हुआ है तो वह डेब्यू के वक्त 10वीं क्लास में 16 साल की हुईं। तो कुछ लोग एक्ट्रेस की उम्र पर सवाल खड़े करते हुए कहने लगे कि वह देखने में 25 साल की लग रही हैं।

तमन्ना भाटिया ने करियर में तेलुगू, हिंदी और तमिल सिनेमा में खूब काम किया है। 2005 में उन्होंने हिंदी फिल्म 'चांद सा रोशन चेहरा' से डेब्यू किया था। फिलहाल वह 33 साल की हैं।

'यश को किस्मत से मिली केजीएफ', रवि तेजा के कमेंट से 'रॉकी भाई' के फैंस को लगी मिर्ची तो मचा दिया तांडव!

रवि तेजा ने कहा है कि यश की किस्मत अच्छी है कि उन्हें केजीएफ जैसी फिल्म मिल गई। यह कमेंट यश के फैंस को रास नहीं आया, और उन्होंने रवि तेजा पर धावा बोल दिया। यश के फैंस ने रवि तेजा से माफी मांगने तक को कह दिया।

तेलुगू फिल्म स्टार और प्रोड्यूसर रवि तेजा इस वक्त अपनी पैन इंडिया फिल्म 'टाइगर नागेश्वर राव' को प्रमोट करने में बिजी हैं। रवि तेजा ने हाल ही इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान कन्नड़ स्टार यश को लेकर ऐसा कमेंट कर दिया, जिससे फैंस नाराज हो गए। उन्होंने रवि तेजा की क्लास लगा दी और साथ ही कहा कि वो यश की फैन आर्मी से माफी मांगें। मालूम हो कि 'टाइगर नागेश्वर राव' रवि तेजा की पहली पैन इंडिया मूवी है। यानी यह उनकी पहली फिल्म है, जो पूरे देश में रिलीज होगी। वहीं यश फिल्म 'केजीएफ' से बड़े पैन इंडिया स्टार बने।

रवि तेजा ने इंटरव्यू दिया, जिसमें उनसे पूछा गया था कि वह



साउथ के किस सुपरस्टार से क्या चीज चुराना चाहेंगे। रवि तेजा ने कहा कि वह रामचरण और थलपति विजय से उनका डांसिंग टैलेंट, प्रभास से उनका लार्जर-देन-लाइफ अपीयरेंस चुराना चाहेंगे। साथ ही कहा कि वह एसएस राजामौली से उनका कमाल का विजन चुराना चाहेंगे।

यश लकी हैं कि केजीएफ मिली, फैंस बोले- मेहनत से मिली, माफी मांगो

जब रवि तेजा से पूछा गया कि वह यश से क्या चुराना चाहेंगे, तो एक्टर ने कहा कि उन्होंने यश को सिर्फ 'केजीएफ' में देखा है। यश बहुत लकी हैं कि उन्हें वह फिल्म मिली। तो वह उसे चुराना चाहेंगे। इसी कमेंट पर यश के फैंस नाराज हो गए। एक्स पर शेयर किए गए रवि तेजा के वीडियो पर यश के फैंस के खूब कमेंट आ रहे हैं। उनका कहना है कि यश को 'केजीएफ' उनकी 8 साल की कड़ी मेहनत और डेडिकेशन की वजह से मिली। फैंस ने कहा कि रवि तेजा को माफी मांगनी चाहिए।

एक्ट्रेस के लिए 'शेल्फ लाइफ' शब्द के इस्तेमाल पर ऋचा को है आपत्ति, बोलीं- मैं जैम की बोतल नहीं

अभिनेत्री ऋचा चड्ढा इन दिनों 'फुकरे 3' को लेकर चर्चा में हैं। 28 सितंबर को रिलीज हुई इस फिल्म में भोली पंजाबन बनकर ऋचा ने एक बार फिर दर्शकों का दिल जीता है। ऋचा के करियर की बात करें तो उन्होंने 2008 में 'ओए लक्की! लक्की ओए' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। तब से अब तक उन्होंने कई अहम रोल अदा किए हैं। ऋचा चड्ढा ने हाल ही में हीरोइनों के लिए इस्तेमाल होने वाले 'शेल्फ लाइफ' शब्द के इस्तेमाल पर आपत्ति जताई है। साथ ही उन्होंने एक निर्देशक के साथ हुई अजीबोगरीब घटना का भी जिक्र किया।

हाल ही में ऋचा चड्ढा ने 'शेल्फ लाइफ' शब्द के इस्तेमाल पर आपत्ति जताते हुए कहा, 'मैं कोई जैम की बोतल नहीं हूं!' इसके बाद उन्होंने वर्षों पहले एक निर्देशक के साथ घटी एक घटना के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'एक बार एक डायरेक्टर ने मुझे एक रोल ऑफर किया, जिसमें मुझे एक 70 वर्षीय एक्टर की पत्नी की भूमिका अदा करनी थी। मैं तब 30 की हुई थी, फिल्म में करने के लिए मेरे लिए खास नहीं था। साथ ही 70 साल के एक इंसान के अपोजिट नजर आकर मुझे अपने लिए इंडस्ट्री में अवसर कम खत्म नहीं करने थे'।

ऋचा ने जब यह किरदार अदा नहीं करने को लेकर निर्देशक को बताया तो निर्देशक ने उनकी आलोचना की। साथ ही कहा कि वह एक हीरोइन के रूप में काम नहीं कर पाएंगी, क्योंकि उन्होंने 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' में नवाजुद्दीन सिद्दीकी की मां की भूमिका निभाई है। ऋचा ने आगे कहा, 'वह निर्देशक आज कहीं नहीं है और उन्होंने मुझे 'तुम्हारी शेल्फ लाइफ' जैसे शब्दों का इस्तेमाल करते हुए यह जता दिया था कि वह महिलाओं के बारे में क्या सोचते हैं। उन्होंने 'शेल्फ लाइफ' जैसे शब्द का इस्तेमाल ऐसे किया जैसे कि मैं जैम की एक बोतल थी!'

इस इंटरव्यू के दौरान ऋचा से पूछा गया कि वह कोई फिल्म साइन करने से पहले किन चीजों का ध्यान रखती हैं? इस पर उन्होंने कहा, 'वह इस बात का ध्यान रखती हैं कि जो शख्स उनके अपोजिट नजर आए वह उनसे भी ज्यादा स्मार्ट हो और उनसे भी ज्यादा किरदार के लिए प्रतिबद्ध हो।'

बात करें फिल्म 'फुकरे 3' की तो यह इस फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। इसमें ऋचा के अलावा पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा, पंकज त्रिपाठी, मनजोत सिंह जैसे सितारे भी नजर आए हैं। कलेक्शन के बात करें तो शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक अब तक इस फिल्म ने 85.76 करोड़ रूपये का कारोबार किया है।

तनुश्री दत्ता ने राखी सावंत के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर, कहा- 'उसकी वजह से मैंने बहुत ट्रॉमा झेला, अब उसे बख्शा नहीं जाएगा'

बॉलीवुड एक्ट्रेस तनुश्री दत्ता और ड्रामा क्वीन राखी सावंत के बीच विवाद बढ़ा जा रहा है. दोनों ने एक दूसरे पर कई आरोप लगाए हैं. वहीं तनुश्री दत्ता ने अब राखी सावंत द्वारा उनकी इमेज को और ज्यादा नुकसान पहुंचाने से रोकने के लिए कानूनी रास्ता अपनाया है. एक्ट्रेस ने राखी के खिलाफ ओशिवारा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई है. वहीं तनुश्री दत्ता ने इसे लेकर मीडिया से भी बात की और कहा, ₹मैं राखी सावंत के खिलाफ 2018 में मी टू मूवमेंट के दौरान हुए साइकलॉजिकल ट्रॉमा के लिए एफआईआर दर्ज करने आई हूं. एफआईआर में कई कारणों के आधार पर कई दंड संहिताएं जोड़ी गई हैं.₹ तनुश्री ने आगे कहा, हमने उनके हर बयान का रिकॉर्ड बनाया है जो उन्होंने मेरे खिलाफ दिया है. इस बार उसे बख्शा नहीं जाएगा. अब प्रोसेस शुरू हो गया है, वे जल्द ही कार्रवाई करेंगे और मैंने उन्हें पूरी बैकग्राउंड अवेलेबल करा दी है."

तनुश्री और राखी के बीच कैसे शुरू हुआ विवाद

तनुश्री ने ये भी शेयर किया कि वास्तव में क्या हुआ था. उन्होंने कहा, ₹बैकग्राउंड ये है कि फिल्म हॉर्न ओके प्लीज के दौरान, उन्होंने पहले राखी को हटाकर मुझे फिल्म में शामिल कर लिया था और फिर नाना पाटेकर के साथ विवाद के बाद, उन्होंने फिर से राखी को वापस ले लिया. इसलिए ये एक प्लानंड कदम था. मेरे नाम का इस्तेमाल करके फिल्म को प्रमोट करें. उन्होंने मेरे सभी चेक बाउंस कर दिए. यह सब प्लानंड था और राखी इसका हिस्सा थीं.

राखी की वजह से ट्रॉमा में रहीं तनुश्री

तनुश्री ने अपने ट्रॉमा को लेकर कहा, राखी की वजह से मैं काफी इमोशनल और साइकलॉजिकल ट्रॉमा से गुजरी हूं. उसने मेरे बारे में इतनी भयानक बातें कही थीं. मैं इसे बर्दाश्त नहीं कर सकी. राखी के पास लाइमलाइट में बने रहने के लिए हर साल एक नया ड्रामा होता है. उसने मेरी पूरी रेप्यूटेशन बर्बाद कर दी. उसने मेरी पर्सनल लाइफ पर हमला किया, उसकी वजह से मैं शादी नहीं कर सकी. राखी काफी समय तक मुझे परेशान करती रही.

तनुश्री ने राखी के खिलाफ क्यों देर से उठाया कदम

जब उनसे पूछा गया कि वह एफआईआर के लिए इतनी देर से क्यों उठीं, तो उन्होंने कहा, ₹मैं पहले से ही जाग रही थी, और मैंने 2008 और 2018 में भी नाना पाटेकर के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी. राखी ने 2018 में अपने सस्ते वीडियो और मेरे खिलाफ आरोपों के कारण मुझे इतना अनवेल और कमजोर बना दिया था. अब जब मैं वापस आ गई हूं और मेरे पास चीजों को कानूनी रूप से लेने का समय है, तो मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि राखी ने मेरे साथ जो कुछ भी किया है, उसके लिए उसे पनिश किया जाए. मैं मानती हूं, पहले मैं उसकी आक्रामकता से नहीं निपट सकता था, लेकिन अब मैं जीतूंगी." उन वीडियो को देखने के बाद अपनी स्थिति के बारे में बात करते हुए, तनुश्री ने कहा, मैं कुछ दिन पहले उन वीडियो को देखकर रो रही थी. उन्होंने इंडस्ट्री में मेरी इमेज पूरी तरह से बर्बाद कर दी और उनके फर्जी आरोपों ने मुझे काम की तलाश में अमेरिका जाने पर मजबूर कर दिया, जैसा कि उन्होंने किया था. यहां मेरे लिए यह असहनीय है. मैं चाहती हूं कि लोग अपनी आंखें खोलें और राखी जैसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें. मेरा करियर बहुत अच्छा चल रहा था और उसने इसे मेरे लिए पूरी तरह से बर्बाद कर दिया.

रिया कपूर ने फिल्म के सीक्वल पर किया बड़ा खुलासा, फिर स्क्रीन साझा करेंगी करीना-सोनम?

वर्ष 2018 में फिल्म 'वीरे दी वेडिंग' आई थी। इसमें करीना कपूर, सोनम कपूर, स्वरा भास्कर और शिखा तलसानिया नजर आई थीं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया। इस फिल्म को शशांक घोष ने निर्देशित किया था। वहीं, रिया कपूर, एकता कपूर और निखिल द्विवेदी ने इस फिल्म को प्रोड्यूस किया था। बीते काफी समय से इस फिल्म के सीक्वल को लेकर खबरें सामने आ रही हैं। इसी बीच रिया कपूर ने खुद इस बात की पुष्टि कर दी है कि 'वीरे दी वेडिंग 2' बन रही है।

सीक्वल पर किया बोलीं रिया कपूर

रिया कपूर ने एक बातचीत के दौरान फिल्म के सीक्वल का खुलासा करते हुए कहा कि वह 'वीरे दी वेडिंग 2' पर काम कर रही हैं। फिल्म के सीक्वल पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह फिल्म बहुत अलग होगी और कोई क्या अपेक्षा करता है यह फिल्म वैसी नहीं होने वाली है। इसके साथ ही रिया ने बताया कि सीक्वल बनाने में उन्हें इतना समय क्यों लगा। उन्होंने कहा, 'मैं इसे तब तक नहीं करना चाहती थी, जब तक मुझे पता नहीं था कि यह पहले वाले से बेहतर होगी और मुझे पता था कि यह बहुत कठिन होने वाला है क्योंकि 'वीरे दी वेडिंग' ही मेरा सब कुछ है।'

रिया कपूर ने किया बड़ा खुलासा

रिया आखिरकार 'वीरे दी वेडिंग 2' की कहानी से अब खुश हैं। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण फिल्म है और वह इससे काफी ज्यादा जुड़ी हुई हैं। यदि उन्हें पहली फिल्म बनाने में उतनी खुशी नहीं मिलती, जितनी फिल्म बनाने में मिली थी, तो वह इसके सीक्वल पर काम नहीं करना चाहती थीं। रिया कपूर ने खुलासा करते हुए कहा, 'तो, हां, वीरे दी वेडिंग 2 पर काम चल रहा है।' रिया ने फिल्म के सीक्वल पर काम करने की पुष्टि की है, अब तक सीक्वल के कलाकारों को लेकर कोई पुष्टि नहीं हुई है।

फिर स्क्रीन साझा कर सकती हैं करीना-सोनम

फिल्म में कलाकारों को लेकर ऐसी अफवाहें सामने आ रही है कि करीना कपूर और सोनम कपूर एक बार फिर साथ में स्क्रीन साझा करेंगी। फिल्म के सीक्वल की खबरें सामने आने के बाद फैंस की उत्सुकता बढ़ गई है। दर्शकों को इस फिल्म के सीक्वल का पहले से ही बेसब्री से इंतजार था। बता दें कि इससे पहले खबरें सामने आई थीं कि 'वीरे दी वेडिंग 2' अगले वर्ष 2024 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

'उन्हें शर्म नहीं आती तो मैं क्या कहूं?' छोटी उम्र की हीरोइनों संग एक्टरों के रोमांस पर भड़कीं रत्ना पाठक शाह

एक्ट्रेस रत्ना पाठक शाह ने उन फिल्म स्टार्स को लेकर चुभने वाली बात कही है, जो फिल्मों में छोटी उम्र की एक्ट्रेसेस संग रोमांस करते नजर आते हैं। रत्ना पाठक शाह ने कहा कि यह शर्मिंदगी वाली बात है।

अपने बिंदास और बेबाक अंदाज के लिए जानी जाने वालीं रत्ना पाठक शाह ने उन स्टार्स पर चुभने वाला कमेंट किया है, जो फिल्मों में खुद से आधी उम्र की हीरोइनों संग रोमांस करते हैं। रत्ना ने इसे शर्मनाक बताया है। सलमान खान से लेकर शाहरुख खान तक का नाम लिए बिना रत्ना पाठक शाह ने उन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। रत्ना पाठक ने कहा कि यह शर्मिंदगी की बात है कि एक्टरों को 'अपनी बेटियों से छोटी हीरोइनों' के साथ रोमांस करने में शर्म नहीं आती। रत्ना ने कहा कि जब एक्टरों को ही इसमें शर्म नहीं है, तो फिर वह ही क्या बोलें। नसीरुद्दीन शाह की वाइफ और एक्ट्रेस रत्ना इस वक्त अपनी फिल्म धक धक को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 13 अक्टूबर को रिलीज हुई है। 'इंडियाटुडे कॉन्क्लेव' के दौरान बॉलीवुड में उम्र को लेकर स्टीरियोटाइप और हीरो-हीरोइनों के बीच उम्र के अंतर पर बात की। रत्ना पाठक शाह ने कहा, 'जब उन्हें शर्म नहीं आती तो मैं क्या कहूं? उन्हें अपनी बेटियों से कम उम्र की हीरोइनों के साथ रोमांस करने में कोई शर्म नहीं है, इसलिए मेरे पास कहने के लिए कुछ नहीं है। मेरा मतलब है कि यह शर्मिंदगी है।'

शाहरुख से लेकर सलमान पर कसा तंज?

मालूम हो कि बॉलीवुड में अभी सलमान, शाहरुख, अक्षय कुमार और आमिर खान ऐसे स्टार्स हैं, जो फिल्मों में खुद से आधी उम्र की हीरोइनों के साथ रोमांस करते नजर आते हैं। अपने बयान में रत्ना पाठक शाह ने कहीं भी इन स्टार्स का नाम नहीं लिया, पर इशारा उन्हीं की तरफ माना जा रहा है।

'वक्त बदलेगा, महिलाएं लीड करेंगी'

रत्ना पाठक शाह मानती हैं कि जल्द ही अब सिनेमा में बदलाव आएगा और महिलाएं लीड करती दिखेंगी। वह बोलीं, 'बदलाव होगा। मुझे यकीन है, महिलाएं अब बुर्का या घूंघट में नहीं रह रही हैं। हम आज आर्थिक रूप से अधिक मजबूत हैं। हम कुछ कहानियों को आगे बढ़ाएंगे, महिलाएं अपना रास्ता बनाएंगी। इसमें समय लगेगा लेकिन हम निश्चित रूप से अपना रास्ता बनाएंगे।'

'धक धक' में दिखीं रत्ना पाठक शाह

बात करें रत्ना पाठक शाह की फिल्म 'धक धक' की, तो इसमें फातिमा सना शेख, दीया मिर्जा और संजना सांघी हैं। फिल्म को तरुण डुडेजा ने डायरेक्ट किया है।

बॉक्स ऑफिस पर उड़ी शहनाज गिल भूमि पेडनेकर की 'थैंक यू फॉर कमिंग' की धज्जियां

पिछले हफ्ते तीन फिल्में एकसाथ रिलीज हुई। इनमें से रिया कपूर और एकता कपूर द्वारा प्रड्यूस फिल्म 'थैंक यू फॉर कमिंग' महिलाओं के सेक्शुअल डिजायर की कहानी है जो लोगों के पल्ले नहीं पड़ी है। वहीं अक्षय कुमार और परिणीति चोपड़ा की फिल्म "मिशन रानीगंज'की कहानी लोगों के दिलों को छू रही है।

रिया कपूर और एकता कपूर द्वारा प्रड्यूस फिल्म 'थैंक यू फॉर कमिंग' को लोगों ने सिनेमाघरों में झटक दिया है। फिल्म अब ना के बराबर कमाई के आंकड़ों पर दम तोड़ती दिख रही है। करण बूलानी निर्देशित एडल्ट कॉमेडी फिल्म की कहानी और कॉमेडी दोनों भी दर्शकों को अपनी तरफ खींच पाने में नाकाम साबित हुई है। लोग सोशल मीडिया पर फिल्म की जमकर धज्जियां भी उड़ा रहे हैं। इन सबका असर फिल्म की कमाई पर भी खूब दिख रहा है। वहीं 6 अक्टूबर को ही रिलीज हुई 'मिशन रानीगंज' ने कमाई की रफ्तार बरकरार रखी है।

सेक्स कॉमेडी जॉनर में बनी फिल्म 'थैंक यू फॉर कमिंग' महिलाओं के यौन सुख को लेकर उनकी इच्छा की कहानी वो फिल्म है, जो समाज में अब तक चले आ रहे टैबू को तोड़ती भी है। हालांकि, पब्लिक के हलक से इसका पास होना मुश्किल लग रहा है और यही वजह है कि सिनेमाघरों में ये दर्शकों के लिए रोज तरस रही है। भूमि पेडनेकर, कुशा कपिला और शहनाज गिल स्टारर फिल्म 'थैंक यू फॉर कमिंग' की कमाई गुरुवार को घटकर और नीचे आ गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने गुरुवार को केवल 34 लाख रुपये ही कमाए हैं और इस तरह 7 दिनों में फिल्म ने केवल 4.64 करोड़ रुपये की कमाई की है।

अक्षय कुमार की फिल्म 'मिशन रानीगंज' रियल हीरो की कहानी

इसके अलावा अक्षय कुमार और परिणीति चोपड़ा की फिल्म 'मिशन रानीगंज' रियल हीरो की कहानी कहती फिल्म है। निर्देशक टीनू देसाई की फिल्म 'मिशन रानीगंज', वेस्ट बंगाल के जांबाज माइनिंग इंजीनियर जसवंत गिल की की असली कहानी है। उन्होंने साल 1989 में अपनी जान की बाजी लगाकर कोयले की खदान में फंसे माइनिंग मजदूरों की जान बचाई थी।

फिल्म में अक्षय कुमार कैप्सूल गिल के किरदार में हैं। फिल्म की कहानी दर्शकों को बांधने में सफल साबित हुई है और दर्शक पूरी फिल्म के दौरान इस रेस्क्यू प्लान का हिस्सा खुद को समझते हैं। फिल्म की कमाई की बात करें तो ये हर दिन 1 करोड़ से अधिक का बिजनेस रोज कर रही है।

फिल्म ने सातवें दिन 1.30 करोड़ रुपये की कमाई की और अब तक फिल्म 18.25 करोड़ रुपये की कमाई कर चुकी है। वहीं इस फिल्म ने 7 दिनों में 24. 80 करोड़ से अधिक का वर्ल्डवाइड बिजनेस किया। 6 दिनों में फिल्म ने 23.50 करोड़ रुपये की वर्ल्डवाइड कमाई की थी। जबकि फिल्म ने 6 दिनों में देश भर में 20 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन किया है।

फैसले में देरी पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार

शिंदे गुट के विधायकों पर अहम फ़ैसला

मुंबई, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनका समर्थन करने वाले विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर फैसले में देरी के लिए महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को फटकार लगाई है। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने कहा कि यदि स्पीकर प्रक्रिया में तेजी लाने में विफल रहते है तो वह एक समयसीमा तय करेगा। कोर्ट ने इसके लिए विधानसभा अध्यक्ष को दो महीने का वक़्त मुक़र्रर किया है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को शिंदे गुट के लिए एक झटका माना जा रहा है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की खंडपीठ ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा, "हम इस अदालत की गरिमा बनाए रखने के बारे में चिंतित हैं। हमारे आदेशों का पालन किया जाना चाहिए।

विधानसभा चुनाव से पहले फ़ैसला नहीं तो कार्रवाई निरर्थक

खंडपीठ ने कहा, स्पीकर को अगले साल विधानसभा चुनाव से पहले अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला करना चाहिए। नहीं तो उनके समक्ष लंबित याचिकाओं की सुनवाई की कोई अहमियत नहीं रह जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक कोर्ट मामले की अगली सुनवाई सोमवार (16 अक्टूबर) को करेगी।

ठाकरे गुट और शरद पवार गुट की याचिका पर संयुक्त सुनवाई

शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में ठाकरे गुट और शरद पवार गुट की याचिकाओं पर संयुक्त सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश ने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर और महाधिवक्ता तुषार मेहता की बातें सुनी। कोर्ट ने कहा, 14 जुलाई को हमने नोटिस निकाला। विधायकों की योग्यता पर फैसला लेने का आदेश सितंबर में जारी किया गया था। लेकिन स्पीकर ने कुछ नहीं किया। विधानसभा अध्यक्ष ने जून के बाद से कोई कार्रवाई ही नहीं की है। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर चुनाव से पहले निर्णय नहीं लिया गया तो विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष कार्यवाही निरर्थक होगी।

'सवाल टोल मुक्ति का नहीं, सड़क बदहाली का है

मंत्री दादा भूसे से मिलकर बोले राज ठाकरे

मुंबई, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। टोल प्लाजा को लेकर हुए विवाद पर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने एक बार फिर रुख स्पष्ट किया है। उन्होंने कहा है कि लोग टोल के पैसे भरते हैं लेकिन सड़क की बदहाली ठीक नहीं होती। राज ठाकरे ने कहा, टोल मुक्ति को लेकर सवाल नही है, सवाल यह है की लोग टोल पर पैसा भरते हैं और सड़क ठीक नहीं रहती तो आखिरकार ये पैसा जाता कहां है, इसलिए ये विषय मुझे उठाना पड़ा। एक दिन पहले राज ठाकरे ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एक नाथ शिंदे से मुलाकात की थी। ठाकरे से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री शिंदे ने मंत्री दादा भूसे को ठाकरे के साथ बैठक करने के निर्देश दिए थे। उसी के मुताबिक़ आज बैठक हुई। इसके बाद राज ठाकरे मीडिया से मुखातिब थे। ठाकरे ने छोटी गाड़ियों से टोल नहीं वसूलने की मांग की है और इसे लागू करने के लिए सरकार को एक महीने का वक्त दिया है। इस बारे में भी शुक्रवार को उन्होंने कहा, हमारा विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

नौ सालों से टोल का मुद्दा उठा रहे ठाकरे

ठाकरे ने कहा, 9 साल पहले टोल नाकों की समस्या को लेकर पहली बार मैं सीएम से मिला था। तब पृथ्वीराज चौहान सीएम थे। 9 सालों में टोल नाकों को लेकर समस्या का हल नही निकला है। ठाणे के 5 एंट्री टोल नाकों में फीस में बढ़ोतरी की गई, जिसका हमने विरोध किया और उसी संदर्भ में मैंने सीएम से कल (गुरुवार 12 अक्टूबर) को मुलाकात की। इस मुलाकात में कुछ बातें तय हुई हैं। टोल पर पुलिस तैनात रहेगी जो ट्रैफिक संभालेंगी। इस बात के भी निर्देश दिए गए कि कल (शनिवार 14 अक्टूबर) से सभी टोल नाकों पर कैमरे लगाए जाएंगे जिनके जरिए राज्य सरकार मॉनिटर करेगी कि किस टोल पर कितनी गाड़ियां आ रही हैं, जा रही है। ये इनपुट सीधे मंत्रालय में जाएंगे ना कि राज ठाकरे ने की ये मांगें

मीटिंग में राज ठाकरे ने मांग की है कि जिस जगह टोल रहेगा वहां अगर सड़क खराब मिली तो उस टोल का कॉन्ट्रैक्ट रद्द कर दिया जाए। टोल भरने वाले लोगों की सुविधाओं के लिए टोल नाकों पर डिजिटल डिस्प्ले लगाए जाएं, जिनपर हर दिन गाड़ियों की एंट्री-एग्जिट के दौरान दिए गए टोल का अपडेट डिस्प्ले हो। इससे हर दिन किसी टोल पर कितना पैसा दिया जमा हुआ, यह पता चलेगा। ठाकरे ने कहा, एमएसआरडीसी के 15 और लोक निर्माण विभाग के 29 पुराने टोल को बंद करने की मांग हमने सीएम शिंदे से की है। उन्होंने महीने भर में निर्णय लेने की बात कही है।

मंत्री दादा भूसे ने दिया आश्वासन

मुख्यमंत्री शिंदे ने मंत्री दादा भूसे को ठाकरे के साथ बैठक करने के निर्देश दिए थे। इसकी पुष्टि करते हुए खुद दादा भूसे ने कहा, कल सीएम शिंदे से राज ठाकरे की मुलाकात के बाद सीएम ने मुझे इनकी मांग को लेकर बैठक करने को कहा। इसलिए आज सुबह इनके घर पर राज ठाकरे से मुलाकात हुई। इनकी मांगो पर लंबी चर्चा हुई है। राज ठाकरे की मांगों पर गौर करने का आश्वासन देते हुए मंत्री ने कहा, मैं इतना कहना चाहूंगा कि समय-समय पर इनकी मांगो पर समीक्षा की जाएगी और ज़रूरी कदम उठाए जाएंगे।

क्या है टोल का मामला

महाराष्ट्र में टोल नाकों को लेकर राज ठाकरे की पार्टी ने राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ठाकरे ने राज्य सरकार को धमकी भरे लहजे में कहा है कि अगर छोटी गाड़ियों से टोल वसूला जाएगा तो कार्यकर्ता उसका विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर हमारे कार्यकर्ताओं को किसी ने रोकने की कोशिश की तो हम टोल बूथ जला देंगे। ठाकरे ने टोल वसूली को महाराष्ट्र का सबसे बड़ा घोटाला करार दिया है। उन्होंने सत्तारूढ़ बीजेपी और शिवसेना (शिंदे गुट) को टोल मुक्त महाराष्ट्र के साल 2014 के चुनावी वादे की याद दिलाई है। सूबे के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी कहा है कि चार चक्का वाहनों से टोल नहीं वसूला जाएगा। हालांकि इसका क्रियान्वयन नहीं हो पाया है।

दिल्ली में वायु गुणवत्ता खराब

न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को सुबह का मौसम अच्छा रहा और न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग के मुताबिक, शुक्रवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के मुताबिक, सुबह नौ बजे तक शहर का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 237 था, जो खराब श्रेणी के अंतर्गत आता है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' श्रेणी में माना जाता है। 500 से अधिक एक्यूआई 'अत्यंत गंभीर' की श्रेणी में आता है। मौसम विभाग के मुताबिक, सुबह साढ़े आठ बजे तक सापेक्षिक आर्द्रता 80 फीसदी दर्ज की गई।

'हरियाणा में कांग्रेस की सरकार आने पर चार उपमुख्यमंत्री बनेंगे', भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने किया वादा

करनाल, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने दोहराया कि अगर उनकी पार्टी साल 2024 में राज्य सरकार बनाती है तो चार उपमुख्यमंत्री होंगे, जिनमें से एक ब्राह्मण समुदाय से होगा। इससे पहले कांग्रेस महासचिव कुमारी शैलजा ने बीते बुधवार को हुड्डा के उस सुझाव को खारिज कर दिया था, जिसमें कहा गया था कि कांग्रेस हरियाणा में चार उपमुख्यमंत्री बना सकती है। उन्होंने कहा था कि चार डिप्टी सीएम रखने की कोई बात नहीं है और इस बात पर जोर दिया कि पार्टी आलाकमान को राज्य के 36 समुदायों में से सीएम का चयन करना चाहिए क्योंकि पद किसी के लिए आरक्षित नहीं है। करनाल में मीडिया से बातचीत के दौरान जब भूपेंद्र सिंह हुड्डा से कुमारी शैलजा के बयान पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ऐसी बातें चुनाव घोषणापत्र का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इन बातों को घोषणापत्र में नहीं रखा गया है और ये बातें राजनीतिक हैं। हुड्डा के सुझाव को जहां कुमारी शैलजा ने खारिज कर दिया। वहीं प्रदेश के सीएम मनोहर लाल खट्टर ने हुड्डा के इस बयान को लेकर हमला बोला है। सीएम खट्टर ने हुड्डा के बयान को निंदनीय भी बताया।

सीएम शिवराज बोले- गांधी परिवार ने पहले सबको ठगा था

कमलनाथ गांधी परिवार को ही ठग रहे

भोपाल, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। गांधी परिवार ने पहले सब को ठगा था लेकिन कमलनाथ गांधी परिवार को ही ठग रहे हैं। ये कहना है मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का। उन्होंने आज अपने निवास पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कमलनाथ और गांधी परिवार दोनों पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने प्रियंका गांधी के मंडला दौरे पर निशाना साधते हुए कहा कि कल जिस तरह से प्रियंका से घोषणाएं करवाई गईं ।मैंने वह वीडियो देखा है। कई घोषणाएं कर के वे बैठ गईं। ये बोले एक और कर दो। वोट के लिए इस तरह से झूठ बुलवाना ठीक नहीं। इन्होंने पहले भी राहुल बाबा से कहलवा दिया था कि 10 दिन में कर्जा माफ नहीं तो 11 वें दिन मुख्यमंत्री बदल देंगे। ये जबरदस्ती कहलवा रहे हैं, पढ़ दो पढ़ दो लेना देना थोड़ी है। सीएम ने कहा कि कमलनाथ लगातार झूठ बुलवा रहे हैं। पहले राहुल गांधी से, फिर प्रियंका से लेकिन यह पब्लिक है सब जानती है। इनका पुराना वचन पत्र देख लें, वचन तो कई थे, लेकिन इन्होंने कहा था सारे स्तर के बच्चों को गणवेश, पाठ्य पुस्तक, अन्य पठन की उच्च कोटि की सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराएंगे। लेकिन इन्होंने मामा जो लैपटॉप दे रहा था, वो लैपटॉप देना बंद कर दिया, साइकिलें बंद कर दीं मेधावी विद्यार्थी योजना ठंडे बस्ते में डाल दी। अरे बच्चों की फीस तक छीन ली, फीस तक नहीं भरवाई, अब कह रहे हैं निःशुल्क भर देंगे । सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो आवास योजना के तहत घर दिए उन्हें भी वापस कर दिया। इन्होंने उसका 40 फीसदी हिस्सा भरने से इंकार कर दिया। ये मोदी के मकान छीनने वाले, ये बच्चों के लैपटॉप और साइकिल छीनने वाले, ये बच्चों की फीस छीनने वाले , फिर ठगने आ गए हैं और ठगने के पहले ये तय भी नहीं कर पाते कि महीने के देना है या साल के देना हैं। ये कांग्रेस का झूठ है, लगातार झूठ राहुल गांधी जी से, प्रियंका जी से, लेकिन ये पब्लिक है सब जानती है।

श्राद्ध पोस्टर विवाद में उमा भारती की एंट्री, बोलीं 'ऐसा करने से उम्र बढ़ जाती है

भोपाल, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान के श्राद्ध से जुड़ी एक सोशल मीडिया पोस्ट के बाद मध्य प्रदेश की राजनीति गरमाई हुई है। अब प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी की फायर ब्रांड नेता उमा भारती ने सीएम चौहान के श्राद्ध से जुड़े विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। अपना उदाहरण देते हुए उमा भारती ने कहा कि, किसी के जीवित रहते हुए उसका श्राद्ध कर देने से उसकी आयु बढ़ जाती है। पीसीसी चीफ कमलनाथ के बाद उमा भारती ने भी इस मामले में आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की सलाह दी है। बीजेपी की सीनियर लीडर उमा भारती ने अपनी सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर

ट्वीट कर कहा कि, '2 दिन से कुछ लोगों के द्वारा शिवराज जी का श्राद्ध किए जाने पर विवाद चल रहा है। जिसने भी यह कर्म किया वह निंदनीय है। उसको खोजिए और उस पर आपराधिक प्रकरण दर्ज कीजिए, लेकिन सच्चाई यह है कि किसी के जीवित रहते हुए उसका श्राद्ध कर देने से उसकी आयु बढ़ जाती है।'

उमा भारती ने दिया ये उदाहरण

अपने दूसरे ट्वीट में उमा भारती ने उदाहरण देते हुए आगे लिखा कि, मैंने खुद जब नवंबर 1992 में सन्यास की दीक्षा ली तब अपना पिंडदान, तर्पण एवं श्राद्ध अमरकंटक के कुंड जी में किया है। शिवराज जी को फीनिक्स पक्षी होने की जरूरत नहीं है। फिनिक्स जल जाता है, राख बन जाता है और फिर उसका उसी राख में से नया उदय होता है। श्राद्ध का दाव उल्टा पड़ेगा, आयु बढ़ेगी, स्वास्थ्य ठीक रहेगा। फिनिक्स बनने की जरूरत ही नहीं है। शिवराज जी शतायु हो।'

क्या है पूरा मामला?

दरअसल, विधानसभा चुनाव के माहौल में इन दिनों मध्य प्रदेश में बीजेपी और कांग्रेस में श्राद्ध को लेकर जुबानी जंग छिड़ गई है। तीन दिन पहले सोशल मीडिया पर शिवराज सिंह चौहान का फोटो लगाते हुए एक अकाउंट से लिखा गया था कि, 'मामा का श्राद्ध। श्राद्ध में भाजपा ने दिया शिवराज मामा को टिकट।' इस पर सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस को लपेटे में लेते हुए उसे सनातन धर्म को अपशब्द कहने वाली और सत्ता की भूखी बताया। उन्होंने कहा कि सत्ता की भूखी कांग्रेस को अपनी कुंठित सोच और कुसंस्कारों का श्राद्ध करना चाहिए।

कांग्रेस ने दिया जवाब

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में बुधवार को खुद की तुलना फीनिक्स पक्षी से की। उन्होंने एक भावपूर्ण भाषण में कहा कि, कोसने वाले लाख कोसते रहें, अगर मैं मर भी गया तो राख के ढेर में से फीनिक्स पक्षी की तरह दोबारा उठ खड़ा हो जाऊंगा। इसके बाद मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख कमलनाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के दीर्घायु होने की कामना की है। उन्होंने शिवराज सिंह चौहान पर यह भी तंज किया है कि श्राद्ध पक्ष में आपको टिकट आपकी पार्टी ने दिया है, कांग्रेस पार्टी ने नहीं दिया है। अगर आपको वाकई लगता है कि आपके खिलाफ किसी ने ट्वीट किया है तो आप उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करिए।

13 उद्योगपतियों पर डीजीजीआई का बड़ा ऐक्शन

समन जारी, इत्र कारोबारी पीयूष जैन के घर से मिला था कुबेर का खजाना

कानपुर, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। इत्र कारोबारी पीयूष जैन की मुसीबतें बढ़ती जा रही हैं। डॉयरेक्टरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलीजेंस (डीजीजीआई) अहमदाबाद की टीम ने विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट सुशील कुमार सिंह की कोर्ट में पूरक आरोपपत्र दाखिल किया है, जिसमें जांच टीम ने 13 लोगों को आरोपी बनाया है। कोर्ट ने समन जारी कर सभी को तलब किया है। इस मामले में कोर्ट 20 अक्टूबर को सुनवाई करेगा। डॉयरेक्टरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलीजेंस (डीजीजीआई) अहमदाबाद की टीम ने पीयूष जैन के आदंनपुरी स्थित आवास से 177.45 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की थी। वहीं, कन्नौज स्थित आवास से जांच टीम ने 19 करोड़ रुपये नकद, 23 किलो सोना और 600 लीटर चंदन का तेल, जिसकी कीमत लगभग 6 करोड़ रुपये बताई जा रही थी। कन्नौज से मिले सोने के बिस्किट में विदेशी मार्क था। इसके साथ ही कन्नौज की एसबीआई बैंक के लॉकर से 9 लाख रुपये मिले थे। पीयूष जैन बीते 8 सितंबर 2022 को जमानत पर जेल से बाहर आया था। विशेष लोक अभियोजक अंबरीश टंडन ने बताया कि पीयूष जैन मामले को पहले ही संज्ञान में लिया जा चुका है। इस पूरक आरोप पत्र में कई कंपनियों के प्रोपराइटर शामिल हैं, जिन्हें आरोपी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि विशेष मजिस्ट्रेट सुशील कुमार सिंह ने डीजीजीआई अहमदाबाद की सप्लीमेंट्री कंप्लेन पर पर संज्ञान लिया है। पीयूष जैन के आवास से लगभग 200 करोड़ कैश मिला था। इस मामले में अन्य 13 लोगों को समन जारी किया है। डीजीजीआई अहमदाबाद ने 13 अभियुक्त को सप्लीमेंट्री चार्जशीट के द्वारा न्यायलय में तलब करने के लिए प्रार्थना पत्र स्पेशल सीजेएम सुशील कुमार की कोर्ट में दस अक्टूबर को दाखिल किया है।

तेज प्रताप की पत्नी के साथ हुई घरेलू हिंसा

अब देना होगा राबड़ी जैसा घर, कोर्ट ने और क्या-क्या कहा?

पटना, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। पटना की फैमिली कोर्ट ने तेजप्रताप यादव को आदेश दिया है कि वह एक महीने के अंदर पत्नी ऐश्वर्या राय को राबड़ी देवी की 10 सर्कुलर रोड आवास की तरह रहने का व्यवस्था करके दें। कोर्ट ने कहा जैसा आवास राबड़ी देवी के पास है उस तरह के आवास की व्यवस्था तेजप्रताप यादव अपनी पत्नी ऐश्वर्या राय के लिए करें। इसके साथ ही कोर्ट ने तेजप्रताप को घर की बिजली बिल, पानी बिल का भुगतान करने के लिए भी कहा है। तेजप्रताप ने कोर्ट के आदेश का अमल किया या नहीं, कोर्ट इसे एक महीने बाद होने वाली सुनवाई में देखेगी। पटना की फैमिली कोर्ट ने ये भी माना कि ऐश्वर्या के साथ लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने घरेलु हिंसा की है। कोर्ट ने माना कि तेज प्रताप यादव ने ऐश्वर्या के साथ मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना की है। यही वजह है कि न्यायालय ने 'प्रोटेक्शन ऑर्डर' दिया है।

तेजप्रताप यादव को सख्त हिदायत

तेजप्रताप यादव को कोर्ट ने सख्त हिदायत दी है कि ऐश्वर्या के साथ अब कोई घरेलू हिंसा नहीं होनी चाहिए। साथ ही कोर्ट ने ऐश्वर्या को सिक्योरिटी मुहैया कराने का भी आदेश दिया है। ऐश्वर्या राय को कोर्ट से तलाक मामले में बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ऐश्वर्या राय के साथ खड़ा नजर आया। इस मामले में अब 31 अक्टूबर अगली सुनवाई होगी। आरजेडी प्रमुख लालू यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री दारोगा राय की पोती ऐश्वर्या राय की शादी 12 मई 2018 को हुई थी। तब यह शादी राजनीतिक गलियारे में चर्चा का विषय बना था। बिहार के सीएम नीतीश कुमार समेत बड़ी राजनीतिक हस्तियां इसमे शामिल हुई। शादी के 6 महीने बाद ही तेज प्रताप यादव ने पटना सिविल कोर्ट में तलाक की अर्जी दी थी। मामले में ऐश्वर्या राय ने राबड़ी देवी और मीसा भारती मारपीट करने का आरोप लगाया था। तो वहीं तेजप्रताप यादव ने भी ऐश्वर्या पर मां का सम्मान नहीं करने की बात कही थी।

पटना हाईकोर्ट ने फांसी की सजा प्राप्त व्यक्ति को किया बरी

दुष्कर्म और हत्या के मामले में था फंसाया; आठ साल बाद इंसाफ

पटना, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। पटना हाईकोर्ट ने कथित तौर पर 11 वर्षीया लड़की के साथ दुष्कर्म कर हत्या करने के अभियुक्त को बरी कर दिया है। इस मामले में सबौर पुलिस द्वारा वर्ष 2015 में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। दो फरवरी, 2017 को अपर सत्र न्यायाधीश, भागलपुर की अदालत ने अभियुक्त मुन्ना पांडेय को दोषी करार देते हुए फांसी की सजा सुनाई थी। 10 अप्रैल, 2018 को पटना हाई कोर्ट ने सत्र न्यायालय के निर्णय को सही पाया और मृत्यु दंड को बरकरार रखा।

सर्वोच्च न्यायालय ने पटना हाई कोर्ट को फिर से भेजा केस

क्रिमिनल अपील संख्या-1271/2018 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा कहा गया कि सत्र न्यायालय और हाई कोर्ट मूकदर्शक बने रहे और वाद से संबंधित सभी प्रासंगिक जानकारी प्राप्त नहीं की, जो कि मुन्ना पांडेय की बेगुनाही को दर्शाता है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा यह भी कहा गया कि गवाहों ने

न्यायालय में अपना स्पष्ट रूप से बयान बदल लिया और मुन्ना पांडेय को पहली बार गवाही के दौरान फंसाया गया। सर्वोच्च न्यायालय ने यह केस पटना हाई कोर्ट को प्रासंगिक जानकारी प्राप्त करने के लिए फिर से भेजा और धारा 367 दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 तथा कानून के तहत अपना फैसला सुनाने के लिए निर्देशित किया।

पुलिस द्वारा की गई जांच में बताई खामियां

गुरुवार को न्यायाधीश आशुतोष कुमार एवं न्यायाधीश आलोक कुमार पाण्डेय की खंडपीठ ने मुन्ना पांडे को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। अदालत ने गवाहों में परस्पर विरोधाभास पाते हुए यह तय किया कि अभियोजन पक्ष ने संदेह से परे अपना मामला साबित नहीं किया और यह केस रिकॉर्ड से स्पष्ट था कि मुन्ना पांडे को इस मामले में फंसाया गया है। अपीलकर्ता के अधिवक्ता अंशुल, हरिणी रघुपति एवं अभिनव अशोक ने दलील दी कि पुलिस द्वारा की गई जांच में गंभीर खामियां थी। अब नौ वर्षों तक गलत तरीके से कैद में रहने के बाद मुन्ना पांडे रिहा हो जाएंगा। अधिवक्ता अंशुल के साथ साथ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, दिल्ली के प्रोजेक्ट 39ए, आपराधिक न्याय केंद्र ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय और पटना उच्च न्यायालय के समक्ष मुन्ना पांडे का प्रतिनिधित्व किया। इस प्रोजेक्ट के तहत उन लोगो की मदद की जाती है, जो स्वयं अधिवक्ता रख कर अपना केस लड़ने में अक्षम होते हैं ।

पंजाब में शिक्षा मंत्री का औचक निरीक्षण, दो अध्यापक सस्पेंड

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली के बाद अब पंजाब में भी सरकारी स्कूलों की हालत को सुधारने के लिए आम आदमी पार्टी सरकार बड़े कदम उठा रही है। पंजाब में सरकारी स्कूलों को सुधारने के लिए दिल्ली की तर्ज पर फैसले लिए जा रहे हैं ,जिससे कि बच्चों को अच्छी शिक्षा मुहैया कराई जा सके। पंजाब सरकार में शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस गुरुवार को चंडीगढ़ के एक सरकारी स्कूल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूल में कई तरह की गड़बड़ी पाई गई। इस स्कूल की बिल्डिंग काफी जर्जर है, साथ ही बच्चों को अच्छी शिक्षा भी मुहैया नहीं कराई जा रही है। स्कूल की हालत को देखने के बाद शिक्षा मंत्री ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दो शिक्षकों को सस्पेंड कर दिया और उनकी जगह दो नए शिक्षकों की तैनाती का आदेश दिया। गौर करने वाली बात है कि दिल्ली की तर्ज पर पंजाब में भी आम आदमी पार्टी सरकार स्कूलों में क्रांतिकारी बदलाव लाने का काम कर रही है। स्कूलों का औचक निरीक्षण करने खुद शिक्षा मंत्री कहीं भी पहुंच जाती हैं। चंडीगढ़ के मसौल गांव में स्थित सरकारी स्कूल में चौथी और पांचवी कक्षा के बच्चों को अंग्रेजी पढ़ना नहीं आता था। स्कूल में गंदगी देख यहां शिक्षा मंत्री ने खुद झाड़ू उठाया और सफाई करने लग गईं। जिस स्कूल का शिक्षा मंत्री ने दौरा किया था वह चंडीगढ़ से सिर्फ 20 मिनट की दूरी पर है, यहां ना तो पीने का पानी है, नाा शौचाल और ना साफ-सफाई। साथ ही बाउंड्री वॉल भी नहीं है।

तीन बार के विधायक विवेकानंद पाटिल की 152 करोड़ की संपत्ति जब्त

67 फर्जी ऋण खातों से निकाले थे 560 करोड़

मुंबई, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करनाला नागरी सहकारी बैंक लिमिटेड, पनवेल से संबंधित बैंक धोखाधड़ी मामले में महाराष्ट्र के तीन बार के विधायक विवेकानंद पाटिल और उनके रिश्तेदारों की 152 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की है। पाटिल शेतकारी कामगार पक्ष पार्टी से हैं और करनाला नागरी सहकारी बैंक लिमिटेड, पनवेल के पूर्व अध्यक्ष थे। ईडी ने 2019 में मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा दर्ज एक एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। यह मामला 2019-20 में रिजर्व बैंक के कहने पर हुए एक ऑडिट के बाद सामने आया, जब यह पता चला कि पाटिल कथित तौर पर 67 फर्जी ऋण खातों के माध्यम से अपने स्वामित्व/नियंत्रण वाली संस्थाओं, अर्थात करनाला चैरिटेबल ट्रस्ट, करनाला स्पोर्ट्स अकादमी, करनाला महिला रेडीमेड गारमेंट्स कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड और अन्य संस्थाओं के ऋण खातों में बैंक से धनराशि निकाल रहा था।

ईडी की आगे की जांच से पता चला कि 67 फर्जी ऋण खातों के संबंध में धोखाधड़ी की गई राशि लगभग 560 करोड़ रुपये थी। जांच एजेंसी ने दावा किया कि हेराफेरी को छिपाने के लिए उपलब्ध धनराशि को इन फर्जी खातों में भेजा गया और इन खातों से पाटिल द्वारा स्थापित/नियंत्रित संस्थाओं के कई बैंक खातों में भेजा गया। इन फंडों का उपयोग कर्नाला चैरिटेबल ट्रस्ट, कर्नाला स्पोर्ट्स अकादमी आदि द्वारा खेल परिसरों, कॉलेजों और स्कूलों जैसी संपत्तियों के निर्माण और अन्य व्यक्तिगत लाभ के लिए किया गया था, जिससे अपराध की आय का उपयोग किया गया और उसे बेदाग के रूप में पेश किया गया। 15 जून, 2021 को ईडी ने पाटिल को गिरफ्तार किया और वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। उनके और बैंक के खिलाफ 12 अगस्त, 2021 को मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध की शिकायत दर्ज की गई थी। 17 अगस्त, 2021 को एक अनंतिम कुर्की आदेश भी जारी किया गया था, जिसमें पाटिल, उनके परिवार के सदस्यों और उनकी संबंधित कंपनियों की 234 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को कुर्क किया गया था। अब तक 386 करोड़ रुपये की बुक वैल्यू वाली संपत्ति कुर्क की जा चुकी है।



क्या है ग्लोबल हंगर इंडेक्स? क्यों नेपाल-पाकिस्तान जैसे देशों से भी नीचे गिर गया भारत?

नई दिल्ली , 13 अक्टूबर (एजेंसिया) ग्लोबल हंगर इंडेक्स यानी वैश्विक भूख सूचकांक का नया संस्करण जारी हो चुका है।इस बार के सूचकांक में भारत की स्थिति साल भर पहले की तुलना में और खराब हो गई है।पिछले साल भारत इस सूचकांक में 107वें स्थान पर था।ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 में भारत को 125 देशों की सूची में 111वें स्थान पर रखा गया है।इसके साथ ही नई बहस और नए विवाद की शुरुआत हो गई है.

भारत से बेहतर सभी पड़ोसी देश

ग्लोबल हंगर इंडेक्स पर विवाद की वजह है कि भारत को कई पड़ोसी देशों से नीचे रखा गया है।उदाहरण के लिए- इस बार के सूचकांक में पाकिस्तान 102वें स्थान पर है।वहीं सूचकांक में बांग्लादेश को 81वें, नेपाल को 69वें और श्रीलंका को 60वें स्थान पर रखा गया है।इसका मतलब हुआ कि नेपाल और श्रीलंका और पाकिस्तान व बांग्लादेश जैसे देशों में भी भूख के मामले में स्थिति भारत से बेहतर है.

भारत सरकार ने कर दिया खारिज

इंडेक्स के जारी होते ही इस बारे में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया।भारत सरकार ने इंडेक्स पर तत्काल प्रतिक्रिया दी और उसे सिरे से खारिज कर दिया।भारत सरकार का कहना है कि इंडेक्स को तैयार करने के लिए जिन पैमानों पर हंगर यानी भूख को कैलकुलेट किया गया है, वह भारत की वास्तविक स्थिति नहीं बता पाता है।महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का आरोप है कि इंडेक्स के साथ मेथडोलॉजी की गंभीर दिक्कतें हैं।मंत्रालय ने ये भी आरोप लगाया है कि इंडेक्स को दुर्भावनापूर्ण नीयत के साथ तैयार किया गया है.

क्या है ग्लोबल हंगर इंडेक्स

सबसे पहले तो ये जान लेते हैं कि ग्लोबल हंगर इंडेक्स है क्या और इसे किस तरीके से तैयार किया जाता है? इस इंडेक्स को अलायंस 2015 नामक एक समूह तैयार करता है, जो साथ यूरोपीय गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) का समूह है, जिनमें आयरलैंड का कंसर्न वर्ल्डवाइड और जर्मनी का वेल्ट हंगर हिल्फे प्रमुख हैं।अलायंस 2015 का दावा है कि वह वैश्विक, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर हंगर का पता लगाने के लिए व्यापक पैमानों का इस्तेमाल करता है।इंडेक्स का ताजा संस्करण एक दिन पहले यानी 12 अक्टूबर को जारी हुआ है.

इस साल इंडेक्स का 16वां संस्करण

ग्लोबल हंगर इंडेक्स का पहला संस्करण साल 2000 में लॉन्च हुआ था।उसके बाद कुछ सालों को छोड़कर लगभग हर साल इसका नया संस्करण जारी हुआ है।इस बार इंडेक्स का 16वां संस्करण आया है।इंडेक्स का उद्देश्य 2030 तक दुनिया से भूख की समस्या को समाप्त करना है।अब आगे बढ़ने से पहले यह समझ लेना जरूरी है कि ग्लोबल हंगर इंडेक्स को कैसे तैयार किया जाता है या हंगर को कैलकुलेट करने का फॉर्मूला क्या है...

इन चार पैमानों पर होता है कैलकुलेशन

अलायंस 2015 हंगर को कैलकुलेट करने के लिए चार वृहद पैमानों का इस्तेमाल करता है।इसका पहला पैमाना है कुपोषण।इसे कैलोरी इनटेक के आधार पर तय किया जाता है यानी देखा जाता है कि आबादी के कितने फीसदी हिस्से को कम कैलोरी वाला भोजन उपलब्ध है।दूसरा पैमाना है चाइल्ड वेस्टिंग।इसमें 5 साल से कम उम्र के उन बच्चों को रखा जाता है, जिनका वजन उनकी लंबाई की तुलना में कम है।तीसरा पैमाना है चाइल्ड स्टंटिंग, जिसमें 5 साल से कम उम्र के उन बच्चों को रखा जाता है, जिनका वजन उनकी उम्र के हिसाब से कम है।

चौथा पैमाना है चाइल्ड मोर्टलिटी यानी कुपोषण के कारण पांच साल से कम उम्र के बच्चों के मरने की दर.

इंफोसिस ने जारी किया 18 रुपये का डिविडेंड, 138 करोड़ रुपये बढ़ी ऋषि सुनक की पत्नी अक्षता मूर्ति की संपत्ति

नई दिल्ली , 13 अक्टूबर (एजेंसिया) भारतीय आईटी सेक्टर की प्रमुख कंपनी में से एक इंफोसिस ने वित्त वर्ष 2023-24 के दूसरी तिमाही का रिजल्ट घोषित कर दिया है. कंपनी ने दूसरी तिमाही के दौरान योग्य शेयधारकों को 18 रुपये प्रति शेयर पर अंतरिम डिविडेंड जारी किया है. इंफोसिस ने एलान किया कि 25 अक्टूबर 2023 डिविडेंड का रिकॉर्ड डेट होगा. कंपनी के डिविडेंड एलान के बाद बिट्रेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पत्नी अक्षता मूर्ति की नेटवर्थ साल 2023 में करीब 138 करोड़ रुपये बढ़ने की संभावना है. शेयरहोल्डर्स पैटर्न के मुताबिक, ऋषि सुनक की पत्नी अक्षता मूर्ति इंफोसिस में एक बड़ी प्रमोटर में से एक हैं. ऋषि सुनक के पास 3,89,57,096 इंफोसिस के शेयर हैं. इतना शेयर कंपनी के 1.05 फीसदी की हिस्सेदारी है. ऐसे में 18 रुपये का डेविंडेड प्रति शेयरों पर इनकी संपत्ति में 70 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है.

साल 2023 में कैसे 138 करोड़ बढ़ी संपत्ति

2023 के पहले तिमाही में जारी हुए रिजल्ट में 17.50 रुपये प्रति शेयर का डिविडेंड जारी किया गया था. इंफोसिस शेयर 2 जून 2023 को 17.50 रुपये का अंतरिम डिविडेंड जारी करने के बाद एक्स डिविडेंड पर ट्रेड कर रहे थे. इस दौरान अक्षता मूर्ति की संपत्ति में 68 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ था.

कब होगा पेआउट

इसी तरह अब 18 रुपये प्रति शेयर का डिविडेंड जारी किया गया है. ऐसे में पूरी संभावना है कि अक्षता मूर्ति की संपत्ति 70 करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ेगी यानी कि साल 2023 में 138 करोड़ रुपये बढ़ने की संभावना है. 25 अक्टूबर डिविडेंड का रिकॉर्ड डेट है. इंफोसिस ने शेयर होल्डरों को जानकारी देते हुए कहा कि डिविडेंड का भुगतान 6 नवंबर को किया जाएगा.

सोने की रौनक बरकरार, चांदी के दाम भी चढ़े

आपके शहर में क्या हैं इनके रेट्स

नई दिल्ली , 13 अक्टूबर (एजेंसिया) रविवार से भारत में त्योहारों का सीजन शुरू हो जाएगा।इसके साथ ही सोना और चांदी खरीदने वालों की भीड़ लगने लगेगी।ऐसे में फेस्टिव सीजन की शुरुआत से पहले सोने और चांदी के दाम में बढ़त देखी जा रही है।वायदा बाजार में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सोना हरे निशान के साथ कारोबार कर रहा है।शुरुआती दौर में यह 57,970 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर खुला है।इसके बाद इसकी कीमत में और बढ़त दर्ज की गई है और यह कल के मुकाबले 152 रुपये यानी 0.26 फीसदी बढ़कर 58,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है.

चांदी के दाम भी बढ़े

सोने के साथ-साथ आज चांदी के दाम में भी बढ़त दर्ज की जा रही है।मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी 69,526 रुपये प्रति किलोग्राम पर खुली।इसके बाद इसकी कीमत में तेजी देखी और यह कल के मुकाबले 452 रुपये यानी 0.65 फीसदी तेजी के साथ 69,526 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है।गुरुवार को चांदी 69,475 रुपये के स्तर पर बंद हुई थी.

प्रमुख शहरों में गोल्ड-सिल्वर के दाम

दिल्ली- 24 कैरेट गोल्ड 59,060 रुपये, सिल्वर 72,600 रुपये प्रति किलोग्राम मुंबई- 24 कैरेट गोल्ड 58,910 रुपये, सिल्वर 72,600 रुपये प्रति किलोग्राम चेन्नई- 24 कैरेट गोल्ड 59,000 रुपये, सिल्वर 75,000 रुपये प्रति किलोग्राम कोलकाता- 24 कैरेट गोल्ड 58,910 रुपये, सिल्वर 72,600 रुपये प्रति किलोग्राम जयपुर- 24 कैरेट गोल्ड 59,060 रुपये, सिल्वर 72,600 रुपये प्रति किलोग्राम नोएडा- 24 कैरेट गोल्ड 59,060 रुपये, सिल्वर 72,600 रुपये प्रति किलोग्राम गाजियाबाद- 24 कैरेट गोल्ड 59,060 रुपये, सिल्वर 72,600 रुपये प्रति किलोग्राम लखनऊ- 24 कैरेट गोल्ड 59,060 रुपये, सिल्वर 72,600 रुपये प्रति किलोग्राम पटना- 24 कैरेट गोल्ड 58,960 रुपये, सिल्वर 72,600 रुपये प्रति किलोग्राम गुरुग्राम- 24 कैरेट गोल्ड 59,060 रुपये, सिल्वर 72,600 रुपये प्रति किलोग्राम पुणे- 24 कैरेट गोल्ड 58,910 रुपये, सिल्वर 72,600 रुपये प्रति किलोग्राम अमृतसर- 24 कैरेट गोल्ड 59,060 रुपये, सिल्वर 72,600 रुपये प्रति किलोग्राम।

वैश्विक बाजार में सुस्त पड़ा चीन सितंबर में लगातार पांचवें महीने आयात और निर्यात में गिरावट

नई दिल्ली , 13 अक्टूबर (एजेंसिया) वैश्विक मांग कमजोर होने के कारण चीन के निर्यात और आयात में लगातार पांचवें महीने सितंबर में 6.2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। एपी के अनुसार चीन के निर्यात और आयात दोनों में सितंबर में एक साल पहले की तुलना में गिरावट आई है, हालांकि वैश्विक मांग के सुस्त रहने के बावजूद गिरावट की गति धीमी है। शुक्रवार को जारी सीमा शुल्क आंकड़ों से पता चलता है कि सितंबर में निर्यात लगातार पांचवें महीने 6.2 प्रतिशत घटकर 299.13 अरब डॉलर रह गया। आयात भी 6.2 प्रतिशत घटकर 221.43 अरब डॉलर रह गया। चीन ने 77.71 अरब डॉलर का व्यापार अधिशेष दर्ज किया, जो अगस्त में 68.36 अरब डॉलर था। सीमा शुल्क के सामान्य प्रशासन के प्रवक्ता लू डालियांग ने शुक्रवार को बीजिंग में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महामारी से वैश्विक अर्थव्यवस्था की वसूली की अस्थिर गति चीन के निर्यात के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी। हाल के महीनों में नेताओं की ओर से विभिन्न नीतिगत समर्थन उपायों को लागू करने के बाद चीन की अर्थव्यवस्था में धीमी गति से गिरावट आई है। हालांकि, प्रोपर्टी सेक्टर अर्थव्यवस्था के लिए चुनौती बना हुआ है। बिक्री में गिरावट आई है और डेवलपर्स अपने भारती ऋण को चुकाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। केंद्रीय बैंक ने उधार लेने के नियमों को आसान बनाया है और छोटे व्यवसायों के लिए कुछ कर राहत उपायों को प्रदान करते हुए पहली बार घर खरीदने वालों के लिए बंधक दरों में कटौती की है। फेडरल रिजर्व, यूरोप और एशिया के केंद्रीय बैंकों द्वारा पिछले साल मुद्रास्फीति को कम करने के लिए ब्याज दरों में वृद्धि शुरू करने के बाद चीन की निर्यात की मांग कमजोर हो गई, जो कई दशकों के उच्च स्तर पर थी।

वेज की जगह दे दी नॉन-वेज की डिलीवरी, अब जोमैटो और मैकडोनाल्ड पर लगा कोर्ट से जुर्माना

जोधपुर , 13 अक्टूबर (एजेंसिया) ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो और फास्टफूड रेस्टोरेंट चेन मैकडोनाल्ड को जुर्माने की कार्रवाई का सामना करना पड़ा है।दोनों के ऊपर जोधपुर की एक उपभोक्ता अदालत ने एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।जोमैटो ने खुद शुक्रवार को इसकी जानकारी दी है.एक खबर में जोमैटो के हवाले से बताया गया है कि उपभोक्ता अदालत ने उसके और उसके रेस्टोरेंट पार्टनर मैकडोनाल्ड पर लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।दोनों कंपनियों के ऊपर यह जुर्माना उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम 2019 का उल्लंघन करने के चलते लगाया गया है।इसके अलावा उन्हें 5000 रुपये का कानूनी कार्यवाही का खर्च भी भरना होगा.दरअसल एक ग्राहक ने जोमैटो से खाना ऑर्डर किया था।ग्राहक ने वेज खाने का ऑर्डर किया था।ऑर्डर मैकडोनाल्ड के लिए किया गया था।गलती से रेस्टोरेंट पार्टनर ने ग्राहक को वेज की जगह नॉन-वेज खाना भेज दिया था।

इसी मामले को लेकर कोर्ट में शिकायत की गई थी।जोधपुर के डिस्ट्रिक्ट कंज्यूमर डिस्पुट रीड्रेसल फोरम (2) ने मामले की सुनवाई करते हुए पाया कि कंपनियों ने कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट 2019 का उल्लंघन किया है।

केरल ने दिया छोटे उद्यमियों को तोहफा

एमएसएमई सेक्टर के लिए इंश्योरेंस स्कीम लॉन्च

नई दिल्ली , 13 अक्टूबर (एजेंसिया) केरल सरकार ने राज्य में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना की शुरुआत की है।राज्य सरकार की यह योजना एमएसएमई सेक्टर को विभिन्न जोखिमों से बचाने पर केंद्रित है।इसके तहत एमएसएमई को विस्तृत बीमा कवरेज का लाभ मिलेगा।राज्य सरकार ने इस स्कीम के लिए 4 सरकारी बीमा कंपनियों के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किया है।

सरकार देगी 50 फीसदी प्रीमियम

इस स्कीम के तहत एमएसएमई सेक्टर को सस्ते में बीमा कवरेज का लाभ मिलेगा।राज्य सरकार योजना के तहत एमएसएमई को 50 फीसदी सालाना प्रीमियम का फायदा देगी।उन्हें 50 फीसदी सालाना प्रीमियम का रीम्बर्समेंट राज्य सरकार की ओर से मिलेगा।केरल सरकार ने इसके लिए योजना को समर्पित नए वेब पोर्टल की भी शुरुआत की।

ये है योजना का उद्देश्य

राज्य सरकार की ओर से उद्योग एवं वाणिज्य विभाग ने गुरुवार को चार सरकारी बीमा कंपनियों के साथ योजना के लिए समझौता

किया।राज्य सरकार का कहना है कि उसकी यह योजना राज्य में एमएसएमई की पूरी पारिस्थितिकी को बढ़ावा देगी।सारे रिस्क का कवरेज मिलने से लोग उद्यमिता के प्रति प्रोत्साहित होंगे।इस तरह केरल में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उपक्रमों में मजबूती आएगी।

केरल में एमएसएमई की संख्या

केरल सरकार की मानें तो राज्य में अभी 3 लाख से ज्यादा एमएसएमई हैं।उनमें से करीब 1.40 लाख एमएसएमई राज्य सरकार की ईयर ऑफ एंटरप्राइजेज इनिशिएटिव से जुड़े हुए हैं।हालांकि उनमें से सिर्फ 15 हजार एमएसएमई ही ऐसे हैं, जिनके पास विभिन्न प्रकार के जोखिमों के लिए बीमा का कवरेज है।राज्य सरकार इसके दायरे को बढ़ाना चाहती है, ताकि केरल के एमएसएमई बिजनेस की राह में आने वाले विभिन्न व्यवधानों से पार पा सकें।

ऐसे रिस्क के लिए कवरेज

एमएसएमई के लिए शुरू की गई इस बीमा योजना के तहत प्राकृतिक आपदाओं, आगजनी, चोरी, दुर्घटना, बाजार में उतार-चढ़ाव जैसे जोखिम के लिए कवरेज मिलेगा। अक्सर ऐसा देखा जाता है कि एमएसएमई इस तरह के जोखिमों के कारण बीच में बिजनेस बंद करने पर बाध्य हो जाते हैं।राज्य सरकार की बीमा योजना उनके लिए बिजनेस में बने रहना सुनिश्चित करेगी।

इन्हें मिलेगा योजना का लाभ

राज्य सरकार ने बताया कि मैन्यूफैक्चरिंग, सर्विस या ट्रेड सेक्टर की कोई भी एमएसएमई, जिसके पास केरल में उद्यम रजिस्ट्रेशन है, बीमा योजना का लाभ उठा सकती है।उनके अलावा भारत सूक्ष्म/लघु उद्यम योजना में एनरॉल एमएसएमई को भी स्कीम का फायदा मिलेगा।

बैंकिंग और इंफोसिस के स्टॉक में गिरावट से लाल निशान में बाजार हुआ बंद

टाटा मोटर्स का शेयर जोरदार उछाल के साथ बंद

नई दिल्ली , 13 अक्टूबर (एजेंसिया) विदेशी ब्रोकरेज हाउस यूबीएस के बैंकों को डाउनग्रे. करने और इंफोसिस के नतीजों से मायूसी के चलते हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ है।आज के ट्रेड में मिड कैप और स्मॉल कैप स्टॉक्स में भी मुनाफावसूली देखने को मिली है।बाजार बंद होने पर बीएसई सेंसेक्स 126 अंकों की गिरावट के साथ 66,282 अंकों पर क्लोज हुआ है।जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 43 अंकों की गिरावट के साथ 19,751 अंकों पर बंद हुआ है।

सेक्टर का हाल

आज के ट्रेड में बैंकिंग सेक्टर के स्टॉक्स में बड़ी गिरावट देखने को मिली है जिसके चलते निफ्टी बैंक 0.86 फीसदी या 383 अंकों की गिरावट के साथ बंद हुआ है।आईटी स्टॉक्स, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर्स, मेटल्स, मीडिया, ऑयल एंड गैस और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर्स के स्टॉक गिरावट के साथ बंद हुआ है।मिड कैप और स्मॉल कैप स्टॉक्स में भी मुनाफावसूली देखने को मिली है।सेंसेक्स के 30 शेयरों में 14 शेयर तेजी के साथ और 16 गिरकर बंद हुए।जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में 25 शेयर तेजी के साथ 25 गिरकर बंद हुए।

निवेशकों की संपत्ति में गिरावट

शेयर बाजार के गिरावट के साथ बंद होने के चलते निवेशकों की संपत्ति में गिरावट देखने को मिली है।आज के ट्रेड में बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन घटकर 321.91 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले सत्र में 322.08 लाख करोड़ रुपये पर जा पहुंचा था।आज के ट्रेड में निवेशकों की संपत्ति में 17,000 करोड़ रुपये की गिरावट देखने को मिली है।

चढ़ने-गिरने वाले शेयर्स

आज के कारोबार में टाटा मोटर्स 4.76 फीसदी, इंडसइंस बैंक 2.60 फीसदी, एचसीएल टेक 2.55 फीसदी, नेस्ले 2 फीसदी, मारुति सुजुकी 1.62 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ है जबकि एक्सिस बैंक 2.33 फीसदी, इंफोसिस 2.24 फीसदी, एसबीआई 1.71 फीसदी, विप्रो 1.43 फीसदी, जेएसडब्ल्यु स्टील 1.30 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है।

सितंबर महीने में देश के आयात और निर्यात में आई कमी, व्यापार घाटा 19.37 अरब डॉलर हुआ

नई दिल्ली , 13 अक्टूबर (एजेंसिया) देश का निर्यात इस साल सितंबर में 2.6 प्रतिशत घटकर 34.47 अरब डॉलर रह गया, पिछले साल इसी महीने में यह 35.39 अरब डॉलर था। शुक्रवार को सरकार की ओर से इससे जुड़े आंकड़े जारी किए गए। इस दौरान आयात भी 15 प्रतिशत घटकर 53.84 अरब डॉलर रह गया, जो सितंबर 2022 में 63.37 अरब डॉलर था। सितंबर महीने में महीने में देश का व्यापार घाटा 19.37 अरब डॉलर रहा। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर के दौरान देश का निर्यात 8.77 प्रतिशत घटकर 211.4 अरब डॉलर रहा। छह महीने की अवधि के दौरान आयात 12.23 प्रतिशत घटकर 326.98 अरब डॉलर रह गया। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा, भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत चल रही है और हम मतभेदों को दूर कर रहे हैं। सरकार ने शुक्रवार को कहा कि देश में महिला श्रम बल की भागीदारी दर 2023 में 4.2 प्रतिशत बढ़कर 37 प्रतिशत हो गई है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, महिला श्रम बल भागीदारी दर 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2018-19 में 24.5 प्रतिशत हो गई; 2019-20 में 30 प्रतिशत से 2020-21 में 32.5 प्रतिशत और 2021-22 में 32.8 प्रतिशत से 2022-23 में 37 प्रतिशत हो गया। मंत्रालय ने कहा, "सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा नौ अक्टूबर, 2022 को जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण रिपोर्ट 2022-23 से पता चलता है कि श्रम बल भागीदारी को मापने की सामान्य स्थिति की अवधारणा के अनुसार देश में महिला श्रम बल भागीदारी दर 2023 में 4.2 प्रतिशत अंक बढ़कर 37 प्रतिशत हो गई है।

दैनिक पंचांग

ग्रह गोचर

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य-	कन्या में	सिंह...	04-22 बजे
चंद्र-	कन्या में	कन्या..	06-27 बजे
मंगल	तुला में	तुला...	08-38 बजे
बुध-	कन्या में	वृश्चिक.	10-51 बजे
गुरु-	मेष में	धनु.....	12-58 बजे
शुक्र-	सिंह में	मकर..	14-48 बजे
शनि-	कुंभ में	कुंभ...	16-26 बजे
राहु-	मेष में	मीन...	18-02 बजे
केतु-	तुला में	मेष--	19-47 बजे
		वृष--	21-47 बजे
		मिथुन..	00-00 बजे
		कर्क...	02-11 बजे

श्री पिंगल नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- **2080**
शक संवत् **-1945,** सूर्य - दक्षिणायने ,ऋतु- **शरद**
महावीर निर्वाण संवत् **-2549,** हिजरी सन् **-1444**
कलियुग अवधि-**432000** सूर्योदय - **06-12**
भोग्य कलि वर्ष-**426876** सूर्यअस्त - **17-51**
कलियुग संवत् **-5124** वर्ष,
कल्पारंभ संवत् **-1972949124**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885124**
दिशाशूल -- पूर्व - अदरक खाकर घर से निकले
तिथि- अमावस्या - **23 -24-** तक उपरान्त प्रतिपदा
मास - आश्विन कृष्ण पक्ष , शनिवार **14 October**
नक्षत्र - हस्त - **16- 23 -** तक उपरान्त चित्रा
योग - ऐन्द्र - **10 - 23 -** तक उपरान्त वैधृति
करण- चतुष्पाद - **08 -55 -** तक उप- नाग
विशेष:- सर्वपितृ अमावस्या श्राद्ध
व्रत -त्योहार - देवपितृकार्ये सर्वपितृ शनैश्चरी अमावस्या

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए ।

राहुकाल 09:06 से 10:34 तक

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec

दिन का चौघड़िया		रात का चौघड़िया	
काल.	06:12 - 07:38 अशुभ	लाभ	17:51 - 19:26 शुभ
शुभ.	07:38 - 09:06 शुभ	उत्पात	19:26 - 20:58 अशुभ
रोग	09:06 - 10:34 अशुभ	शुभ	20:58 - 22:30 शुभ
उत्पात	10:34 - 12:02 अशुभ	अमृत	22:30 - 00:02 शुभ
चंचल	12:02 - 13:30 शुभ	चंचल	00:02 - 01:34 शुभ
लाभ	13:30 - 14:58 शुभ	रोग	01:34 - 03:06 अशुभ
अमृत	14:58 - 16:26 शुभ	काल	03:06 - 04:38 अशुभ
काल	16:26 - 17:51 अशुभ	लाभ	04:38 - 06:12 शुभ

आपका राशिफल

मेष (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,)

आपका अप्रत्याशित स्वभाव आपके वैवाहिक रिश्ते को ख़राब न कर दे। इससे अवश्य बचें अन्यथा बाद में आपको पछताना पड़ सकता है। जो लोग अपने करीबी या रिश्तेदारों के साथ मिलकर अपना कारोबार संभाल रहे हैं उन्हें आज बहुत सावधान रहने की जरूरत है।

वृष (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,)

व्यस्त दिन के बावजूद स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। भाई-बहनों की मदद से आज आपको धन लाभ होगा। अपने भाई-बहनों से सलाह लें। ज्ञान के प्रति आपकी प्यास आपको नए दोस्त बनाने में मदद करेगी। क्या आपने कभी अदरक और गुलाब वाली चॉकलेट की महक महसूस की है? आज आपकी लव लाइफ में कुछ नयापन आने वाला है।

मिथुन (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,)

तैलीय और मसालेदार आहार से बचें। पैसों का लेन-देन दिन भर लगातार होता रहेगा और दिन ढलने के बाद आप पर्याप्त बचत करने में भी सफल रहेंगे। अगर आप पार्टी करने की योजना बना रहे हैं तो अपने सबसे अच्छे दोस्तों को आमंत्रित करें- वहां बहुत सारे लोग होंगे जो आपका उत्साह बढ़ाएंगे।

कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो,)

अपने माता-पिता की उपेक्षा आपके भविष्य की संभावनाओं को धूमिल कर सकती है। अच्छा समय कभी भी अधिक समय तक नहीं टिकता। मनुष्य के कर्म ध्वनि की तरंगों के समान हैं। ये पुनः उछलकर एक राग या झकझोर देने वाला शोर उत्पन्न करते हैं।

सिंह (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,)

स्वयं की अनावश्यक निंदा करने से मनोबल गिर सकता है। आप किसी की मदद से पैसा कमाने में सक्षम हो सकते हैं। आपको बस खुद पर विश्वास रखने की जरूरत है। लंबित घरेलू कामों में आपका कुछ समय लगेगा। आपका पार्टनर आपके बारे में अच्छा सोचता है, यही वजह है कि वह कभी-कभी आप पर गुस्सा हो जाता है।

कन्या (टो, पा, पी, पू ,ष, ण, ठ, पे ,पो,)

आज आप आशा के जादुई जादू में हैं। सट्टेबाजी या अप्रत्याशित लाभ से वित्तीय स्थिति में सुधार होगा। आप जश्न मनाने के मूड में होंगे और परिवार के सदस्यों और दोस्तों पर पैसा खर्च करने का आनंद लेंगे। आपके प्रिय रात्रि के साथ संबंध बहुत छोटी-छोटी बातों पर भी तनावपूर्ण हो जाते हैं।

तुला (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,)

बाहरी गतिविधियों से आपको फ़ायदा होगा। एक किलेनुमा जीवन शैली में रहना और हमेशा सुरक्षा की चिंता करना आपके शारीरिक और मानसिक विकास में बाधा उत्पन्न करेगा। यह आपको घबराया हुआ व्यक्ति भी बना देगा। प्राचीन वस्तुओं और आभूषणों में निवेश लाभ और समृद्धि लाएगा।

वृश्चिक (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,)

आप फुर्सत का आनंद उठाने वाले हैं। जो निवेश योजना आपको आकर्षित कर रही है, उसके बारे में अधिक जानने के लिए सतह के नीचे गहराई से खुदाई करें- कोई भी प्रतिबद्धता बनाने से पहले अपने विशेषज्ञों से परामर्श लें। अपनी ओर से कुछ किए बिना दूसरों का ध्यान आकर्षित करने का यह उत्तम दिन है।

धनु (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे)

जब आप दूसरों के साथ ख़ुशी के पल बाँटेंगे तो आपका स्वास्थ्य खिलेगा। लेकिन सावधान रहें क्योंकि इसे नज़रअंदाज़ करना बाद में आपको परेशान कर सकता है। जिन लोगों ने किसी अनजान व्यक्ति की सलाह पर अपना पैसा निवेश किया था उन्हें आज लाभ मिलने की प्रबल संभावना है।

मकर (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)

अपने शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए संतुलित आहार लें। कोई बिन बुलाया मेहमान आज अप्रत्याशित रूप से आपके घर आ सकता है, जिसके कारण आप अपना पैसा उन घरेलू वस्तुओं पर खर्च कर सकते हैं जिन्हें आपने अगले महीने खरीदने के बारे में सोचा था।

कुंभ (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,)

दूसरों की आलोचना करने में अपना समय बर्बाद न करें क्योंकि इसका असर आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। आप अपने जीवनसाथी के साथ मिलकर वित्त पर चर्चा कर सकते हैं और अपने भविष्य के लिए अपने धन की योजना बना सकते हैं। पारिवारिक तनाव के कारण आपका ध्यान भटकने न पाए।

मीन (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची)

बहुत अधिक यात्रा आपको उन्माद में डाल देगी। यह एक और उच्च ऊर्जा वाला दिन है और अप्रत्याशित लाभ की संभावना है। अपने परिवार को उचित समय दें। उन्हें महसूस कराएं कि आप उनकी परवाह करते हैं। उनके साथ अपना क्वालिटी टाइम बिताया। शिकायत का कोई मौका न दें।

पं. महेशचन्द्र शर्मा 9247132654, 8309517693

डीएससी 2023 शिक्षक भर्ती परीक्षा स्थगित

हैदराबाद, 13 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। सरकारी और स्थानीय निकाय स्कूलों में शिक्षक पदों के लिए 20 से 30 नवंबर तक आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षा, जिला चयन समिति (डीएससी) 2023 स्थगित कर दी गई है। स्कूल शिक्षा विभाग ने यह फैसला राज्य में 30 नवंबर को होने वाले आम चुनाव को देखते हुए लिया है। स्कूल शिक्षा निदेशक ए. श्रीदेवसेना ने शुक्रवार को कहा कि भर्ती परीक्षा आयोजित करने की नई तारीखों की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। इस बीच, डीएससी के लिए लगभग 80,000 पंजीकरण प्राप्त हुए हैं।

आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के तबादले

हैदराबाद, 13 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्यपाल ने तत्काल प्रभाव से प्रशासन की आवश्यकता के तहत आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के तबादलों और पोस्टिंग का आदेश दिया। भारती हॉलिकेरी, आईएएस (2010), विशेष सचिव और आयुक्त, डब्ल्यूसीडी और एससी विभाग को कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट, रंगारेड्डी के रूप में स्थानांतरित और तैनात किया गया है, प्रतिमा सिंह, आईएएस (2019) को पद के प्रभार से विधिवत मुक्त कर दिया गया है। गौतम पोटरू, आईएएस (2015), सीईओ, सोसाइटी ऑफ एलिमिनेशन ऑफ रूरल पॉवर्टी (एसईआरपी) को स्थानांतरित कर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, मेडचल मल्काजगिरि के पद पर तैनात किया गया है, जिससे मैं अभिषेक अगस्त्य, आईएएस (2020) को इस पद के प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। ज़ेंडेज हनुमंत कोंडीबा, आईएएस (2016), विशेष आयुक्त, कृषि को स्थानांतरित कर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, यदाद्रि-भोंगीर के रूप में तैनात किया गया है, जिससे वीरा रेड्डी, एसजीडीसी (गैर-कैडर) को पद के प्रभार से विधिवत मुक्त कर दिया गया है। आशीष सांगवान, आईएएस (2016), विशेष सीसीएलए कार्यालय के अधिकारी को स्थानांतरित कर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, निर्मल के पद पर तैनात किया गया है।

सुनील शर्मा, आईएएस, (1990), सरकार के विशेष मुख्य सचिव, ऊर्जा विभाग को स्थानांतरित कर सरकार, उत्पाद शुल्क, वाणिज्यिक कर और बंदोबस्ती के विशेष मुख्य सचिव के रूप में तैनात किया गया है, जिससे शांति कुमारी, आईएएस को उक्त पद के एफएसी से कार्यमुक्त कर दिया गया है। डॉ ज्योति बुद्ध प्रकाश, आईएएस, (2002), सरकार सचिव (हथकरघा, कपड़ा और हस्तशिल्प), उद्योग और वाणिज्य विभाग को स्थानांतरित कर आयुक्त, निषेध और उत्पाद शुल्क के रूप में तैनात किया गया है, जिससे उन्हें कपड़ा और हस्तशिल्प, उद्योग और वाणिज्य विभाग सचिव (हथकरघा) के पद से मुक्त कर दिया गया है।

डॉ. क्रिस्टीना जेड चोंग्थू, आईएएस, (2001), शासन सचिव एवं आयुक्त, जनजातीय कल्याण विभाग को स्थानांतरित कर आयुक्त, वाणिज्यिक कर के पद पर पदस्थ किया गया है। ए. वाणी प्रसाद, आईएएस, (1995), महानिदेशक, ईपीटीआरआई को स्थानांतरित कर सरकार के प्रमुख सचिव, परिवहन के पद पर तैनात किया गया है और बी. विजयेंद्र, आईएएस को इस पद के प्रभार से विधिवत मुक्त कर दिया गया है।

सेवा के सदस्यों को आज शाम 4 बजे तक पद का कार्यभार ग्रहण करने और अनुपालन रिपोर्ट देने का निर्देश दिया जाता है।

आईपीएस अधिकारियों के तबादले

इसी प्रकार अंबर किशोर झा, आईपीएस, (आरआर:2009), संयुक्त पुलिस आयुक्त, (प्रशासन), रचाकोंडा को स्थानांतरित कर वारंगल के पुलिस आयुक्त के रूप में तैनात किया गया है। कलमेश्वर शिंगेनावर, आईपीएस, (आरआर:2012), पुलिस उपायुक्त (अपराध) साइबराबाद को स्थानांतरित कर पुलिस आयुक्त, निज़ामाबाद के पद पर तैनात किया गया है। चेन्नूरी रूपेश, आईपीएस, (आरआर:2017), प्रथम दक्षिण पूर्व/पश्चिम क्षेत्र, हैदराबाद शहर के उपायुक्त को स्थानांतरित कर संगारेड्डी के पुलिस अधीक्षक के रूप में तैनात किया गया है। चौ. सिंधु शर्मा, आईपीएस, (आरआर:2014), कमांडेंट, चौथी बटालियन, टीएसएसपी, ममनूर को स्थानांतरित कर पुलिस अधीक्षक, कामारेड्डी के पद पर तैनात किया गया है। सनप्रीत सिंह, आईपीएस, (आरआर:2011), सहायक पुलिस महानिरीक्षक (एल एंड ओ), डीजीपी कार्यालय, तेलंगाना को स्थानांतरित कर पुलिस अधीक्षक, जगित्याल के पद पर तैनात किया गया है। हर्षवर्द्धन, आईपीएस, (आरआर:2018), पुलिस उपायुक्त, यातायात-1, साइबराबाद, का तबादला कर उन्हें पुलिस अधीक्षक, महबूबनगर नियुक्त किया गया है। गायकवाड़ वैभव रघुनाथ, आईपीएस, (आरआर:2018), पुलिस उपायुक्त, पेद्दापल्ली, का तबादला कर उन्हें नगरकुर्नूल का पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। रितिराज, आईपीएस। (आरआर:2018), पुलिस उपायुक्त, साइबर अपराध, साइबराबाद को स्थानांतरित कर पुलिस अधीक्षक, जोगुलाम्बा गडवाल ज़िला के पद पर तैनात किया गया है।

डॉ. पाटिल संग्राम सिंह गणपतराव, आईपीएस, (आरआर:2015), पुलिस अधीक्षक (सतर्कता), टीएसआरटीसी, हैदराबाद का तबादला कर उन्हें पुलिस अधीक्षक, महबूबाबाद नियुक्त किया गया है। योगेश गौतम, आईपीएस, (आरआर:2018), पुलिस उपायुक्त (प्रशासन), साइबराबाद, का तबादला कर उन्हें नारायणपेट का पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। खरे किरण प्रभाकर, आईपीएस, (आरआर:2017), पुलिस उपायुक्त, दक्षिण क्षेत्र, हैदराबाद शहर को स्थानांतरित कर पुलिस अधीक्षक, जयशंकर भूपालपल्ली के पद पर तैनात किया गया है।

बी.के. राहुल हेगड़े, आईपीएस, (आरआर :2014), पुलिस उपायुक्त, यातायात-1, हैदराबाद शहर को स्थानांतरित कर पुलिस अधीक्षक, सूर्यापेट के पद पर तैनात किया गया है। सभी अधिकारियों को 13 अक्टूबर को शाम 4 बजे तक कार्यभार ग्रहण करने और अनुपालन रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है।

पुलिस ने विस्फोटक, माओवादी साहित्य के साथ 4 लोगों को गिरफ्तार किया

मुलुगु, 13 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। वाज़ेडु पुलिस ने वाहन जांच के दौरान विस्फोटक और माओवादी साहित्य के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया। एक प्रेस नोट के अनुसार, गिरफ्तार किए गए लोगों में कादरी यादगिरी, कालाकोटा प्रभाकर, शिवरात्रि पवन कल्याण और एल्माकांति महेश शामिल हैं, ये सभी जनगांव जिले के थीगरम गांव के हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि वे प्रतिबंधित सीपीआई माओवादी समूह के लिए संदेशवाहक के रूप में काम कर रहे थे। उन्हें शीर्ष माओवादी नेता बड़े चोक्का राव उर्फ दामोदर तक विस्फोटक और साहित्य पहुंचाने का काम सौंपा गया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल आठ जिलेटिन की छड़ें, माओवादी पार्टी के क्रांतिकारी साहित्य की 10 किताबें, चार मोबाइल फोन और दो मोटरसाइकिलें जब्त कीं। आरोपियों पर आईपीसी, यूएपीए, टीएसपीएसए और विस्फोटक अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

वैष्णवी कुमारी
माता : संध्या कुमारी
पिता : सुदामा कुमार

कांग्रेस के पास 40 विधानसभा क्षेत्रों में लड़ने के लिए उम्मीदवार नहीं : केटीआर

हैदराबाद, 13 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष और मंत्री केटी रामा राव ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि सबसे पुरानी पार्टी के पास 40 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार नहीं हैं।

शुक्रवार को यहां मीडियाकर्मियों से अनौपचारिक बातचीत में केटी रामा राव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पास तेलंगाना में 40 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव लड़ने के लिए कोई उम्मीदवार नहीं है और पूछा कि पार्टी आगामी चुनावों में 70 सीटें कैसे जीत सकती है? केटीआर ने बताया कि तत्कालीन रंगारेड्डी जिले में 29 विधानसभा क्षेत्र हैं जहां 25 विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के पास लड़ने के लिए कोई उम्मीदवार नहीं है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी केवल उन्हीं लोगों को टिकट दे रही है जिन्होंने तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष रेवंत रेड्डी को पैसे दिए हैं। उन्होंने आगे कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार तेलंगाना चुनावों के लिए धन जुटाने के लिए बिल्डरों से 500 रुपये प्रति वर्ग फुट की वसूली कर रही थी और यह अवैध रूप से तेलंगाना राज्य में पैसा लगा रही थी। मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि बीआरएस सरकार के खिलाफ झूठ बोलना गृह मंत्री अमित शाह और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की आदत बन गई है और मांग की कि अमित शाह अपनी अपमानजनक टिप्पणियों के लिए बिना शर्त माफी मांगें। केटी रामा राव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पाठक करार देते हुए कहा कि कांग्रेस नेता को तेलंगाना राज्य के बारे में बुनियादी जानकारी नहीं है और वह केवल स्थानीय कांग्रेस नेताओं द्वारा लिखी गई स्क्रिप्ट ही पढ़ सकते हैं।

तलसानी ने भारतीय चुनाव आयोग से किया व्यापारियों को परेशान न करने का आग्रह

व्यापारी समुदाय ने मंत्री से मुलाकात कर की शिकायत

हैदराबाद, 13 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। नगर के व्यापारी समुदाय ने मंत्री से मुलाकात कर चुनाव नियमों के नाम पर व्यापारियों को परेशान करने की शिकायत की। इस पर पशुपालन मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव ने भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) से चुनाव नियमों के नाम पर व्यापारियों को परेशान न करने का आग्रह किया है।

शुक्रवार को यहां एक प्रेस विज्ञप्ति में मंत्री ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दिशानिर्देशों को लागू करने में कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन चुनाव के नाम पर व्यापारिक समुदाय को परेशान करना बहुत अनुचित है। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों से हैदराबाद आए व्यापारी इस बात से चिंतित हैं कि अधिकारी उनसे कैसे निपट रहे हैं और परेशानियां पैदा कर रहे हैं। मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे व्यापारिक समुदाय के लिए परेशानी पैदा न करें और तेलंगाना में व्यापारियों को अपना समर्थन दें।

मंत्री से मुलाकात करने वाले व्यापारी समुदाय के प्रतिनिधियों में बोइनपल्ली मार्केट यार्ड के वाइस चेयरमैन सी. वेणुगोपाल रेड्डी, सिकंदराबाद एवं बोइनपल्ली व्यापारी संघ के अध्यक्ष ए. गौतम जैन, जवाहर, रामकृष्णा डी. श्रीनिवास गौड़, श्रीमती मीना भास्कर, नारायण, अनिल गौड़ आदि शामिल रहे।

चुनाव आयोग के निर्देश पर चल रही पुलिस जांच से व्यापारियों में दहशत

हैदराबाद, 13 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। चुनाव आयोग के निर्देश पर चल रहे चेकिंग अभियान से व्यापारियों में खासी अफरा-तफरी मची है। व्यापारी जहां माल लेने-देने के लिए हैदराबाद आने से कतरा रहे हैं, वहीं वह अपना व्यापार ठप होने से भी खासे परेशान हैं। यही हाल रहा तो बाजार में भाव आसमान तथा व्यापार रसातल में पहुंच जाएगा।

चुनाव में अवैध धन का इस्तेमाल न हो इस पर निर्वाचन आयोग पूरी तरह सख्त है। निगरानी के लिए पहले से ही टीमें गठित कर दी गई हैं और इन टीमों ने निरीक्षण करना शुरू कर दिया है। पुलिस की जगह-जगह पर चेकिंग प्वाइंट बनाये गये हैं। जहां से हर किसी आने-जाने वाले की गहनता से तलाशी ली जा रही है। आयोग की सख्ती को लेकर कपड़ा थोक व्यापारी पंकज कुमार अग्रवाल का कहना है कि इससे व्यापारी परेशान हो रहे हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा संपूर्ण राज्य में जांच पड़ताल में कपड़ा अनाज सराफा लोहा व्यवसाय से जुड़े छोटे-छोटे व्यापारी एवं थोक व्यापारियों को जांच के नाम से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है व्यापारियों को हैदराबाद व अन्य बाजारों में एक सीमा के बाद उधार नहीं मिलता है जिससे रुपये साथ लेकर जाना उनकी मजबूरी रहती है।

एक अन्य व्यापारी ने कहा कि आयोग के निर्देशों पर व्यापारियों को कोई ऐतराज नहीं है लेकिन जांच में व्यापारी सिद्ध होने पर परेशान नहीं किया जाना चाहिए। आयोग की ओर से व्यापारियों के लिए शिथिलता बरती जाये। इस सख्ती से जहां व्यापार की गति धीमी पड़ रहीं हैं व माल कम आने से उपभोक्ताओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे माल की कीमत भी बढ़ सकती है। श्री अग्रवाल ने कहा कि व्यापारी इस तरह की सख्ती से हतोत्साहित हो रहे हैं। व्यापारियों की जगह नेताओं व राजनैतिक पार्टियों पर इसका शिकंजा कसा जाना चाहिए, जिससे आम व्यक्ति को दिक्कत न हो सके। मध्यमवर्गीय व्यापारी इस सख्ती से खासा परेशान है। कई दुकानों से सामान की खरीददारी करने को लेकर नगद रुपये ले जाना व्यापारियों की मजबूरी होती है। व्यापारियों के साथ धरपकड़ होने से उनके टर्न ओवर में भी खासा असर पड़ेगा। पुलिस को तफ्तीश के नाम पर व्यापारियों को परेशान नहीं करना चाहिए, जिससे व्यापार में किसी तरह की दिक्कत न आये। पुलिस चेकिंग से व्यापारियों की गोपनीयता पर असर पड़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि पुलिस की ओर से की जाने वाली तलाशी से उनकी गोपनीयता भंग हो रही है। हर किसी की नजर में व्यापारिक स्थिति उजागर हो जाने से भविष्य में व्यापारियों को दिक्कतें उठानी पड़ेंगी। कई जगहों पर तो चेकिंग के नाम पर ठगी भी शुरू हो चुकी है।

यह हाल केवल एक जगह का नहीं, अपितु पूरे महानगर हैदराबाद का है, चाहे वो रिकाबगंज पटेल मार्केट घांसी बाजार, मोजमजाही मार्केट, हैबिट्स, बशीर बाग, बेगम बाजार, सितंबर बाजार, उस्मानगंज, बहादुरपुर हो या सिकंदराबाद का पार्ट मार्केट रानीगंज उप्पल रामंतापुर संतोष नगर मलकपेट एलबी नगर तारनाका हो। व्यापारियों को अब भय है कि इसका लाभ कहीं अपराधी न उठा लें। व्यापारियों ने उच्च पुलिस अधिकारी व चुनाव आयोग से अनुरोध किया कि किसी प्रकार के व्यापारियों व ग्राहकों तथा स्थानीय लोगों को असुविधा का सामना नहीं करना पड़े तथा सुचारु एवं सुगमता पूर्ण वातावरण में व्यापार एवं चुनाव संपन्न हो इसीलिए कोई उपाय ठोस उपाय निकाले।

हैदराबाद के नए पुलिस कमिश्नर बनाये गये संदीप शांडिल्य

हैदराबाद, 13 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी संदीप शांडिल्य को हैदराबाद पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है। मुख्य सचिव शांति कुमारी ने शुक्रवार को इस आशय का आदेश जारी किया। शांडिल्य को सीवी आनंद के स्थान पर नियुक्त किया गया है, जिनका तेलंगाना विधानसभा के आगामी चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा के तुरंत बाद स्थानांतरण कर दिया गया है। हैदराबाद पुलिस आयुक्त का पद संभालने से पहले 1993 बैच के अधिकारी शांडिल्य ने तेलंगाना राज्य पुलिस अकादमी (टीएसपीए) के निदेशक के रूप में कार्य किया है।

यूओएच के स्नातक दीक्षांत समारोह आयोजित

हैदराबाद, 13 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। शैक्षणिक उत्कृष्टता की स्वर लहरी हवा में गूंज उठी, जब हैदराबाद विश्वविद्यालय ने गाचीबोवली में ब्रह्माकुमारीज शांति सरोवर ग्लोबल पीस ऑडिटोरियम में एक भव्य दीक्षांत समारोह में अपने स्नातकों को सम्मानित किया। शुक्रवार को आयोजित 23वें दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के लगभग 1745 छात्रों को उनकी डिग्री प्रदान की गई। कुछ 295 पीएच.डी. विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए विद्वानों और 166 स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ताओं को सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष प्रो. एम. जगदीश कुमार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। यूओएच की रेक्टर डॉ. तमिलिसाई सौंदर्यराजन सम्मानित अतिथि रही। विश्वविद्यालय के चांसलर न्यायमूर्ति एल. नरसिम्हा रेड्डी और यूओएच के कुलपति प्रोफेसर बसुथकर जगदीश्वर राव मंच पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में से थे। यूओएच के रजिस्ट्रार डॉ. देवेश निगम और विश्वविद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक इकाइयों के महत्वपूर्ण पदाधिकारी भी इस कार्यक्रम का हिस्सा थे। कार्यक्रम की शुरुआत मंच पर गणमान्य व्यक्तियों के औपचारिक जुलूस के साथ हुई, जिसके बाद कुलाधिपति के एक संदेश के बाद आधिकारिक तौर पर दीक्षांत समारोह की शुरुआत की घोषणा की गई।

गांजा तस्करी के आरोप में तीन अंदर

वारंगल, 13 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस ने दो अलग-अलग घटनाओं में गांजा तस्करी में शामिल दो गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने इनके पास से करीब दस लाख कीमत का 50 किलो गांजा जब्त किया है। सेंट्रल जोन के डीसीपी अब्दुल बारी ने शुक्रवार को यहां बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान जंकर मेहर (24), मोहन धान (33) और ज्योति प्रकाश दलाई (34) के रूप में हुई है, जो सभी ओडिशा के रहने वाले हैं।

वे ट्रेनों के माध्यम से विभिन्न राज्यों में गांजा की तस्करी करते पकड़े गए। वे आंध्र और ओडिशा सीमा पर दो अलग-अलग इलाकों से कम कीमत पर गांजा खरीदते थे और इसे हैदराबाद, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में ऊंची कीमत पर बेचते थे। आरोपियों को पुलिस ने वारंगल और हनमकोंडा इलाके से पकड़ा था. ज्योति प्रकाश को 17 किलो गांजे के साथ पकड़ा गया, जबकि मेहर और मोहन ढाक को 33 किलो गांजे के साथ पकड़ा गया। डीसीपी ने वारंगल के एसीपी बोनाला किशन, इंस्पेक्टर श्रीनिवास और सुरेश, एसआई साई प्रसन्न कुमार और स्थानीय रेलवे सुरक्षा पुलिस को आरोपियों को पकड़ने में उनकी भूमिका के लिए बधाई दी।

आसिफाबाद व मंचेरियल में गुप्त शिविरों में जुआ बेरोकटोक जारी

हैदराबाद, 13 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। प्रतिबंधित जुआ कुमराम भीम आसिफाबाद, मंचेरियल जिलों में चुपचाप एक नया रूप ले रहा है। अब कोई भी व्यक्ति दिन के उजाले में शानदार अपार्टमेंट और वातानुकूलित कमरों में गुप्त रूप से संचालित शिविरों में आसानी से इस कृत्य में शामिल हो सकता है। हालाँकि, इस सेवा का लाभ उठाने के लिए व्यक्ति को ऊँची 'कीमत' चुकानी पड़ती है। तेलंगाना सरकार द्वारा जुआ और सट्टेबाजी पर प्रतिबंध है। आदतन अपराधी ज्यादातर रात में प्रवर्तन एजेंसियों को चकमा देने के लिए गांव या कस्बे के बाहरी इलाके में झाड़ियों, जंगलों और एकांत स्थानों पर अपराध करते हैं। पुलिसकर्मियों के आने की भनक लगते ही वे मौके से गायब हो जाते हैं। कुछ लोग महाराष्ट्र की यात्रा करेंगे जहां इस अधिनियम की अनुमति है।

लेकिन, कार्यप्रणाली स्पष्ट रूप से एक पुरानी बात बन गई है। अब कोई भी सप्ताहांत और छुट्टियों पर बहुमंजिला अपार्टमेंट और आलीशान घरों में आयोजित होने वाले जुआ शिविरों में जा सकता है। कुछ लोग आदिलाबाद, मनचेरियल, कुमराम भीम आसिफाबाद और निर्मल जिलों के कई हिस्सों में तेजी से पैसा कमाने के लिए शिविरों का संचालन कर रहे हैं। शिविरों में भाग लेने के लिए किसी को 3,000 से 5,000 रुपये के बीच भुगतान करना पड़ता है।

कुमावत सेवा समिति उप्पल का नवरात्रि महोत्सव 15 से

हैदराबाद, 13 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। उप्पल चेंगीचेरला स्थित कुमावत सेवा समिति उप्पल चेंगीचेरला हैदराबाद के तत्वावधान मे रविवार 15 अक्टूबर से सोमवार 23 अक्टूबर तक समाज बन्धुओं के सानिध्य मे नवरात्रि महोत्सव एवं डी.जे. की धुन पर रंगारंग डांडिया नृत्य कार्यक्रम प्रतिदिन आयोजित किया जाएगा। जारी प्रेस विज्ञप्ति मे महामंत्री सी.आर.कुमावत ने बताया कि हर वर्ष की भांति समाज बन्धुओं के सान्निध्य में नवरात्रि महोत्सव व डांडिया नृत्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रतिदिन पूजा-अर्चना रात्रि 8 बजे से एवं रात्रि 8.15 बजे से डांडिया नृत्य कार्यक्रम रहेगा। 23 अक्टूबर को विशाल जागरण का आयोजन रात्रि 9.15 बजे से किया जाएगा। इसमें विशाल श्रीमाली जोधपुर एंड पार्टी भजनों के पुष्प अर्पित करेंगे। समाज बन्धुओं के लिए भोजन-प्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर रहेगी। अध्यक्ष पारसमल रेणवाल, सचिव बाबूलाल खरनालिया ने समाज बन्धुओं से निवेदन किया है कि नवरात्रि महोत्सव मे पुजा-अर्चना, डांडिया व भजनों के कार्यक्रम मे सपरिवार भाग लेकर, दर्शनकर एवं कार्यक्रम का लाभ लें।

बिग सी द्वारा दशहरा धमाका आफर्स : एम. बालु चौधरी

हैदराबाद, 13 अक्तूबर(स्वतंत्र वार्ता)। बिग सी के संस्थापक व सीएमडी एम. बालु चौधरी ने कहा कि, इस पावन दशहरा त्योहार के उपलक्ष्य में बिग सी ने अपने प्रिय ग्राहकों के लिए दशहरा धमाका आफर्स पेश कर रही है। इस संदर्भ में, बिग सी के संस्थापक व सीएमडी एम. बालु चौधरी ने विस्तार से बताया कि, बिग सी नामक संस्था जो गत 21 वर्षों से मोबाईल रिटेल के सेल्स में रिकार्ड बना रहा है। इस संस्था के दोनों आंध्र प्रदेश व तेलंगाना राज्यों में ढाई सौ से भी अधिक स्टोर्स उपलब्ध हैं तथा इन स्टोर्स में रिटेल मोबाईल्स सेल्स जोरों पर जारी है। इसके चलते इस दशहरा त्योहार के उपलक्ष्य में बिग सी ने अपने प्रिय ग्राहकों के लिए निम्न आकर्षक धमाका आफर्स पेश कर रही है। जिनमें, हरेक स्मार्ट फोन की खरीदी पर रु.10,000/-(दस हजार रुपये), कैश बैक दिया जायेगा एवं इसके साथ रु. 4,000/-(चार हजार रुपये) मूल्य का निश्चित तौर पर उपहार दिया जायेगा। इतना ही नहीं इस आकर्षक धमाका आफर्स में हरेक मोबाईल/स्मार्ट टीवी/लैपटाप की खरीदी पर स्मार्ट वाच आफर, 57 इन्सेटिव डिस्काउंट आफर, रायल्टी पाइंट्स आफर, 1+1 एक्सटेंडेड वारंटी आफर, स्मार्ट टीवी आफर जैसे अनेकानेक आफर्स प्रदान किये जायेंगे। साथ ही एटीएम कार्ड पर किसी भी प्रकार का ब्याज एवं डाउन पेमेंट रहित मोबाईल, स्मार्ट टीवी, लैपटाप, एयर कंडीशन्स की खरीदी पर आकर्षक सुविधाएं दी जायेंगी। इसके चलते एम. बालु चौधरी ने प्रिय ग्राहकों से इच्छा जतायी कि, दशहरा त्योहार पर दिये जा रहे उपरोक्त इन आकर्षक आफर्स का लाभ उठाएं।

भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान में हिंदी प्रश्नमंच प्रतियोगिता

हैदराबाद, 13 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद में जारी हिंदी चेतना मास समारोह की कड़ी में श्री अन्न - चंद्रायन यात्रा 2023 नामक प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्नमंच में सामान्य हिंदी, सामान्य ज्ञान, कृषि, श्री अन्न, जी 20, अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्न वर्ष 2023, चंद्रायन संबंधी विषयों को स्थान दिया गया। डॉ. केबीआर एस विशारदा, प्रभारी निदेशक, भाश्रीअनुसं ने स्वयं प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता के दौरान संस्थान में कार्यरत सभी (वैज्ञानिक, तकनीकी, प्रशासनिक, शोध अध्येता आदि) संवर्ग 30 से ज्यादा सहभागियों ने श्री अन्न फसलों अर्थात-ज्वार (सोरघम), बाजरा (पर्ल मिलेट), रागी (फिंगर मिलेट), कंगनी (फॉक्सटेल मिलेट), कुटकी (लिटिल मिलेट) तथा चेना (प्रोसो मिलेट) नामक दलों के रूप में भाग लिया। डॉ. के हरिप्रसन्ना, प्रधान वैज्ञानिक, डॉ. के वी राघवेन्द्र राव तथा ओवी रमणा, मुख्य तकनीकी अधिकारियों ने निर्णायकों की भूमिका निभाई तथा डॉ. महेश कुमार, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी (राजभाषा) ने पूरे प्रश्नमंच के निर्माण एव प्रस्तुतीकरण का संचालन किया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. सी तारा सत्यवती के दिशा-निर्देश में डॉ. जिनु जेकब, वैज्ञानिक एवं डॉ. महेश कुमार के द्वारा किया गया।

पितृ पक्ष के उपलक्ष्य में श्री समर्थ कामधेनु गौशाला, जियागुड़ा में गौ सेवा की गई, जिसमें उपस्थित प्रभुदत्त महाराज, मनोज अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, ईशा, प्रतीक, पूजा, आदित्य, आकाश, इशिता, करिश्मा, ऋषिका एवं अन्य उपस्थित रहे।

पाली लोकसभा के पूर्व सांसद पुष्पकुमार जैन व चार धाम की यात्रा पूर्णकर नगर पधारने पर कुशाईगुडा में सोहनसिंह-संतोषकंवर राजपुरोहित का सम्मान करते हुए पारसमल शर्मा, सरस्वतीदेवी शर्मा, राजु, जयप्रकाश शर्मा व रमेश चौधरी।

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री का नगर दौरा आज

हैदराबाद, 13 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी कल 14 अक्टूबर 2023 को अपने एक दिवसीय कार्यक्रम के लिए हैदराबाद पधारेंगे। तेलंगाना जाट एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष व समाजसेवी धर्माराम ढाका द्वारा प्रेस को दी गई जानकारी के मुताबिक केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कल नगर में कई कार्यक्रम भाग लेंगे।

एक शाम माताजी एवं गौमाता के नाम 15 को

हैदराबाद, 13 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। यापराल स्थित श्री मल्लन्ना मंदिर एम्पलांइस कॉलनी में नवयुवक मित्र मंडल यापरालके तत्वावधान मे रविवार 15 अक्टूबर रात्रि 9.15 बजे से एक शाम माताजी एवं गौमाता के नाम भव्य जागरण आयोजित किया जाएगा। नवयुवक मित्र मंडल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति ने बताया कि नवयुवक मित्र मंडल यापराल के तत्वावधान मे नवरात्रि महोत्सव के पावन अवसर पर एक शाम गौमाता के नाम भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा। इसमें चेतननाथ एंड पार्टी भजनों के पुष्प अर्पित करेंगे। जागरण मे भक्तों द्वारा दी गयी राशी गौसेवार्थ कार्यो मे दी जाएगी। पधारे भक्तों के लिए भोजन-प्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर रहेगी। कार्यक्रम मे पधारे भक्तों की सेवार्थ नवयुवक मित्र मंडल यापराल के सभी सदस्यगण उपस्थित रहेंगे। सभी भक्तों व प्रवासी बन्धुओं से निवेदन किया है कि कार्यक्रम मे सपरिवार भाग लेकर, दर्शन, भजनों एवं कार्यक्रम का लाभ लें।

शहर में दो घटनाओं में छह की मौत

हैदराबाद, 13 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य की राजधानी में हुई दो अलग-अलग दुःखद घटनाओं में आज चार बच्चों सहित छह लोगों की मौत हो गई। पहली घटना में, बोराबंडा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार सुबह बोराबंडा डिवीजन के मधुरानगर इलाके में एक गृहिणी ने कथित तौर पर अपने दो बच्चों को जहर देकर मार डाला और फिर आत्महत्या कर ली।

महिला की पहचान ज्योति के रूप में हुई। उनकी शादी हैदराबाद के विजय नाम के शख्स से हुई थी। दंपत्ति के दो बच्चे हैं। ज्योति बंजारा हिल्स के एक सरकारी स्कूल में कार्यरत थी। उनके जीवन में झगड़े शुरू हो गए, जो कुछ दिनों तक चले। आए दिन पति विनय और उसकी पत्नी ज्योति झगड़े से परेशान रहते थे। आमना-सामना होने के बाद वे भी सामान्य हो जाते थे। शुक्रवार सुबह जब ज्योति ने अपने पति को बाहर जाते देखा तो उसने अपने दोनों बच्चों अर्जुन (4) और आदित्य (2) को जहर देकर मार डाला। बाद में उसने भी फांसी लगाकर जान दे दी। घर लौटने पर विजय अपनी पत्नी ज्योति और बच्चों को बेसुध पड़ा देख सदमे में आ गया। बाद में दर्द सहन न कर पाने के कारण उन्होंने आत्महत्या का भी प्रयास किया। हालांकि, वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने विजय को बचा लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस और स्थानीय लोगों ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया।

दो लड़कियों को खिलाई नींद की गोलियां

शुक्रवार को बोइनपल्ली पुलिस स्टेशन की सीमा के तहत हुई दूसरी घटना में, एक व्यक्ति ने अपनी दो बेटियों को नींद की गोलियाँ दीं। बाद में उन्होंने भी आत्महत्या कर ली। घटना ओल्ड बोइनपल्ली के भवानी नगर में हुई। उस व्यक्ति की पहचान स्थानीय निवासी श्रीकांत चारी के रूप में की गई, जो चांदी का व्यवसाय चलाता है और परिवार का भरण-पोषण करता है। उनकी दो बेटियों की पहचान श्रावती (8) और श्रव्या (7) के रूप में हुई। पुलिस ने निष्कर्ष निकाला कि चारी ने पारिवारिक विवादों के कारण यह कदम उठाया।

शी टीम ने कॉलेज छात्रों को कानून के बारे में जागरूक किया

कुमरम भीम आसिफाबाद, 13 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। आसिफाबाद शी टीम प्रभारी सुनीता ने स्कूली छात्राओं को बताया कि शी टीमें लड़कियों और महिलाओं की सुरक्षा के लिए काम कर रही हैं। जिला एसपी के. सुरेश कुमार आईपीएस, अतिरिक्त एसपी (प्रशासन) अचेस्वरा राव ने सरकारी जूनियर कॉलेज केरामेरी मंडल में एक जागरूकता बैठक की। इस मौके पर सुनीता ने कहा कि अगर कोई भी छात्र-छात्राओं व महिलाओं के साथ हिंसा, छेड़खानी व साइबर अपराध का शिकार हो तो तुरंत संपर्क करें। कार्यक्रम में प्रिंसिपल आर परसुरामुलु और शिक्षक और प्रबंधन, उनकी टीम रामादेवी के सदस्य स्वप्ना और श्रीलता ने भाग लिया।

पूर्व तट रेलवे

(1) Tender Notice No.: VSKP-ELECTG-23-24-WC-18/1, Dtd. 06.10.2023
कार्य का नाम: अमृत भारत स्कीम के अंतर्गत VZM, CPP, CHE, PLH स्टेशन पर हाई लेवल प्लेटफार्म का प्रावधान।
निविदा मूल्य: ₹ 54,42,063/-
निविदा प्रतिभूति : ₹ 1,08,900/-

(2) Tender Notice No.: VSKP-ELECTG-23-24-WC-18/2, Dtd. 06.10.2023
कार्य का नाम: अमृत भारत स्कीम के अंतर्गत PVP, VBL स्टेशन पर हाई लेवल प्लेटफार्म का प्रावधान।
निविदा मूल्य: ₹ 42,82,848/-
निविदा प्रतिभूति : ₹ 85,700/-

(3) Tender Notice No.: VSKP-ELECTG-23-24-WC-18/3, Dtd. 06.10.2023
कार्य का नाम: अमृत भारत स्कीम के अंतर्गत KRPU, ARKU, DMNJ स्टेशन पर हाई लेवल प्लेटफार्म का प्रावधान।
निविदा मूल्य: ₹ 57,10,614/-
निविदा प्रतिभूति : ₹ 1,14,200/-

(4) Tender Notice No.: VSKP-ELECTG-23-24-WC-19, Dtd. 06.10.2023
कार्य का नाम: वाल्टियर मंडल में सब-स्टेशनों का सुधार।
निविदा मूल्य: ₹ 98,03,269.72
निविदा प्रतिभूति : ₹ 1,96,100/-
पूर्णता अवधि: 120 (एक सौ बीस) दिन (सभी निविदाओं के लिए)
निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 07.11.2023 को 1330 बजे (सभी निविदाओं के लिए)
निविदा खुलने की तिथि एवं समय: 07.11.2023 को 1600 बजे (सभी निविदाओं के लिए)
निविदा दस्तावेज पूर्ण विवरण http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
निविदादाताओं को जारी किए गए शुद्धिपत्र को देखने के लिए वेबसाइट को नियमित रूप से देखना होगा।
वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), वाल्टियर
PR-655/O/23-24

District
GANDHI SHILP BAZAR
Display & Sale of Handicrafts Products From All Over India Under One Roof
Date 14-10-2023 to 23-10-2023 Time : 12:00 to 10:00 pm
Venue
Brindavan Garden, Anand Bagh, 'X' Road Hyderabad, Telangana.
Sponsored by : O/o The Development Commissioner (Han.), Ministry of Textiles, GOI New Delhi website : www.handicrafts.nic.in
Organized by : Sashakti Shiksha Mahila Avam Bal Kalyan Samiti, Bhopal (M.P.)

पेपर लीक मामले में ईडी का एक्शन

सीएम गहलोत के करीबी कांग्रेस नेता के ठिकानों पर मारा छापा

जयपुर, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। पेपर लीक मामले में ईडी की सक्रियता से प्रदेश में हड़कंप की स्थिति पैदा हो गई है। कांग्रेस नेताओं के करीबियों के घर कार्रवाई चल रही है। दिनेश खोड़निया, स्पर्धा चौधरी और अशोक जैन के नौ ठिकानों पर कार्रवाई की सूचना मिली है।

बता दें कि पेपर लीक मामले में शुक्रवार सुबह प्रदेश के तीन शहरों में ईडी की कार्रवाई शुरू हुई तो खबर आग की तरह पूरे प्रदेश में फैल गई। कहा जा रहा है कि कांग्रेस सीनियर नेताओं के करीबियों के घर और दफ्तर सहित नौ ठिकानों पर ईडी की कार्रवाई हो रही है।

यह सभी जगह दिनेश खोड़निया, स्पर्धा चौधरी और अशोक जैन के बताए जा रहे हैं, जिसमें से दिनेश खोड़निया मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करीबी बताए जा रहे हैं। वहीं, स्पर्धा चौधरी पेपर लीक सरगना सुरेश ढाका की महिला मित्र हैं और अशोक जैन भी एक कांग्रेस नेता के करीबी हैं। ईडी सूत्रों के अनुसार, पेपर लीक में शामिल आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा और मास्टरमाइंड भूपेंद्र सारण को ईडी ने पिछले दिनों रिमांड पर लिया था। बाबूलाल ने पूछताछ में कुछ अन्य लोगों की जानकारी ईडी को दी थी। बाबूलाल कटारा से हुई पूछताछ के बाद ईडी ने भूपेंद्र सारण को तीन

दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। भूपेंद्र सारण से भी पूछताछ की गई थी, बाबूलाल कटारा और भूपेंद्र सारण जानते हैं कि और कौन लोग पर्दे के पीछे थे। रिमांड के दौरान दोनों से मिली जानकारी को दिल्ली ईडी कार्यालय में भिजवाया गया। एक गोपनीय दल ने दिनेश खोड़निया, अशोक जैन और स्पर्धा चौधरी की पिछले सात दिन तक जांच की। जांच में इनके बैंक डिटेल, बैक ग्राउंड, कॉनटैक्ट, आगामी विधानसभा चुनाव में इनकी भूमिका की जांच की गई। इसके अलावा सिविल लाइन में कई वरिष्ठ नेताओं के संपर्क की जानकारी ईडी को मिली। इस पर दिल्ली और गुजरात की टीम को जयपुर में छापेमारी के लिए भेजा गया। ईडी को सर्च के दौरान सबूत मिलने पर सभी को ईडी मुख्यालय में आने के नोटिस दिए जा सकते हैं। नोटिस के बाद ईडी मुख्यालय में आकर ईडी के सवालों के जवाब देने होंगे।

किरोड़ीलाल मीणा की प्रेस वार्ता

पेपर लीक पर ईडी की कार्रवाई शुक्रवार सुबह से प्रदेश के तीन शहर और नौ ठिकानों पर चल रही है। ऐसे में डॉ किरोड़ीलाल मीणा ने दावा किया है कि उनके पास उस जगह का पता है, जहां करोड़ों की नकदी और ढेरों सोना रखा हुआ है। मीणा अपने साथ प्रेस को लेकर उस स्थान पर पहुंच रहे हैं, जहां डॉ किरोड़ीलाल दावा कर रहे हैं कि काला धन रखा हुआ है। किरोड़ीलाल ने दावा किया है कि उनके धरना देने से ईडी की नजर में वो जगह आएगी और काला धन पकड़ा जाएगा। डॉ किरोड़ीलाल मीणा ने दावा किया है कि पेपर लीक के तार मुख्यमंत्री से भी जुड़े हैं। क्योंकि दिनेश खोड़निया मुख्यमंत्री गहलोत का करीबी हैं और उनके काले पैसे का हिसाब रखता है। डॉ किरोड़ीलाल ने स्पर्धा चौधरी के भी राहुल गांधी के संपर्क और कांग्रेस में पद पर होने की बात कही है। अभी स्पर्धा चौधरी आरएलपी में महिला मोर्चा की अध्यक्ष हैं। मीणा ने हनुमान बेनीवाल को भी सलाह देते हुए कहा है, तुरंत इसको बर्खास्त करें, नहीं तो इसकी वजह से अपनी भी साख खराब हो सकती है।

जयपुर के एमआई रोड स्थित गणपति टावर में लॉक रूम पहुंचे किरोड़ीलाल मीणा

मीणा का दावा है कि 100 लॉकर में 500 करोड़ की रकम और कई किलो सोना मौजूद है। जब तक पुलिस आकर इनको सील नहीं करती, जब तक यही बैठकर धरना दूंगा। मीणा बोले, इसमें बड़े मगरमच्छ शामिल हैं। अगर नाम लिए तो सब कुछ गायब कर दिया जाएगा। इसलिए तब तक बैठूंगा, जब तक इनको सील नहीं किया जाता है। डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि कार्रवाई के बाद नाम का खुलासा करूंगा। पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है और बातचीत का दौर शुरू हो चुका है।

50 किलो सोना और 500 करोड़ रुपए कालाधन होने का दावा

गणपति प्लाजा में धरने पर बैठे सांसद किरोड़लाल मीणा

जयपुर, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। चुनावी राज्य राजस्थान में कालेधन के खुलासे को लेकर सांसद किरोड़ीलाल मीणा ने शुक्रवार को बड़ा दावा किया है। मीणा ने 500 करोड़ रुपए और 50 किलो सोना एक लॉकर में बताते हुए वहीं धरना शुरू कर दिया है। मामला जयपुर के गणपति प्लाजा का है। फिलहाल सांसद गणपति प्लाजा में ही धरने पर बैठे हैं और कहा है कि जबतक एसीबी यहां जांच शुरू नहीं करेगी वो धरना जारी रखेंगे।

सांसद किरोड़ीलाल मीणा का दावा, लॉकर में 50 किलो सोना, 500 करोड़ का कालाधन

राजस्थान में पेपर लीक मामले में भी सांसद ने कई नामचीन लोगों पर आरोप लगाए थे। आरोपों के साथ ईडी को सबूत देने का दावा भी किया था। अब जयपुर, जोधपुर और डूंगरपुर में हुई ईडी की छापेमार कार्रवाई के बाद सांसद किरोड़ीलाल मीणा ने फिर से ऐसा दावा किया है। गणपति प्लाजा के लॉकर्स में करोड़ों का काला धन होने की बात कही है। उनका दावा है कि इन लॉकर्स में 500 करोड़ रुपए और 50 किलो सोना रखा हुआ है।

कांग्रेस नेताओं के करीबियों का करोड़ों रुपए का काला धन

सांसद का दावा है कि गणपति प्लाजा के लॉकर्स में सोना भी है और करोड़ों रुपए भी। 'बाबा' के नाम से पहचाने जाने वाले सांसद का आरोप है कि कांग्रेस नेताओं के करीबियों का करोड़ों रुपए का काला धन इन्हीं लॉकर्स में रखा गया है।

जांच एजेंसी यहां नहीं आएगी तब तक यहीं धरने पर बैठा रहूंगा

मीणा ने कहा है कि 'जयपुर के गणपति प्लाजा के एक लॉकर के बाहर धरने पर बैठा हूं। इसमें 500 करोड़ रुपये और 50 किलो सोना है। जब तक एसीबी या कोई जांच एजेंसी यहां नहीं आएगी तब तक यही धरने पर बैठा रहूंगा।'

आचार संहिता लागू होते ही वाहन उगल रहे कैश, पाली और दौसा में पुलिसकर्मी सस्पेंड

जयपुर, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान में आचार संहिता लगते ही पुलिस और प्रशासन मुस्तैद हो गया है। धौलपुर में तलाशी के दौरान पजेरो गाड़ी से 28 लाख रुपये नगद मिले हैं। इसके बाद पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर आयकर विभाग की टीम को बुला लिया है। इसी तरह अलग-अलग जिलों से अवैध शराब मिलने की सूचनाएं मिल रही हैं। धौलपुर में सीओ सिटी सुरेश सांखला ने बताया कि पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान ओंडेला गांव से आ रही पजेरो गाड़ी को रोका था। जांच करने पर गाड़ी में रखे बैग से पुलिस ने 28 लाख रुपये बरामद किए हैं। चालक इस राशि को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। साथ ही भरतपुर से आयकर विभाग की टीम को बुला लिया है। आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर सागर पाड़ा चेक पोस्ट स्थित नाकाबंदी के दौरान एक हुंडई कार को पकड़ा।

जैसलमेर में विदेशी महिलाओं ने किया श्राद्ध

दादा-दादी और नाना-नानी के लिए की मोक्ष की कामना

जैसलमेर, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। जैसलमेर आ रहे विदेशी सैलानियों में से एक बड़ी संख्या भारतीय संस्कृति से प्रभावित होकर इसमें रमने लगी है. इसी कड़ी में फ्रांस से आईं 17 महिला सैलानियों के दल ने बुधवार को जैसलमेर में अष्टांग योग केंद्र में योग किया. इसके बाद गुरूवार को शहर के प्रसिद्ध गड़ीसर झील पर दिवंगत परिजनों की आत्मा की शांति के लिए मंत्रोच्चार के साथ श्राद्ध के बाद तर्पण भी किया.

दरअसल, पिछले 7-8 दिनों से जैसलमेर में फ्रांस से आया 15 महिला सैलानियों का एक दल विभिन्न पर्यटन स्थलों पर देखा जा रहा है. ग्रुप लीडर सनड्रीन के नेतृत्व वाला महिलाओं का ये दल हिंदू संस्कृति से बेहद प्रभावित है. जब इन्हें अष्टांग योग केंद्र में प्रतिदिन होने वाले योग के बारे में पता चला तो सभी वहां पहुंचीं. महिलाओं ने बताया कि वो पिछले तीन साल से योग से काफी प्रभावित हैं. फ्रांस में भी वो योग क्लासेस में जाकर योग करती हैं. इससे उनकी जिंदगी काफी बेहतर हुई है. इसी बीच जैसलमेर में श्राद्ध पक्ष के बारे में जानकारी मिली तो गुरुवार को स्थानीय ऐजेंट के जरिए एक पंडित से बातचीत की। इसके बाद अपने दादा-दादी और नाना-नानी का श्राद्ध करने की इच्छा जाहिर की. सब कुछ तय होने पर गड़ीसर झील पर जाकर सनातन रीति-रिवाज से पूजा-पाठ कर अपने पुरखों की आत्मा की शांति और मोक्ष की कामना की. श्राद्ध पक्ष का महत्व जानने के बाद लेक में तर्पण किया.

ग्रुप लीडर सनड्रीन ने सभी सैलानियों को समझाया. उन्होंने बताया कि सभी महिलाएं श्राद्ध करके ने बाद बेहद भावुक थीं. पितरों का तर्पण कर सभी का मन शांत हो गया. वहीं, पंडित आनंद रामदेव ने बताया कि जब विदेशी महिलाओं द्वारा पूर्वजों के लिए तर्पण क्रिया और श्राद्ध करवाने की बात कही गई तो अपनी संस्कृति पर बड़ा गर्व हुआ. महिलाओं के लिए श्राद्ध की सभी सामग्री इकट्ठी की गई. सनातन धर्म के अनुसार मंत्र आदि के साथ तर्पण करवाया गया.

राजस्थान इलेक्शन कमिशन सख्त

मुख्य निर्वाचन विभाग ने गहलोत व उनके प्रमुख सचिव से आचार संहिता उल्लंघन की मांगी रिपोर्ट

जयपुर, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। राज्य के मुख्य निर्वचन अधिकारी (सीईओ) प्रवीण गुप्ता ने विधानसभा में विपक्ष के नेता राजेंद्र राठौड़ द्वारा लगाए गए आरोपों पर कार्मिक और सामान्य प्रशासन विभागों के प्रमुख सचिवों से तथ्यात्मक टिप्पणियों के साथ रिपोर्ट मांगी है। विपक्ष के नेता राठौड़ ने सीएम अशोक गहलोत और प्रमुख सचिव कुलदीप रांका पर आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन का आरोप लगाया है। इसमें एक्स, जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था, कि आचार संहिता लागू होने के दूसरे दिन सीएम अपने आधिकारिक वाहन में कुलदीप रांका के साथ नई दिल्ली में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी से मिलने गए थे। यह सरासर आचार संहिता का उल्लंघन है।

अजमेर में शेखावत के सामने लगे नारे सवाई माधोपुर में आशा मीणा हुई बागी

सवाई माधोपुर, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान में भाजपा की उम्मीदवारों की लिस्ट आते ही गुटबाजी भी सामने आ गई है। अजमेर में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के सामने उत्तर सीट के दो दावेदारों वासुदेव देवनानी और सुभाष काबरा के समर्थको ने लगाए नारे। देवनानी को पांचवीं बार टिकट देने पर विरोध जताया। वहीं, सवाई माधोपुर में किरोड़ीलाल मीणा को प्रत्याशी बनाने के विरोध में आशा मीणा ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की तैयारी दिखाई है।

अजमेर में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के सामने भाजपा कार्यकर्ताओं ने वासुदेव देवनानी को पांचवीं बार टिकट देने पर विरोध जताया। अजमेर-उत्तर और अजमेर-दक्षिण से टिकट बदलने की मांग की। इस दौरान दोनों नेताओं के समर्थक कुछ देर के लिए आपस में भिड़ गए। बाद में जिला अध्यक्ष रमेश सोनी ने

मामला शांत करवाया। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक लेने अजमेर भाजपा कार्यालय पहुंचे थे। कार्यालय के बाहर भाजपा नेता सुभाष काबरा के समर्थकों ने केंद्रीय मंत्री की गाड़ी का घेराव किया। अजमेर-उत्तर और अजमेर-दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में उम्मीदवार बदलने की मांग की। अपना विरोध जताया। वहीं, देवनानी के समर्थकों ने भी नारेबाजी की।

सड़कों पर उतरने की चेतावनी

भाजपा नेता सुभाष काबरा ने कहा कि अजमेर-उत्तर विधानसभा क्षेत्र में दो लाख 9 हजार वोटर हैं। अधिकतर लोग परिवर्तन चाहते हैं। बीस साल बाद परिवर्तन होना चाहिए। सभी लोग पिता तुल्य व्यक्ति से अब ज्यादा काम नहीं कराना चाहते हैं। सब एकमत होकर जनसेवक को टिकट दिलाने और केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह से बात करने आए हैं। काबरा ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि लोग अपने जन सेवक को चुनाव जिताने और टिकट दिलाने के लिए सड़क पर उतरेंगे। अभी ज्यादा कुछ कहना उचित नहीं होगा। उत्तर व दक्षिण में दोनों विधायकों को जबरदस्त अवसर मिला था।

निर्दलीय चुनाव लड़ने की तैयारी में आशा मीणा

सवाई माधोपुर विधानसभा सीट से भाजपा ने डॉक्टर किरोडी लाल मीणा को प्रत्याशी बनाया है। इसके बाद सवाई माधोपुर में गुटबाजी और विरोध बढ़ गया है। भाजपा कार्यसमिति सदस्य आशा मीणा ने बगावती तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। इसी कड़ी में आशा मीणा ने बाडोलास, रईथा कला, रईथा खुर्द, हिंगोनी, निनोनी, देवली सहित कई गांवों का दौरा किया। ग्रामीणों का मन टटोला। आशा मीणा ने कहा कि वह पिछले पांच वर्ष से लगातार सवाई माधोपुर विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए संघर्ष कर रही हैं।

प्रदेश में जुनोटिक डिजीज कन्ट्रोल हेतु बनेगा स्टेट वन-हैल्थ एक्शन प्लान : शुभ्रा सिंह

जयपुर, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रदेश में जुनोटिक संक्रमण वाली बीमारियों के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए स्टेट वन-हैल्थ एक्शन प्लान बनाकर कार्यवाही की जायेगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने शुक्रवार को जयपुर में आयोजित मल्टी सेक्टरल कंसल्टेशन वर्कशॉप के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) एवं यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एवं प्रिवेंशन संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में राष्ट्रीय स्तर के विषय विशेषज्ञ एवं तकनीकी पार्टनर संस्थानों के प्रतिनिधिगण पारस्परिक विचार मंथन कर देश में पहले राजस्थान स्टेट वन-हैल्थ एक्शन प्लान की रूपरेखा तैयार करेंगे।

कार्यशाला में बताया गया कि मानव में 60 प्रतिशत बीमारियों के संक्रमण के कारण प्राकृतिक व जुनोटिक होते हैं, जैसे- वायरस, बैक्टीरिया, फंगस, प्रोटोजोआ, पैरासाइट्स व अन्य से संक्रमण फैलता है। विभिन्न निकायों, कार्यक्षेत्र के विचार-विमर्श, उनके अनुभव एवं प्राकृतिक स्थितियों के आधार पर वन-हैल्थ एक्शन प्लान लागू कर जुनोटिक डिजीज पर नियंत्रण करने की कार्यवाही की जायेगी।

शुभ्रा सिंह ने बताया कि कोविड जैसी महामारियों का सामना करने के लिए आधारभूत संसाधन व प्राथमिक प्रबंधन की पूर्व तैयारी करनी आवश्यक है और इसी को ध्यान में रखकर राजस्थान में रैबीज उन्मूलन के लिए स्टेट एक्शन प्लान लागू कर कार्यवाही की जा रही है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि जुनोटिक डिजीज कंट्रोल हेतु तैयार किये जाने वाले वन-हैल्थ एक्शन प्लान में शामिल होने वाली गतिविधियों में से अनेक गतिविधियों के लिए पहले से तैयारी की जा चुकी है। इसके लिए आवश्यक अधिकांश संसाधन भी उपलब्ध हैं। उन्होंने इसके लिए संबंधित टीम को शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने बताया कि प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के एनसीडी एवं सीडीसी जैसे संस्थानों का सहयोग लिया जायेगा।

नाबालिग लड़की से दुष्कर्म कर फरार हुआ सरकारी शिक्षक

शाहपुरा, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। शाहपुरा के शक्करगढ़ थाने में सरकारी स्कूल के शिक्षक के खिलाफ 14 साल की नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। शक्करगढ़ थाना प्रभारी श्रृद्धा शर्मा के अनुसार, पीड़िता का मेडिकल करवाकर बयान लिया गया है। आरोपी फरार है, उसकी तलाश में जगह-जगह दबिश दी जा रही है। आरोपी मनोहरपुरा सरकारी स्कूल का शिक्षक है।

बताया गया है कि आरोपी शिक्षक पिछले छह महीने से नाबालिग लड़की को लगातार अपनी ज्यादती का शिकार बनाता रहा। नाबालिग के प्रेग्नेंट होने पर यह मामला सामने आया। पीड़ित परिवार की ओर से पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाने के बाद से बाद से आरोपी फरार है। नाबालिग लड़की के पिता ने 11 अक्तूबर को शक्करगढ़ थाने में आरोपी शिक्षक सागर तेली (24) के खिलाफ बेटी से दुष्कर्म और गर्भपात की गोली देने का मामला दर्ज करवाया था।

'नहीं सहेगा राजस्थान' विवाद पर सांसद का बेतुका बयान

बोले-दुनिया में हर आदमी के चार हमशक्ल

बीकानेर, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। बीकानेर से भाजपा के राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत का कहना है कि दुनिया में हर आदमी के चार हमशक्ल होते हैं। भाजपा के पोस्टर में जिस किसान की तस्वीर है, वह शिकायत करने वाला किसान नहीं है। यह तो उसका हमशक्ल है। दरअसल, जैसलमेर के रामदेवरा थाना इलाके के किसान माधुराम ने भाजपा के खिलाफ मानहानि की शिकायत की है। अपनी शिकायत में उन्होंने कहा कि भाजपा ने उसकी इजाजत के बिना पार्टी के पोस्टर में उसकी तस्वीर लगाई है। इस पोस्टर के किसानों की जमीन नीलाम होने की बात कही गई है। माधुराम का कहना है कि न तो मेरी कोई जमीन नीलाम हुई है और न ही मुझ पर कोई कर्ज है। भाजपा किसानों को बदनाम कर रही है। अपने फायदे के लिए उसकी तस्वीर को गलत तरीके से इस्तेमाल कर रही है। विवाद बढ़ा तो बीकानेर में सांसद राजेंद्र गहलोत से भी मीडिया ने पूछ लिया। इस पर गहलोत बोले कि उनकी शक्ल भी पाली के पूर्व सांसद से मिलती है। इस वजह से कई दफा लोग गलती से उन्हें पाली का सांसद समझ लेते थे। गहलोत ने सफाई में कहा कि हर आदमी के चार हमशक्ल होते हैं और यह सबको पता है। कांग्रेस नेता सीपी जोशी की तस्वीर भाजपा के पोस्टर पर लगाने के मामले में भी उन्होंने सफाई दी। उन्होंने कहा कि यह प्रिंटिंग प्रेस वाले की गलती से हुआ है।

ईआरसीपी पर कांग्रेस की पांच दिवसीय यात्रा की शुरुआत करेंगे पार्टी अध्यक्ष खरगे

जयपुर, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को मुद्दा बना लिया है। ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर कांग्रेस 16 अक्टूबर से 5 दिवसीय यात्रा शुरू करने जा रही है। इस यात्रा की शुरुआत बारां से और समापन दौसा जिले में होगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इस यात्रा की शुरुआत करने राजस्थान आएंगे। वहीं, समापन पर प्रियंका गांधी आएंगी। कांग्रेस इस यात्रा के जरिए ईआरसीपी से लाभांवित होने वाले 13 जिलों में पहुंची। इन जिलों के विधानसभा क्षेत्रों में मोदी सरकार पर ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा नहीं देने का आरोप लगाते हुए घेरने का प्रयास करेगी। यात्रा के दौरान 13 जिलों में अनेक छोटी-बड़ी सभाएं भी आयोजित की जाएंगी। प्रदेश कांग्रेस महासचिव स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि बारां जिले में विशाल जनसभा आयोजित कर यात्रा की शुरुआत की जाएगी। जनसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे शामिल होंगे। वहीं, 20 अक्टूबर को यात्रा के समापन पर कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा के आने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

शराब माफियाओं के ठिकानों पर आबकारी का छापा

10000 लीटर हथकढ़ शराब बरामद, 2000 लीटर वॉश की नष्ट

धौलपुर, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा चुनाव को देखते हुए धौलपुर जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। उधर, चुनाव में अबैध शराब के इस्तेमाल पर पाबंदी लगाने के लिए आवकारी विभाग अलर्ट मोड़ पर आ गया है। शुक्रवार सुबह आवकारी विभाग ने अबैध हथकड़ शराब बनाने वाले माफियाओं के ठिकानों पर छापा मारा। इस दौरान टीम ने बड़ी मात्रा में अबैध हथकड़ शराब बरामद की। हालांकि, शराब माफिया हाथ नहीं लग सके।

आवकारी निरीक्षक नीरज शर्मा ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए जिला आबकारी अधिकारी घनश्याम शर्मा के निर्देशन में अबैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। आदर्श नगर पचगांव में कुछ लोगों द्वारा हथकड़ शराब बनाए जाने की सूचना मिली थी। सूचना पर एक टीम का गठन कर शराब माफियाओं के ठिकानों पर छापा मारा गया। इस दौरान भट्टियों पर हथकढ़ शराब बनाई जा रही थी। टीम ने 2 भट्टियों को तोड़कर करीब 10 हजार लीटर शराब जब्त की। साथ ही 2000 लीटर वॉश को भी नष्ट किया है। उधर, कार्रवाई की भनक लगते ही अवैध शराब बना रहे आरोपी फरार हो गए। आबकारी निरीक्षक नीरज शर्मा ने बताया कि शराब माफियाओं के खिलाफ तीन अलग-अलग केस दर्ज किए हैं।

दमरे जीएम ने 12 कर्मचारियों को "मैन ऑफ द मंथ" पुरस्कार प्रदान किया

हैदराबाद, 13 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। एससीआर के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने आज रेल निलयम, सिकंदराबाद, सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में आयोजित एक आभासी सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान जोन में अपने कर्तव्य के प्रति सतर्कता और समर्पण दिखाने वाले 12 कर्मचारियों को "मैन ऑफ द मंथ" सुरक्षा पुरस्कार प्रदान किए। सभी छह मंडलों यानी सिकंदराबाद, हैदराबाद, विजयवाड़ा, गुंतकल, गुंटूर और नांदेड़ के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

अरुण कुमार जैन ने सतर्कता दिखाने और असुरक्षित स्थितियों को रोकने के लिए समय पर कार्रवाई करने के लिए वर्चुअल मोड (सिकंदराबाद डिवीजन -3, विजयवाड़ा डिवीजन-3, गुंतकल डिवीजन-3, नांदेड़ डिवीजन -1, हैदराबाद डिवीजन -1 और गुंटूर -1) पर पुरस्कार प्रदान किए। पुरस्कार विजेताओं को उनके संबंधित मंडलों में मंडल रेल प्रबंधकों के हाथों पुरस्कार प्राप्त हुए।

कर्मचारी विभिन्न श्रेणियों जैसे लोको पायलट, स्टेशन मास्टर, तकनीशियन, पॉइंट मैन, की/गेट मैन और ट्रैक मेंटेनर इत्यादि से संबंधित थे। महाप्रबंधक ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और अत्यंत समर्पण के साथ कर्तव्यों का पालन करने की प्रतिबद्धता के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि पुरस्कार अन्य कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति निष्ठा के साथ ईमानदारी से काम करने के लिए प्रेरित करेंगे, जिससे रेलवे को ट्रेनों के सुरक्षित संचालन में मदद मिलेगी।

अरुण कुमार जैन ने जोन पर ट्रेन परिचालन की सुरक्षा की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को ट्रेनों का सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने लोको पायलटों, सहायक लोको पायलटों और ट्रेन संचालन के काम में शामिल कर्मचारियों की नियमित रूप से काउंसलिंग करने की सलाह दी ताकि उन्हें शॉर्ट कट तरीकों का पालन न करने की हिदायत दी जा सके। उन्होंने अधिकारियों को ट्रेनों का सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण तेज करने पर ध्यान केंद्रित करने की भी सलाह दी। उन्होंने कार्यस्थल पर सुरक्षा आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को लगातार क्षेत्रीय निरीक्षण करने की भी सलाह दी। अरुण कुमार जैन ने सीमेंट, खाद्यान्न, कोयला एवं अन्य वस्तुओं की लोडिंग आदि की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को मौसमी मांगों के मद्देनजर कोयला, खाद्यान्न और उर्वरक से संबंधित लोडिंग गतिविधि को प्राथमिकता देने का भी निर्देश दिया। उन्होंने ट्रेन परिचालन के समयपालन आंकड़ों पर भी चर्चा की और अधिकारियों को समयपालन में सुधार करने और ट्रैफिक ब्लॉक, परिसंपत्ति विफलता आदि के दौरान जनशक्ति के इष्टतम उपयोग के लिए सक्रिय कार्य योजना बनाने की सलाह दी।

वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड की लगातार तीसरी जीत

बांग्लादेश को 8 विकेट से हराया, विलियमसन-मिचेल की फिफ्टी, फर्ग्यूसन ने झटके 3 विकेट

चेन्नई, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। वनडे वर्ल्ड कप 2023 में न्यूजीलैंड ने लगातार तीसरा मुकाबला जीत लिया है। चेन्नई के चेपॉक मैदान पर टीम ने बांग्लादेश को 8 विकेट से हराया। इससे पहले टीम ने डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड और अफगानिस्तान को भी हराया था।

चेन्नई में बांग्लादेश ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 245 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड ने 43 ओवर में 2 विकेट खोकर ही टारगेट हासिल कर लिया। केन विलियमसन ने 78 और डेरिल मिचेल ने 89 रन बनाए। पहली पारी में लॉकी फर्ग्यूसन ने 3 विकेट झटके।

नुमाईश मैदान में डांडिया का आयोजन 18 से, प्रचार सामग्री जारी

हैदराबाद, 13 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्थानी प्रगति समाज एवं इक्नॉमिक कमेटी तथा एग्जिबिशन सोसायटी द्वारा 51वें रामायण मेला 2023 के आयोजन के तहत 18 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक नुमाईश मैदान में भव्य रूप से डांडिया का आयोजन होगा।

मेला के प्रधान संयोजक गोविन्द राठी ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इसमें मुंबई से गुंज गुजरात बिटल मुंबई के कलाकर लोगों का मन मोह लेंगे। प्रवेशपत्रों द्वारा प्रवेश दिया जाएगा तथा डांडिया के प्रांगण में जाने के लिए बैज लेना अनिवार्य होगा। गोविंद राठी ने आगे कहा यह डांडिया उत्सव कोई कमरशियल डांडिया नहीं है। यह एक परिवारीक उत्सव है।

लोगों की सुविधा के लिए वाहन पार्क की फ्री व्यवस्था की गई है और प्रवेश पत्र मात्र दो सौ रुपये रखा गया है।

इसके साथ बैज फ्री दिया जाएगा तथा अच्छे-अच्छे व्यंजन उपलब्ध रहेंगे। इक्नामिक कमेटी के अध्यक्ष डॉ.डी. गंगाधर ने सभी को इसमें भाग लेने का अह्वान किया। एक्जिबिशन सोसायटी के उपाध्यक्ष सत्येन्दर ने राजस्थानी प्रगति समाज के अध्यक्ष कमलनारायण अग्रवाल की प्रशंसा की और उन्हे सोसायटी की तरफ से पूर्ण सहयोग का अश्वासन दिया। सोसायटी के मंत्री हनुमन्त राव ने इस पुनीत कार्य में सभी को भाग लेने का अह्वान किया।

कोषाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार, इकनामिक कमेटी के मंत्री जीवी रंगारेड्डी, उपाध्यक्ष आदित्य मार्गं ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर डांडिया संयोजक विनय कुमार, मनोज जयसवाल, डॉ.टी.एन. वंशीतिलक, सुमीत राठी, रमायण मेले के कोषाध्यक्ष गिरीधारीलाल डागा आदि उपस्थित थे।

डॉ. लोहिया के विचार सदैव प्रासंगिक रहेंगे : जस्टिस राव

हैदराबाद, 13 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। समाजवादी चिंतक एवं स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राममनोहर लोहिया की 56वीं पुण्यतिथि के अवसर पर लोहिया विचार मंच, हैदराबाद के द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन आबिड्स स्थित पीपुल्स एजुकेशन ट्रस्ट के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आंध्र प्रदेश हाइकोर्ट के सेवानिवृत न्यायाधीश जस्टिस वामन राव ने डॉ. लोहिया पर केंद्रित अपने विचार प्रकट किए. कार्यक्रम की अध्यक्षता लोहिया विचार मंच, हैदराबाद के अध्यक्ष एवं पूर्व न्यायाधीश जस्टिस टी. गोपाल सिंह ने की। अपने संबोधन में जस्टिस राव ने डॉ. लोहिया के विचारों को वर्तमान समय के लिए बेहद जरूरी बताया. उनके मुताबिक, राजनीति और समाज के कल्याण हेतु लोहिया के समाजवादी चिंतन को आत्मसात करना चाहिए।

पूर्व न्यायाधीश टी. गोपाल सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि हैदराबाद समाजवादियों की कर्मभूमि रही है। लोहिया विचार मंच की तरफ से हैदराबाद में लोहिया सहित मधु लिमए के ऊपर लगातार कार्यक्रम किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि डॉ. राममनोहर लोहिया रिसर्च फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा लोहिया जी की स्मृति में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय विचार मंथन का आयोजन देश के अलग अलग राज्यों में करता है. प्रतिवर्ष हैदराबाद से कई प्रतिनिधि उन कार्यक्रमों में शामिल होते हैं. इस साल दिसंबर में रांची में यह आयोजन होगा, जिसमें विधानसभा में बदरी विशाल पुस्तक का लोकार्पण किया जाएगा। संगोष्ठी के संयोजक एडवोकेट दामोदर रेड्डी ने भी डॉक्टर लोहिया पर अपने महत्वपूर्ण विचार प्रकट किए और धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस पुण्यतिथि कार्यक्रम में हैदराबाद के कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

अमृत चिट्स (इंडिया) की 4वीं वर्षगांठ मनाई गई

हैदराबाद, 13 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। अमृत चिट्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की स्थापना की 4वीं वर्षगांठ पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कंपनी के चेयरमैन अमृत कुमार जैन का सम्मान महेश बैंक के चेयरमैन रमेश कुमार बंग, एसके सक्सेना, किशोर जैन, अभय जैन, शैलेष जैन व अन्य प्रशंसकों द्वारा किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि कंपनी के कर्मचारियों में बहुत उत्साह है। लोगों का भरोसा अभी भी बढ़ रहा है। इस अवसर पर अमृत चिट फंड आबिड्स शाखा प्रबंधक रामेश्वर, कंपनी विकास प्रबंधक, सिकंदराबाद प्रबंधक रमेश, रिकवरी मैनेजर मधु और अन्य ने भाग लिया। इसके अलावा, शंकर राव, सुरेंद्र, महेश, रामा राव, मंसूर राव, श्रीनिवासु, अकरम, पूरज सिंह, बिंगमूर्ति आदि उपस्थित रहे।

श्री आईजी गौशाला में माँ भगवती का विशाल जागरण 17 को

हैदराबाद, 13 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। श्री आईजी गौशाला, मल्काराम, जवाहरनगर, खापरा मण्डल में प्रतिवर्षानुसार शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष्य में माँ भगवती का विशाल जागरण मंगलवार 17 अक्टूबर को किया जायेगा। उक्त जानकारी यहाँ जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में अध्यक्ष मंगलाराम पंवार एवं सचिव हुक्माराम सानपुरा द्वारा दी गई। विज्ञप्ति अनुसार माँ भगवती का विशाल जागरण में राजस्थान के सुप्रसिद्ध कलाकार जोग भारती एण्ड पार्टी एवं गीता गोस्वामी, जालौर द्वारा प्रस्तुत किए जायेंगे।

एक शाम राष्ट्रवाद के नाम-राष्ट्रवादी कवि सम्मेलन 20 को, कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन

हैदराबाद, 13 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। काचीगुडा स्थित श्याम बाबा मंदिर में धर्म जागरण सभा हैदराबाद के तत्वावधान मे आगामी 20 अक्टोबर 2023 को आयोजित राषट्रवादी कवि सम्मेलन संबंधी पोस्टर का विमोचन किया। आज यहाँ जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में संस्था के अध्यक्ष हितेश शर्मा ने कहा कि हिन्दुओं के हित की बात करने, देवालयों की सुरक्षा की बात करने, गौ माता और राष्ट्र माता के हित मे बात करने हेतु इस बार 20 अक्टूबर को श्याम बाबा मंदिर काचीगुडा हैदराबाद मे राष्ट्रवादी कवियों और वक्ताओ के द्वारा भाग्यनगर मे एक शाम राष्ट्रवाद के नाम व सरकारी नियंत्रण (अधिग्रहण) से मंदिर रक्षा अभियान संकल्प यात्रा अभियान का शंखनाद होने जा रहा है। आज कार्यक्रम संबंधी पोस्टर का विमोचन कार्यक्रम में श्री श्याम मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष इन्द्रकरण सोंथलिया, मंत्री रामदेव अग्रवाल, वेदप्रकाश अग्रवाल, लव फॉर काऊ फाउंडेशन के चेयरमैन जसमत पटेल, फाईट फोर राईट के संयोजक रिद्धीश जागीरदार, आल इंडिया ओल्ड टेम्पल रिनोवेशन ट्रस्ट के चेयरमैन आर.के.जैन, सर्वदलीय गौरक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर जयपाल सिंह नयाल आदि द्वारा किया गया।

विश्व मंगल गौशाला सोमाराम विलेज मेडचल में भूमिदान किया गया, जिसकी राशि मुख्य सचिव शांतिलाल सुथार को देते हुए पेमाराम, केराराम, नारायणलाल, चौथाराम, ताराचंद, प्रवीण।

CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Service No.Jc774599A, Rank Sub MUJAWAR ISMAIL S/o. Mujawar Abdul Karim, R/o. H.No.30-647/72, Simhadri Nagar, R.K. Puram Post, Medchal-Malkajgiri Dist-500056, T.S., my incorrect name: MUJAWAR ISMAIAL & my Correct Name is MUJAWAR ISMAIL (affidavit no.32AA 935768 dt.08-05-2023)

सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

सीएसआईआर-आईआईसीटी में हिंदी पखवाड़ा संपन्न

हैदराबाद, 13 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। सीएसआईआर-आईआईसीटी में हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अरिजीत दत्ता चौधरी, महानिदेशक, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् मौजूद थे। संस्थान के निदेशक डॉ. डी. श्रीनिवास रेड्डी ने सभी कर्मचारियों को राजभाषा प्रतिज्ञा दिलाते हुए कहा कि तकनीक के माध्यम से हिंदी में काम करना अब और भी आसान हो गया है। हिंदी में अत्यधिक काम करके आम जन को लाभ पहुँचाया जा सकता है। संस्थान के प्रशासन नियंत्रक श्री एम. आनंद कुमार ने संस्थान में वर्षभर में हुए महत्वपूर्ण हिंदी कार्यों को रेखांकित करते हुए बताया कि हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि हिंदी विभिन्न भारतीय भाषाओं के बीच सेतु का काम करती है और यह सम्पूर्ण भारत और विदेशों में भी बोली जाती है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में वैज्ञानिक, अधिकारी, कर्मचारी और शोधार्थी उपस्थित थे। साथ ही संस्थान के राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य डॉ. डी. शैलजा, मुख्य वैज्ञानिक, डॉ. एम. चन्द्रशेखरम, मुख्य वैज्ञानिक, डॉ. सूर्य प्रकाश सिंह, प्रधान वैज्ञानिक, श्री धर्मेन्द्र कुमार, भंडार एवं क्रय नियंत्रक भी कार्यक्रम के दौरान मौजूद थे। हिंदी अधिकारी डॉ. सौरभ कुमार के संचालन एवं हिंदी अनुवादक श्री आदर्श कुमार के धन्यवाद् ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

प्रगति महाविद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

हैदराबाद, 13 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। श्री गुजराती प्रगति समाज, हैदराबाद एवं विजया डायग्नोस्टिक सेंटर के तत्वाधान में प्रगति महाविद्यालय परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के उपाध्यक्ष श्री महेश पटेल ने शिविर का जायज़ा लिया और स्वास्थ्य परीक्षाएं करवाई। इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि यदि हमारा स्वास्थ्य अच्छा रहेगा तो ही जीवन में कुछ कर पायेंगे। उन्होंने आगे कहा कि समाज सदैव ऐसे सामाजिक कार्यों के लिए आगे रहता है। आज प्रगति महाविद्यालय अपना 50 वर्ष पूर्ण करने के उपलक्ष में स्वर्ण जयंती मना रहा है और हम सब के लिए बड़ी प्रसन्नता की बात है 50 वर्षों से समाज महाविद्यालय के माध्यम से यह सेवा का कार्य कर रहा है। इस अवसर पर समाज के सह सचिव एवं प्रगति महाविद्यालय डिग्री कॉलेज के करेस्पोंडेंट श्री गोपाल पटेल, जूनियर कॉलेज के करेस्पोंडेंट जीतेन मजीतिया, समाज के सदस्य घनश्याम पटेल, उदय मेहता, स्नातकोत्तर विभाग के निर्देशक डॉ. वाईकेएम नायुडू, प्रचार्या डॉ माधवीलता एवं सभी प्राध्यापकगण ने स्वास्थ्य की जांच करवाई।

अमावस्या पर श्याम बाबा और गौ माता के भजन कीर्तन आज

हैदराबाद, 13 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पितृपक्ष अमावस्या पर कल शनिवार को आइडिया बोलाराम में श्याम बाबा और गौ माता के भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। गौशाला के प्रबंधक दर्शन अग्रवाल का 11000 गौ माता और नंदी बाबा की सेवा करने का लक्ष्य है। अगर सरकार हमें जमीन देती है तो यह समय सीमा पर पूरा किया जाएगा। सभी गौप्रेमियों से निवेदन है कि ज्यादा लोग यह अवसर का लाभ उठाएं और गौ माता की सेवा करें।

आठवीं पुण्यतिथि

स्व.श्री मुकेशजी चोयल

सुपुत्र: श्री मोतीराम सीरवी

स्वर्गवास: 14-10-2015 । मरुधर मे कोलपुरा (पाली-राज.)

मृदुल था स्वभाव आपका, श्रद्धा भाव आपके।
सदा याद आती रहेगी, बीते हर पल संग आपके।।

: श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता :

स्व.श्री हन्सारामजी-स्व.श्रीमती कन्याबाई, धन्नाराम-कमलाबाई (बड़े माता-पिता), प्यारीबाई-मोतीराम (माता-पिता), उगमबाई (धर्मपत्नी), रोहित, विकास (पुत्र), वीरमराम, नारायणलाल (काकोसा), ताराराम, वेनाराम, माँगीलाल, सुरेश, कैलाश, प्रकाश, चेतन, राहुल, ललित (भाई), ललिता-तुलसारामजी गेहलोत, पारुल-तेजारामजी काग (बहन-बहनोई), अक्षरा, नव्या (भांजी), रिषभ, हर्ष (भांजा) एवं समस्त चोयल परिवार

फर्म: विकास इन्टरप्राईजेस, नेताजी नगर, कापरा
9989255582, 9989168453

P.Solankey

द्वितीय पुण्यतिथि

स्व. श्री नैनारामजी गेहलोत

सुपुत्र: स्व.श्री मोतीरामजी गेहलोत (मुसालिया बेरा पिपलिया)

स्वर्गवास: 14.10.2021

स्मरणकर आपको श्रद्धा-सुमन अर्पित करते है।
सदैव रहे आर्शीवाद आपका, प्रभु से प्रार्थना करते है।।

: श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता :

फाउबाई (धर्मपत्नी), रुगाराम-स्व.भवंरीदेवी, डायाराम-सुखियादेवी (पुत्र-पुत्रवधु), हरीश, रेखा, हेमलता, भाग्यश्री, (पौत्र,पौत्री), नारायणलाल-कंचनदेवी (पौत्र-पौत्रवधु), प्रेमादेवी-सुरेशजी चोयल, संतोषीदेवी-महेन्द्रकुमारजी वर्फा, कंचन-गुमानजी सैंणचा (पौत्री-पौत्रीजवांई), भंवरीदेवी-देवारामजी देवड़ा चैन्नई (पुत्री-दामाद), रीना, प्रियंका (पड़पौत्री), भरत, महेन्द्र, नरेश (दोयता) एवं समस्त गेहलोत परिवार

: फर्म : लक्ष्मी ज्वैलर्स - गणेश ज्वैलर्स
अडागुटा, हैदराबाद 9440344487, 9493104335.

P.Solankey

विश्व के सर्वप्रथम गोल्ड मेडलिस्ट
अब तक परेशान क्यों?
कोई भी पंडित, तांत्रिक, बाबा हम से पहले काम करके दिखाये मुँहमांगा ईनाम पाये
हजारो के दुखो को खुशी में बदलने वाले
बाबा साबिर खान बंगाली
जैसे पति-पत्नी मे झगड़ा, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, मनचाहा प्यार, गृहकलेश, विदेश यात्रा, जादू-टोना, AtoZ समस्याओ का तुरंत समाधान पाये।

9810940158
स्पे० वशीकरण व मुठकरनी

आज शनिवार, 14-10-2023
पितृमोक्ष अमावस्या
के अवसर पर गौशाला अवश्य पधारें

नारायणी गो सेवा सदन
रोड नं. 17, शालीवाहन नगर, मूसारामबाग, हैदराबाद
सम्पर्क सूत्र : 9581348889, 9246522435, 9490929321

आज पितृमोक्ष अमावस्या है इस अवसर पर गो सेवा हेतु गौशाला पधारें। गो ग्रास का अनुदान कर पुण्य के भागीदार बने। अनुदान भेजने हेतु गौशाला एकाउंट विवरण Bank account detail:
NARAYANI GOW SEVA SADAN,
A/C No. 50200065063209,
for RTGS/ NEFT IFSC CODE HDFC 0001996,
TYPE OF ACCOUNT: CURRENT ACCOUNT, HYDERGUDA BRANCH, HYD. Gpay and Phonepe No. 9581348889
JAI GOMATA Address: Narayani gow seva sadan, street No 17, shalivahana nagar, dilsukh nagar Hyd.

गौ माता के दर्शन एवं प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागीदार बनो।
सभी गौभक्त सपरिवार पधारकर, दान-पुण्यकर गौसेवा का लाभ लेवें।

निवेदक : नारायणी गो सेवा सदन
शालीवाहन नगर, मूसारामबाग, मलकपेट, हैदराबाद

सत्यनारायण गोपाल बल्दवा
GB GOPAL BALDAWA GROUP

खालिस्तानियों की धमकी के बाद टीम इंडिया की सुरक्षा बढ़ी

भारत-पाक वर्ल्ड कप मैच के लिए 12 हजार सुरक्षाकर्मी, बम स्क्वॉड-एंटी ड्रोन तैनात

अहमदाबाद, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। खालिस्तानी आतंकियों की धमकी के बाद टीम इंडिया की सुरक्षा व्यवस्था करीब 4 गुना बढ़ा दी गई है। भारतीय टीम के खिलाड़ियों को कड़ी सुरक्षा के साथ अहमदाबाद के सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट से नर्मदा होटल लाया गया।

इस दौरान एक डीसीपी, एक एसपी, 4 पीआई, 5 पीएसआई और 100 से अधिक पुलिस, सुरक्षाकर्मी, बीडीडीएस और सीआईएसएफ के जवान तैनात रहे। वर्ल्ड कप में 14 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में भारत-पाकिस्तान मुकाबला खेला जाना है। टीम की सुरक्षा से जुड़े एक सूत्र ने दैनिक भास्कर को बताया कि खिलाड़ियों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरती जा रही है। अब खिलाड़ी का सुरक्षा घेरा पहले से ज्यादा मजबूत है। एक

समय टीम इंडिया के आने पर यहां 2 पीसीआर वैन टीम की सुरक्षा में लगाई जाती थीं, लेकिन आज डीसीपी से लेकर सैकड़ों पुलिसकर्मी लगे हुए हैं। टीम इंडिया की सुरक्षा का जिम्मा गुजरात पुलिस ने लिया है।

5 दिन सुरक्षा के घेरे में रहेगा होटल, पाकिस्तानी टीम हयात में ठहरी

भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने भारत के साथ-साथ पाकिस्तानी टीम के खिलाड़ियों का भी ध्यान रखा है। पाकिस्तान टीम के खिलाड़ियों के होटल हयात में ठहरने के अरेंजमेंट किए गए हैं। गुजरात पुलिस ने पिछले 2 दिनों से होटल के आसपास सुरक्षा पहरा सख्त कर दिया गया है। होटल के आसपास भी पुलिस घेराबंदी कर दी गई है। इस होटल में केवल पाकिस्तान टीम और उनके मैनेजमेंट के सदस्य ही हैं। इस दौरान किसी अन्य व्यक्ति को होटल में प्रवेश की अनुमति नहीं है। सुरक्षा व्यवस्था 15 अक्टूबर तक रहेगी।

भारत-पाक मैच के दौरान अहमदाबाद को नो ड्रोन जोन घोषित किया गया

गुजरात पुलिस ने सुरक्षा को देखते हुए 14 अक्टूबर को अहमदाबाद शहर को नो-ड्रोन जोन घोषित किया है। इसके तहत ड्रोन, क्वाडकॉप्टर, संचालित विमान, माइक्रोलाइट विमान, हैंड ग्लाइडर, पैराग्लाइडर, पैरामोटर्स, गर्म हवा के गुब्बारे और पैराशूट उड़ाने पर बैन रहेगा।

4 एडिशनल, जॉइंट कमिश्नर और 21 डीसीपी रैंक के अधिकारी सुरक्षा में लगे

मैच को लेकर मिल रही धमकियों पर पुलिस कमिश्नर जीएस मलिक ने दिव्य भास्कर से कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में 7 हजार पुलिसकर्मी और 4 हजार होमगार्ड के जवान तैनात रहेंगे। हमने सुरक्षा व्यवस्था के लिए 4 एडिशनल एवं जॉइंट कमिश्नर और 21 डीसीपी रैंक के अधिकारी सुरक्षा में लगाए हैं। साथ ही एनएसजी की बम स्क्वॉड और एंटी ड्रोन टीमें भी शामिल रहेंगी। खिलाड़ियों, वीवीआईपी और दर्शकों की सुरक्षा के लिए एसआरपीएफ, आरएएफ और एनएसजी भी तैयार किए गए हैं। मैच के दौरान स्टेडियम की सुरक्षा के साथ-साथ शहर के अन्य संवेदनशील इलाकों में भी प्रशासन ने पुलिस बल की व्यवस्था की है। स्टेडियम के आसपास के होटलों में भी चेकिंग की जाएगी।

आतंकी पन्नू ने वर्ल्ड कप को लेकर दी धमकी

खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने भारत में होने वाले क्रिकेट वर्ल्ड कप को लेकर धमकी दी थी। उसने करीब 15 दिन पहले एक ऑडियो जारी कर कहा था कि 5 अक्टूबर को क्रिकेट वर्ल्ड कप नहीं, आतंकवाद वर्ल्ड कप की शुरुआत होगी। गुजरात के अहमदाबाद स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मैच के दिन खालिस्तानी झंडों का सैलाब आएगा। हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का बदला लिया जाएगा। हालांकि, पन्नू ने भारत-पाकिस्तान मुकाबले का जिक्र नहीं किया था, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां सावधानी के तौर पर अलर्ट हैं। वे टीम की सुरक्षा के मामले में कोई कोताही नहीं बरतना चाहती हैं।

पीएम ने खिलाड़ियों को संबोधित किया

बोले-समाज सुधार के लिए खेल का विकास जरूरी

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अमेठी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के खिलाड़ियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी समाज का विकास करने के लिए वहां खेल का विकास करना जरूरी है। इसके साथ ही उन्होंने भरोसा जताया कि अगर अमेठी के खिलाड़ियों को मौका मिले तो वह कमाल कर सकते हैं। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के सौजन्य से कराई गई सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के खिलाड़ियों को शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी और स्मृति ईरानी ने सम्मानित किया। साथ ही 613 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 'सांसद खेल प्रतियोगिता-2023' के विजेता खिलाड़ियों के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा मैं इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी को बधाई देना चाहता हूं। किसी भी समाज के विकास के लिए यह बहुत जरूरी है कि वहां खेलों का विकास हो, खेल और खिलाड़ियों को फलने-फूलने का मौका दिया

जाए...मुझे विश्वास है कि आने वाले वर्षों में अमेठी के युवा खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी भाग लेंगे और यदि उन्हें अवसर दिया गया तो वे निश्चित रूप से पदक जीतेंगे...। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर स्थानीय सांसद स्मृति ईरानी ने खेलकूद प्रतियोगिता शुरू कराई थी। प्रतियोगिता में एक लाख 56 हजार खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया। न्याय पंचायत, ब्लॉक, विधानसभा के बाद अब लोकसभा स्तर पर प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में अव्वल आए खिलाड़ियों को शुक्रवार को सम्मानित किया। इसके लिए गौरीगंज के कौहार मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुंबई में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के 141वें सत्र का उद्घाटन करेंगे मोदी

मुंबई, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अक्तूबर को मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के 141वें सत्र का उद्घाटन करेंगे। यह अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक होती है।

आईओसी सत्र में ओलंपिक खेलों के भविष्य को लेकर महत्वपूर्ण फैसले किए जाते हैं। भारत 40 साल के बाद दूसरी बार आईओसी सत्र की मेजबानी कर रहा है। इससे पहले 1983 में नयी दिल्ली में आईओसी के 86वें सत्र का आयोजन किया गया था।प्रधान मंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने यहां जारी बयान में कहा कि भारत में आयोजित किया जाने वाला आईओसी का 141वां सत्र वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने, खेल उत्कृष्टता का जश्न मनाने तथा दोस्ती, सम्मान और उत्कृष्टता के ओलंपिक आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए देश के समर्पण का प्रतीक है।

शुभमन गिल चुने गए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

सिराज और मलान को पीछे छोड़ा; विमेंस कैटेगरी में श्रीलंका की चमारी अटापट्टू ने मारी बाजी

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय ओपनर शुभमन गिल को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड दिया है। शुक्रवार को आईसीसी ने इसकी घोषणा की। महिला क्रिकेटरों में श्रीलंका की चमारी अटापट्टू को यह अवॉर्ड मिला है। अवॉर्ड आईसीसी द्वारा सितंबर के महीने में बेस्ट क्रिकेटर के लिए दिया गया है।

गिल के अलावा तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और इंग्लैंड के ओपनर डेविड मलान को नॉमिनेट किया गया था। जबकि आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ मंथ के लिए दक्षिण अफ्रीका की स्टार नादिन डी क्लार्क और लौरा वोल्वार्ड्ट और श्रीलंका की चमारी अटापट्टू को शामिल किया गया था।

गिल एशिया कप में टॉप स्कोरर

शुभमन गिल- श्रीलंका और पाकिस्तान में सितंबर महीने में खेले गए एशिया कप में शुभमन गिल टॉप स्कोरर थे। गिल ने 6 मैचों में 75.50 की ओसत से 302 रन बनाए थे। वहीं सितंबर महीने में खेले गए 8 वनडे में गिल ने 80 की औसत से 480 रन बनाए।

वर्ल्ड कप के दोनों शुरुआती मैच नहीं खेल सके थे गिल

गिल डेंगू से पीड़ित होने की वजह से वर्ल्ड कप के शुरुआती दो मुकाबलों में प्लेइंग टीम का हिस्सा भी नहीं थे। भारत ने अपना पहला मुकाबला 8 अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ और दूसरा मुकाबला 11 अक्टूबर को दिल्ली में अफगानिस्तान के खिलाफ खेला। गिल की रिकवरी अब अच्छी हो रही है। गिल ने गुरुवार यानी 12 अक्टूबर को नेट प्रैक्टिस भी की। हालांकि, पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे मुकाबले में गिल के खेलने को लेकर अभी टीम मैनेजमेंट की ओर से आधिकारिक बयान नहीं आया है।

फीफा विश्व कप 2026 एशियाई क्वालीफायर में मेजबान कंबोडिया और पाकिस्तान के बीच मैच ड्रा

फ़्नोम पेन्ह, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। मेजबान कंबोडिया ने फीफा विश्व कप 2026 एशियाई क्वालीफायर के पहले दौर में पाकिस्तान के साथ 0-0 से ड्रा खेला। यहां के ओलंपिक स्टेडियम में खेले गए इस मैच में 11,000 से अधिक दर्शक शामिल हुए।

दोनों टीमें ने गोल करने के कई मौके गंवाए। दोनों टीमें अब 17 अक्टूबर को इस्लामाबाद के जिन्ना स्टेडियम में फिर आमने सामने होंगे। सितंबर की फीफा रैंकिंग में कंबोडिया 177वें स्थान पर है, जबकि पाकिस्तान 197वें स्थान पर है।

नीरज वर्ष के विश्व एथलीट के उम्मीद्वारों में शामिल

11 महान खिलाड़ियों से मुकाबला

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। विश्व और ओलंपिक चैंपियन जेवेलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा को 2023 के दुनिया के श्रेष्ठ एथलीट के खिताब की रेस में शामिल कर लिया गया है। उन्हें 11 एथलीटों के साथ इस प्रतिष्ठित अवार्ड का उम्मीदवार चुना गया है। वर्ष के विश्व एथलीट की घोषणा वल्ड एथलेटिक्स की ओर से 11 दिसंबर को की जाएगी।

विश्व एथलेटिक्स के अंतरराष्ट्रीय पैनल ने इस पुरस्कार के लिए 11 उम्मीदवारों का चयन 2023 में उनके प्रदर्शन के आधार पर किया है। नीरज के अलावा उम्मीदवारों में अमेरिकी शॉटपुटर रेयान क्रूजर, स्वीडन के पोल वॉल्टर मोंडो डुप्लांटिस, मोरक्को के सूफियान अल बक्काली (3000 मीटर स्टीपलचेज), नॉर्वे के जैकब इंगब्रिग्ट्सन (1500, 5000 मीटर), केन्या के केल्विन किपतुम (मैराथन), कनाडा के पियर्स लीपेज (डेकाथलन), अमेरिकी स्प्रिंटर नोह लाइल्स, स्पेन के रेस वॉकर अल्वारो मार्टिन, ग्रीस के लॉन्ग जंपर मिल्टियाडिस टेंटोग्लू, नॉर्वे के कास्टन वॉरहोम (400 मीटर बाधा दौड़) को शामिल किया गया है।

तीन दौर की वोटिंग के बाद विजेता की घोषणा की जाएगी। विजेता का फैसला वल्ड एथलेटिक्स काउंसिल और वल्ड एथलेटिक्स परिवार के अलावा प्रशंसकों के वोटों से होगा। प्रशंसक अपने वोट विश्व एथलेटिक्स के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए डाल सकेंगे। नीरज ने इस वर्ष बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों का स्वर्ण जीता है।

भारतीय हॉकी स्टार श्रीजेश ने केरल सरकार पर लगाया उपेक्षा का आरोप

सीएम बोले-सब झूठ है

तिरुवनंतपुरम, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय हॉकी स्टार पी आर श्रीजेश ने केरल सरकार पर खिलाड़ियों और एथलीटों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा है कि जब से वह चीन से लौटे हैं तब से स्थानीय निकायों से भी कोई उनसे मिलने नहीं आया है। हॉकी खिलाड़ी के दावों को मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने खारिज कर दिया, जिन्होंने कहा कि वामपंथी सरकार राज्य के खिलाड़ियों और एथलीटों को हर तरह का समर्थन और प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। पत्रकारों से बात करते हुए, श्रीजेश ने कहा कि खिलाड़ियों को अब जो व्यवहार मिलता है उसे अगली पीढ़ी देख रही है और यह उनके फैसले को प्रभावित करेगा कि उन्हें मैदान में उतरना है या नहीं। उन्होंने तर्क दिया, इस तरह के व्यवहार से वे हतोत्साहित हो सकते हैं और खेल के बजाय नौकरी पाने के लिए पढ़ाई का विकल्प चुन सकते हैं।

श्रीजेश ने राज्य में राजनीतिक वर्ग की आलोचना की, जब पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस, जो केरल से हैं, ने गुरुवार को एशियाई खेलों में भारतीय हॉकी टीम के प्रदर्शन पर बधाई देने के लिए कोच्चि में उनके आवास पर उनसे मुलाकात की। श्रीजेश उस राष्ट्रीय हॉकी टीम का हिस्सा थे, जिसने चीन में आयोजित एशियाई खेलों 2023 में स्वर्ण पदक जीता था। मुख्यमंत्री ने श्रीजेश और केरल के अन्य खिलाड़ियों को विभिन्न अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में उनकी उपलब्धियों के लिए दिए गए नकद पुरस्कारों की एक सूची दी। तिरुवनंतपुरम में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने दावा किया कि नकद पुरस्कार देने के अलावा, राज्य में खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए पिछले कुछ वर्षों में लगभग 40 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि इसके अतिरिक्त, केरल खिलाड़ियों को खेल कोटा के तहत नौकरियां भी प्रदान करता है और ऐसा करने वाला वह देश का एकमात्र राज्य है।

मिनर्वा के 6 सॉकर स्टार्स को भारतीय टीम में जगह

मर्डेका कप-2023 में हिस्सा लेंगे एकेडमी के स्टार

चंडीगढ़, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। मिनर्वा एकेडमी के 6 प्रतिभाशाली फुट बॉलर्स को भारत की सीनियर टीम में शामिल किया गया है। ये सभी मर्डेका कप 2023 में अपनी चुनौती पेश करेंगे। ये एक बड़ी कामयाबी है और मिनर्वा के ट्रेनी लगातार इसमें अपने आप को साबित कर रहे हैं। इन प्लेयर्स में अनिरुद्ध थापा, जैक्सन सिंह, संदेश झिंगन, अनवर अली, मनवीर सिंह और विक्रम प्रताप सिंह का नाम शामिल है। मलेशिया द्वारा आयोजित मर्डेका कप बड़ा और पुराना टूर्नामेंट है। इसमें बेस्ट प्लेयर्स हिस्सा लेते हैं। इस साल टूर्नामेंट में भारत, मलेशिया, तजाकिस्तान की टीमें भाग लेंगी। भारतीय टीम को निसंदेह कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन मिनर्वा के स्टार्स अपने आप को इसके लिए पूरी तरह से तैयार कर चुके हैं। मिनर्वा के संदेश झिंगन, अनवर अली, जैक्सन सिंह, अनिरुद्ध थापा और मनवीर सिंह ने इससे पहले किंग्स कप में हिस्सा लिया था। वे ईराक के खिलाफ खेले और रिकॉर्ड बुक में नाम दर्ज कराया। वे इस बार

मर्डेका कप में हिस्सा लेंगे और 5 की जगह मिनर्वा के 6 स्टार्स भारतीय टीम को मजबूती देंगे।

भारत के डिफेंस में अनवर अली का प्रदर्शन शानदार रहा है। वे गोल बचाने के साथ गोल करने में भी माहिर हैं। उनकी टेक्नीक ने सभी को प्रभावित किया है। उन्हें डिफेंस में संदेश झिंगन का भी साथ मिलेगा। वे पिछले काफी समय से भारतीय टीम की दीवार बनकर गोल बचा रहे हैं। उन्हें बेस्ट डिफेंडर माना जाता है। वहीं, अनिरुद्ध थापा ने नेशनल टीम में डेब्यू के बाद से ही मिड फील्ड को मजबूत किया है। वे होनहार प्लेयर हैं और अपने स्किल्स ने उन्होंने सभी को प्रभावित किया है। इसके अलावा जैक्सन सिंह भी उनके साथ मिडफील्ड एरिया में मौजूद होंगे। वे डिफेंसिव मिडफील्डर के तौर पर मैदान पर होंगे। फॉरवर्ड लाइन में मिनर्वा के मनवीर सिंह और विक्रम प्रताप सिंह मौजूद होंगे। वे भारतीय टीम की ओर से लगातार गोल करते आ रहे हैं। उन्हें भारत की गोल मशीन कहा जाता है।

ओलिंपिक में क्रिकेट को शामिल करने का प्रस्ताव मंजूर

वोटिंग के बाद तय होगा 2028 में खेल को रखना है या नहीं

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी ने लॉस एंजिलिस ओलिंपिक 2028 में क्रिकेट को भी शामिल करने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है।

इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी ने शुक्रवार को मुंबई में अपनी एग्जीक्यूटिव बोर्ड मीटिंग में यह निर्णय लिया। इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी के अध्यक्ष थॉमस बाक ने कहा- अधिकारियों ने लॉस एंजिलिस ओलिंपिक आयोजकों के क्रिकेट को पांच नए खेलों में से एक में शामिल करने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। लेकिन सभी नए खेलों को 2028 खेलों में शामिल करने के फैसले से पहले इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी सदस्य वोटिंग करेंगे, जो 14 से 16 अक्टूबर तक मुंबई में होगी। 5 खेलों में बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, स्क्वैश और लैक्रोस के साथ क्रिकेट के T-20 फॉर्मेट को चुना गया है।

चोट की चिंताओं के बीच फॉर्म में नजर आए मेसी

ब्यूनस आयर्स, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। लियोनल मेसी ने विश्व कप क्वालीफायर में अर्जेंटीना की परागवे पर 1-0 की घरेलू जीत में दूसरे हाफ में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद अपनी फिटनेस को लेकर चिंताओं को दूर किया। मेसी, जो इन दिनों मांसपेशियों की समस्या से उबरने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वह दक्षिण अमेरिकी जोन 2026 विश्व कप क्वालीफायर में 53वें मिनट में जूलियन अल्वारेज के सबस्टिट्यूट के रूप में मैदान में आए। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 36 वर्षीय इंटर मियामी फॉरवर्ड ने अंतिम 20 मिनट में दो बार वुडवर्क पर हमला कर तत्काल प्रभाव डाला। इस दौरान टीम ने परागवे पर 1-0 से घरेलू जीत दर्ज की। मेसी ने कहा, मुझे अच्छा लग रहा है। मैं इतनी देर खेलने में सक्षम था, ये मौका मुझे लंबे समय के बाद मिला। मैं इस तरह महसूस करना जारी रखने के लिए जितना संभव हो सके प्रशिक्षण लेना चाहता हूं। मौजूदा विश्व चैंपियन अब अपना ध्यान मंगलवार को लीमा में पेरू के खिलाफ अपने अगले क्वालीफायर पर लगाएंगे।

भारत के खिलाफ 0-7 स्कोर पर बोले बाबर

रिकॉर्ड बनते हैं टूटने के लिए, फॉर्म की टेंशन नहीं; गाजा पर सवाल टाल गए

अहमदाबाद, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने वनडे वर्ल्ड कप में अब तक भारत के खिलाफ सभी सात मैचों में मिली हार पर कहा कि रिकॉर्ड बनते ही हैं टूटने के लिए। शनिवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने जा रहे भारत-पाकिस्तान महामुकाबले से पहले बाबर ने अपनी फॉर्म, तैयारी और रणनीति पर बात की, हालांकि वे रिजवान के गाजा को सपोर्ट करने का सवाल टाल गए।

बाबर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- वर्ल्ड कप में दोनों टीमों के बीच अब तक जो हुआ है वह ज्यादा मायने नहीं रखता है। हमारी टीम तैयार है। हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। बाबर आगे बोले- मैं अपनी बात करूं तो, मैं बीती बातों के बारे में ज्यादा सोचता नहीं हूं और जो आने वाला है उसमें फोकस करता हूं। जहां तक इस रिकॉर्ड की बात है, तो रिकॉर्ड बनते ही हैं टूटने के लिए। हम भी यह रिकॉर्ड तोड़ने का प्रयास करेंगे। मुझे लगता है कि हम अच्छा कर सकते हैं। भारत-पाकिस्तान मैच जोरदार है। बड़ी संख्या में फैंस आ रहे हैं।

गाजा के सवाल पर कहा-कुछ नहीं बोलूंगा

बाबर से इजराइल के गाजा अटैक पर सवाल किया गया, तो वे सवाल टालते हुए कहा- 'हमें केवल क्रिकेट पर बात करनी चाहिए। जब बाबर से रिजवान की पोस्ट पर प्रतिक्रिया मांगी गई तो पाकिस्तानी कप्तान ने कहा कि आप इसे दूसरी ओर ले जा रहे हैं, मैं इस मामले में कुछ नहीं बोलूंगा।'

खराब फॉर्म को स्वीकारा-अभी तक खास नहीं कर पाया

बाबर से जब उनकी खुद की फॉर्म पर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा है कि वर्ल्ड कप में हैं अब तक खास प्रदर्शन नहीं कर सका हूं। उम्मीद करता हूं कि आगे कुछ बेहतर पारियां खेल सकूं। बता दें कि बाबर वर्ल्ड कप के शुरुआती दो मुकाबलों में महज 15 रन ही बना सके हैं। तेज गेंदबाज नसीम शाह की चोट बाबर आजम ने कहा- 'हमें नसीम शाह की कमी खलेगी। शाहीन अफरीदी हमारा बेस्ट गेंदबाज है। हम उस पर भरोसा करते हैं और वह भी खुद पर भरोसा करता है।' जब बाबर से गेम प्रेशर के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा- 'यह हमारे लिए दबाव वाला मैच नहीं है। हमने कई बार एक-दूसरे के साथ खेला है। हमें हैदराबाद में बहुत समर्थन मिला और हम अहमदाबाद के लिए भी ऐसी ही उम्मीद करते हैं।'

फील्डिंग पर कहा-टीम की फील्डिंग अप-टु-मार्क

पाकिस्तानी टीम के अहम मौकों पर कैच छोड़ने के सवाल पर बाबर ने कहा कि टीम की फील्डिंग अप-टु-मार्क है और हम अच्छा कर रहे हैं। भारत और पाकिस्तान ने अपने-अपने वर्ल्ड कप अभियान का शानदार आगाज किया है। दोनों ने शुरुआती दो मुकाबले जीत लिए हैं।



Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.